सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

03.11.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 112




06 पर्यावरण से जुड़ी समस्या से प्रभावित दुनिया

## न्यूज डायरी

### समन गैरकानूनी, तुरंत वापस ले इडी : केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को पूछताछ के लिए इडी नहीं पहुंचे। उन्होंने इडी को एक पत्र लिखकर कहा कि समन गैरकानूनी है। अत: शीघ्र वापस लें। समन गैर कानूनी और राजनीति से प्रेरित है। यह भाजपा के कहने पर भेजा है।

### दो बालू कारोबारियों के ठिकानों पर इडी का छापा

**धनबाद।** इडी ने बिहार से जुड़े एक मामले में धनबाद के दो बालू कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा है। गुरुवार सुबह ही धैया स्थित दो बालू कारोबारियों के ठिकानों पर इडी ने रेड किया। धैया के चनचनी कॉलोनी में बालू कारोबारी मिथिलेश सिंह का आवास और कार्यालय शामिल है।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# लंका दहन कर सेफा में भारत

## वर्ल्ड कप : श्रीलंका 55 रन पर ढेर, 302 रन से विशाल जीत, शमी को 5 विकेट

**एजेंसी**

**मुंबई।** श्रीलंका को 302 रन से मात दे कर टीम इंडिया आइसीसी वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गयी। श्रीलंका की टीम 358 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.4 ओवर में मात्र 55 रन पर ढेर हो गयी। भारत के स्टार गेंदबाज मो शमी ने 18 रन देकर 5 विकेट झटके। सिराज को तीन विकेट मिले। मेहमान टीम के 5 बैटर खाता भी नहीं खोल सके। इससे पहले भारत ने शुबमन गिल, विराट कोहली और अय्यर की तूफानी पारियों की बदौलत 357 रन का स्कोर खड़ा किया था। अय्यर ने टूर्नामेंट का सबसे लंबा (106 मीटर) छक्का लगाया। भारत प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गया है।




**कोहली, गिल, अय्यर शतक से चूके :** शुबमन गिल (92), विराट कोहली (88) और श्रेयस अय्यर (82) शतक से चूक गये। गुरुवार को वानखेडे स्टेडियम में टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 357 रन बनाये। कप्तान रोहित शर्मा (4) का बल्ला घरेलू मैदान पर शांत रहा। वह पारी की दूसरी गेंद पर ही मदुशंका को अपना विकेट थमा बैठे। जवाब में श्रीलंका की टीम 55 रन पर ही सिमट गयी। (शेष पेज 11 पर)

### मोहम्मद शमी के नाम सर्वाधिक विकेट

मोहम्मद शमी ने श्रीलंका के खिलाफ वर्ल्ड कप के मैच में गुरुवार को एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह वर्ल्ड कप क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गये। उन्होंने पूर्व दिग्गज जहीर खान और जवागल श्रीनाथ का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने केवल 14 मैच में 44 विकेट के उन दोनों के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। जहीर खान ने 23 और जवागल श्रीनाथ ने 34 मैच में यह कारनामा किया था।

# सलीमा टेटे के दो गोल से भारत ने कोरिया को रौंदा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड एशियन वीमेंस चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें दिन भारत ने गुरुवार को लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोरिया को 5-0 से हरा दिया। फर्स्ट हाफ का खेल खत्म होने तक झारखंडी खिलाड़ी सलीमा टेटे के गोल से भारत 1-0 से आगे था। तीसरे क्वार्टर में भारत की ओर से फिर सलीमा और नवनीत कौर ने लगातार दो गोल दाग कर 3-0 की बढ़ ले ली। वंदना कटारिया नें 49वें मिनट में चौथा गोल दागा। भारत की ओर से नेहा ने 60वें मिनट में पांचवां गोल किया। एशियन हॉकी चैंपियनशिप के लीग का यह आखिरी मैच था।

**आज से सेमीफाइनल मुकाबले :** चैंपियंस ट्राफी में शुक्रवार से सेमीफाइनल के मुकाबले शुरू होंगे। भारतीय टीम ने लीग के सभी मैच शानदार तरीके से जीते हैं। भारत और कोरिया दोनों ने चार-चार मैच खेले हैं। भारत ने सभी चार मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि कोरिया दो ही मैचों में जीत हासिल कर पायी है। जहां तक गोल की बात है तो भारत ने अबतक इस ट्रॉफी में 16 गोल किये हैं, जबकि उसके खिलाफ 3 गोल हुए है। वहीं कोरिया ने अब तक 5 गोल किया हैऔर इतने ही गोल खाया है।

चैंपियंस ट्रॉफी : पांचवां मैच 5-0 से जीता



# रिम्स हॉस्टल में मिला शव तमिलनाडु के डॉ मदन का

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- सेकंड ईयर का छात्र था मदन, सभी पहलुओं की जांच में जुटी पुलिस



**रांची।** राज्य के सबसे बडा अस्पताल रिम्स के हॉस्टल नंबर 5 से बरामद जले शव की पहचान कर ली गयी है। बरामद शव तमिलनाडु के रहने वाले डॉक्टर मदन का है। डॉ मदन रिम्स के फॉरेंसिक एंड मेडिसिन डिपार्टमेंट के सेकंड इयर के छात्र थे। डॉ मदन ने आत्महत्या की है या फिर किसी साजिश के शिकार हुए हैं, पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। डॉ मदन के कमरे से उनके मोबाइल और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जांच के लिए पुलिस के द्वारा जब्त कर लिये हैं। मौत की सूचना तमिलनाडु में रहने वाले उनके माता-पिता को दे दी गई है। पुलिस डॉक्टर मदन के दोस्तों से भी पूछताछ कर रही है ताकि उनके डिप्रेशन में रहने या फिर किसी से दुश्मनी होने की बात का पता चल सके। (शेष पेज 11 पर)

## सीएम ने कहा- नवनियुक्त पशु चिकित्सक ईमानदारी से सेवा करें

# जो काम पहले होने चाहिए थे, अब कर रहे हैं : हेमंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में नवनियुक्त 66 पशु चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। नवनियुक्त पशु चिकित्सकों से सीएम ने अपील की कि वे पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपनी सेवा दें। उन्होंने कहा कि झारखंड में अब उनकी सरकार लगातार नियुक्तियां हो रही है।

युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड गठन के वक्त ही जो कार्य होना चाहिए था, तब की सरकारों ने इस पर ध्यान ही नहीं दिया। अब जा कर उनकी सरकार सब काम कर रही है।



(शेष पेज 11 पर)

## यह मोदी की गारंटी है, एक भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा

# जिसने भी जहां जो लूटा है, सब लौटाना ही होगा

- भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई पूरी ताकत से रहेगी जारी



**कांकेर, छत्तीसगढ़ (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने कहा है कि चोर लुटेरों के भ्रष्टाचार को रोकने और उनपर कार्रवाई के लिए लोगों ने उन्हें सत्ता में बिठाया है और यह काम वह पूरी ताकत से कर रहे हैं। कोई कुछ भी कर ले, लेकिन वह यह काम कतई रोकने वाले नहीं हैं। श्री मोदी गुरुवार को यहां एक चुनावी सभा में बोल रहे थे। कहा कि छत्तीसगढ़ हो या कोई राज्य, कहीं भी जिसने लोगों को लूटा है, उसे सब कुछ लौटाना पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है कि एक भी बचने वाला नहीं है। उन्होंने भीड़ से अपनी चिरपरिचित शैली में पूछा कि चोर लुटेरों को ठीक करना चाहिए कि नहीं...। कहा- गरीबों का पैसा लूटने वालों को वापस करना ही होगा। (शेष पेज 11 पर)




## खबर एक नजर में

### बिरसा मुंडा के वंशज कान्हू मुंडा का रिम्स में हुआ इलाज

**रांची।** धरती आबा बिरसा मुंडा के वंशज कान्हू मुंडा के आंख का इलाज गुरुवार को रिम्स में किया गया। उनके भाई सुखराम मुंडा ने बताया कि खूंटी उपायुक्त के निर्देश पर कान्हू मुंडा को सदर अस्पताल से एंबुलेंस बरियातू स्थित रिम्स में भर्ती कराया गया। रिम्स के डाक्टरों ने उनके आंख की जांच की। इलाज के बाद उन्हें वापस उलीहातू भेज दिया गया। कान्हू मुंडा आंख और पेट दर्द से परेशान हैं। इसकी जानकारी खूंटी उपायुक्त कार्यालय को दी गयी थी। उसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए दोपहर में रिम्स लाया गया। बताते चलें कि कान्हू मुंडा पिछले 6 महीने से बीमार चल रहे हैं।

### गवर्नर से मिला पसमांदा मुस्लिम यूनाइटेड काउंसिल का डेलिगेशन



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को पसमांदा मुस्लिम यूनाइटेड काउंसिल भारत का एक शिष्टमंडल संस्था के अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की। मौके पर उन्होंने राज्यपाल को पसमांदा मुस्लिम समुदाय की समस्याओं से अवगत कराया।

### झारखंड की हॉकी खिलाड़ी रोपनी कुमारी को रेलवे ने दी नौकरी का ऑफर

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची अब नई हॉकी खिलाड़ी और जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य झारखंड की रोपनी कुमारी को अपने यहां नौकरी का ऑफर किया है। रोपनी अभी जूनियर वर्ल्ड कप के लिए बेंगलुरु में चल रहे भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप में शामिल है। उन्हें दक्षिण पूर्व रेलवे रांची में नौकरी का ऑफर दिया है। हॉकी झारखंड के मनोज कोनबेगी ने इसे प्रशंसनीय बताया है और कहा कि यह किसी भी खिलाड़ी के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इससे उनका मनोबल बढ़ेगा। किसी बड़े प्रतियोगिता हॉकी कैंप से पहले इस तरह का ऑफर आने से खिलाड़ी को अपने भविष्य के लिए निश्चितता दिखती है। काफी मनोबल बढ़ता है। इसका जरूर लाभ मिलेगा। इसके लिए वे हॉकी झारखंड की ओर से रांची रेलवे के डीआरएम एवं अन्य पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हैं। विगत चार-पांच वर्षों में झारखंड के आधा दर्जन से अधिक महिला हॉकी खिलाड़ियों को रांची रेलवे की ओर से नौकरी दी गई है।

### छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित



**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में गुरुवार को चेशायर होम रोड के एक एकड़ जमीन समेत अन्य जमीन फजीवाड़ा कर उस राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। सुनवाई पूरी होने के प॰ात अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना आदेश शुक्रवार को सुनायेगी। उन्होंने जमानत की गुहार लगाते हुए 16 अक्तूबर को अर्जी दाखिल की है। इसी मामले में बिल्डर विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी अदालत ने पूर्व में खारिज कर चुकी है। छवि रंजन जमीन फजीवाड़े के दो केस में आरोपी हैं। छवि रंजन सेना की कब्जे वाली 4ण्55 एकड़ जमीन फजीवाड़े में चार मई से जेल में हैं। इस मामले में जमानत नहीं मिली है।

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी एसआईटी की एक्शन टेकन रिपोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भू माफियाओं द्वारा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री वालों को तोड़े जाने मामले में कोर्ट के स्वत संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट ने भू माफियाओं द्वारा जमीन कब्जा से संबंधित मामले राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी की एक्शन टेकन रिपोर्ट सरकार से मांगी है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि एसआईटी ने भूमाफियाओं के खिलाफ अब तक क्या-क्या कार्रवाई की है। मामले की अगली सुनवाई 4 दिसंबर को होगी।

दरअसल, 25 जून को चर्च रोड के विक्रांत चौक (डॉक्टर फतेहउल्लाह रोड ) के सामने स्थित सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री वॉल को भूमाफियाओ ने तोड़ दिया था। हालांकि वहां तैनात गार्डो ने बाद में भू माफियाओं को वहां से खदेड़ दिया था। बताया गया था कि बाउंड्री वॉल तोड़कर वह लोग वहां गेट लगाने की तैयारी में थे, बाद में पुलिस की देखरेख में बाउंड्रीवाल को ठीक किया गया।

**धनबाद एसएसपी से भी मांगी लॉ एंड ऑर्डर की जानकारी**

हाईकोर्ट ने हाल के दिनों में धनबाद में लॉ एंड ऑर्डर की खराब स्थिति के मद्देनजर धनबाद एसएसपी से भी दो सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

## झारखंड जनहित याचिका नियम को दी गई चुनौती, हाईकोर्ट में याचिका दाखिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हाईकोर्ट में याचिका दायर कर झारखंड हाईकोर्ट जनहित याचिका नियम 2010 की पांच धाराओं को चुनौती दी गई है। इस संबंध में प्रार्थी मंटू सोनी की ओर से याचिका दायर की गई है। उन्होंने अधिवक्ता अभिषेक कृष्ण गुप्ता को अपना वकील नियुक्त किया है। याचिका में झारखंड जनहित याचिका नियम 2010 की पांच धाराओं को असंवैधानिक बताया गया है। उन्होंने याचिका में कहा है कि हाईकोर्ट की जनहित याचिका नियम से संबंधित प्रावधान अस्पष्ट है, जिसकी वजह से संबंधित पक्षों को याचिका प्रभावित करने के लिए संवैधानिक मूल्य प्रभावित होते हैं। याचिका में झारखंड सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ लॉ के सेक्रेट्री और झारखंड हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को प्रतिवादी बनाया गया है। याचिका में मुख्य रूप से जनहित याचिका नियम 2010 की धारा चार, पांच, सात और नौ में उल्लेखित क्रिडेंसियल्स शब्द की अस्पष्टता और व्याख्या के अलावे सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2013 में जनहित याचिका के लिए बनाए नियमों में स्पष्टता है। इन बिंदुओं को लेकर हाईकोर्ट के जनहित याचिका के नियम की धाराओं को चुनौती दी गई है।

**नियमावली में आपराधिक विवरण देने का स्पष्ट निर्देश है**

झारखंड हाईकोट के जनहित याचिका नियम 2010 के धारा 5 में याचिकाकर्ता पर सिविल या क्रिमिनल मुकदमों का स्पष्ट रूप से विवरण देना अनिवार्य नहीं बताया गया है, जबकि सुप्रीम कोर्ट की जनहित नियमावली में स्पष्ट किया गया है कि याचिकाकर्ता पर किसी भी नागरिक, आपराधिक या राजस्व मुकदमे से संबंधित विवरण, जिसका जनहित याचिका में शामिल मुद्दों के साथ कानूनी संबंध हो या आगे हो सकता है। इसका विवरण देना स्पष्ट रूप से अनिवार्य किया गया है।

**इन धाराओं को दी गई है चुनौती**

याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका से संबंधित प्रावधान में यह स्पष्ट किया है कि जनहित याचिका के आवेदक को किन-किन बिंदुओं पर स्पष्ट जानकारी देनी है। लेकिन झारखंड हाईकोर्ट के जनहित याचिका नियम की धाराओं में अस्पष्टता है। जिससे आवेदकों में भ्रम की स्थिती उत्पन्न हो जाती है और संवैधानिक मूल अधिकार भी प्रभावित होते हैं।

## लोकायुक्त की नियुक्ति का रास्ता साफ, अब भ्रष्टाचार के मामलों पर होगी सुनवाई

### अमर बाउरी के नेता प्रतिपक्ष बनने से लोकायुक्त की बहाली संभव

उदय चौहान

**रांची।** अमर बाउरी के नेता प्रतिपक्ष चुने जाने के बाद लोकायुक्त पद पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। अब, भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों पर सुनवाई संभव हो सकेगा। पिछले लगभग ढाई साल से लोकायुक्त का पद रिक्त है। इसके कारण 2500 से अधिक मुकदमों की सुनवाई पूरी तरह से प्रभावित है। मामलों में सिर्फ तारीख पर तारीख बैठाकर फाइल को बंद किया जा रहा है। लोकायुक्त का पद जून 2021 से रिक्त है। हालांकि पद रिक्त रहने के बावजूद यहां लोग भ्रष्टाचार से जुड़ी अपनी शिकायतें लेकर पहुंच रहे है। साथ ही, शिकायतवाद दर्ज करवा रहे हैं।



वहीं जिन्होंने पूर्व में शिकायतवाद दर्ज करवा हैए वैसे फरियादी अपनी शिकायतों की सुनवाई का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। कई फरियादी तो समय.समय पर सुनवाई की जानकारी लेने भी लोकायुक्त कार्यालय पहुंचते हैं। जहां से उनको निराशा ही मिलती है। राज्य भर से इस साल 10 महीने में लगभग 160 भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतें पहुंची है। यह संख्या पद रहने से काफी कम है। 2019 में कुल 1025, 2020 में 777, 2021 में 644 एवं 2022 में 388 भ्रष्टाचार की शिकायतें पहुंची थी। भ्रष्टाचार एवं वित्तीय अनियमितता की शिकायतें लगभग सभी विभागों से मिल रही है। सबसे अधिक राजस्व विभाग की शिकायतें मिली है। दूसरे नंबर पर ग्रामीण विकास विभाग है। इसमें जमीन की गलत ढंग से दाखिल खारिजए रैयती जमीन को फर्जी दस्तावेज पर जमाबंदी करने जैसी शिकायतें शामिल है।

झारखंड सरकार के तंत्र में भ्रष्टाचार, कदाचार एवं निष्क्रियता से निपटने के लिए लोकायुक्त कार्यालय की स्थापना की गयी है। ताकि आम व्यक्ति का विश्वास एवं आस्था राज्य प्रशासन में कायम रह सके। झारखंड लोकायुक्त का पद 29 जून 2021 से रिक्त पड़ा हुआ है। तत्कालीन लोकायुक्त जस्टिस डीएन उपाध्याय के आकस्मिक निधन के बाद से ही यह खाली है। लोकायुक्त का पद खाली हुये 27 वां माह गुजर रहा है। कार्यालय में किसी प्रकार का कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। हालांकि अधिकारी व कर्मचारी प्रतिदिन समय पर कार्यालय आते है तथा कार्यालय अवधि समाप्त होने पर घर लौट जाते हैं। वेतन की निकासी भी होती है। कार्यालय कर्मी लोकायुक्त की नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं।

## विश्वविद्यालयों को इतिहास विषय में मिले 28 असिस्टेंट प्रोफेसर

**जेपीएससी में पांच साल पहले आई थी लेक्चरर की वैकेंसी, इंटरव्यू के एक दिन बाद आया रिजल्ट**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा विभिन्न विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर (लेक्चरर) के पदों नियुक्ति के लिए पिछले पांच साल से प्रक्रिया चल रही है। इतिहास विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर के 28 पदों के लिए 30 और 31 अक्टूबर को आयोग कार्यालय में साक्षात्कार का आयोजन हुआ था। इंटरव्यू के एक दिन बाद यानि एक नवंबर को रिजल्ट घोषित करते हुए चचनित अभ्यर्थियों की लिस्ट जारी कर दी गई है। यानि राज्य के दो विश्वविद्यानयों कोल्हान यूनिवर्सिटी चाइबासा और नीलांबर-पीतांबर विवि को इतिहास विषय में 28 नए असिस्टेंट प्रोफेसर मिल गए हैं।

**अभ्यर्थियों ने दिया था पावर प्रजेंटेशन**

इतिहास विषय में साक्षात्कार के लिए आमंत्रित अभ्यर्थी पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से टीचिंग अनुभव विशेषज्ञों के समक्ष बताया था। 10 स्लाइड से अपने शैक्षणिक अनुभव और पढ़ाने की कला विशेषज्ञों के समक्ष शेयर किया था।

बताते चलें कि साक्षात्कार के लिए कुल 82 अभ्यर्थियों को आयोग कार्यालय में आमंत्रित किया गया था। बताते चलें कि जेपीएससी द्वारा वर्ष 1018 में विभिन्न विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। अभी भी कई विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए इंटरव्यू का आयोजन नहीं हुआ है।

### छत्तीसगढ़ के कुनकुरी में बाबूलाल मरांडी ने किया चुनाव प्रचार, कहा

## विकास विरोधी कांग्रेस सरकार को हटायें, भाजपा को जितायें

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गुरूवार से छत्तीसगढ़ में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार में जुट गये है। श्री मरांडी ने कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विष्णुदेव साय के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता विकास विरोधी है। कांग्रेस को जनता की सेवा, गांव, गरीब, किसान की सेवा से कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस पार्टी आदिवासियों,दलितों, पिछड़ों के नाम पर वोट लेना जानती है।

उन्होंने कहा कि देश में लगभग 60 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने सत्ता संभाली। लेकिन अलग छत्तीसगढ़ राज्य अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार ने ही दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में हम केवल प्रत्याशी को वोट देकर अपना विधायक ही नही चुनते बल्कि अपना भविष्य भी निर्धारित करते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे हम अपने दैनिक जीवन में उपयोग की वस्तु चाहे कपड़ा हो या अनाज हो या सब्जी ही क्यों नहीं पूरा जांच परख कर लेते हैं। फिर अपना जन प्रतिनिधि हम सब क्यों ऐसे ही चुने। हमें उसकी भी जांच करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि कौन जन प्रतिनिधि राज्य का एदेश का और अपने क्षेत्र का समुचित विकास कर सकता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारों का रिकॉर्ड विकास और केवल विकास है ।इसलिये भाजपा प्रत्याशी को जीताकर छत्तीसगढ़ में मजबूत सरकार बनायें। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी, गांव, गरीब, किसान को समर्पित योजनाओं को धरातल पर उतारने केलिये भाजपा की सरकार प्रदेश में भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा तुष्टिकरण में नही बल्कि सबका साथ सबका विकास में विश्वास करती है। जनसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ अरुण उरांव भी उपस्थित थे।

## समास्याओं को लेकर आपूर्ति पदाधिकारी के साथ एसएफसी मजदूरों की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** एसएफसी मोटिया मजदूरों से जुड़ी समास्याओं को लेकर मोटिया मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी की मौजूदगी में मोटिया मजदूरों की बैठक गिरिडीह जिला के जिला आपूर्ति कार्यालय में हुई। बैठक में खाद्य निगम के जिला आपूर्ति पदाधिकारी के साथ कई प्रखंड के डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदार भी उपस्थित थे। इस दौरान यूनियन के द्वारा डीएसओ साहब को एक मेमोरेंडम दिया गया। जिसमें सरकार के द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी सभी प्रखंड में देने की मांग की गई थी।

आमने-सामने की बैठक में डीएसओ ने बहुत ही सरलता से यह बात माना की सरकार के द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी मजदूरों को मिलना चाहिए। उन्होंने सभी मजदूरों के समक्ष यह स्पष्ट किया कि आप लोगों को न्यूनतम मजदूरी के अलावे जो भी मूलभूत सुविधा होगी वह मैं उपलब्ध कराऊंगा। वहीं प्रत्येक प्रखंड के प्रत्येक मजदूरों को एक ड्रेस कोड दिया जाएगा, जिसमें गोदाम का नाम और एसएफसी अंकित किया रहेगा ताकि यह पहचान हो सके की मजदूर किस गोदाम से है।

इस बैठक में कई प्रखंड के डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदार उपस्थित नहीं थे। इसलिए डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदारों द्वारा अनुरोध किया गया कि अगली बैठक का एक समय सुनिश्चित किया जाए जिसमें सभी डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदार उपस्थित रहेंगे। इस समझौते के तहत अगली बैठक छठ पर्व के प॰ात समय निर्धारित कर रखने की बात कही गयी ताकी जीतनी भी समस्या मजदूरों की है उसका समाधान हो सके। बैठक की सफलता के लिए मजदूरों ने डीएसओ के प्रति अभार प्रकट किया।

### महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सह प्रभारी बने मणिकांत सिंह



**रांची।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास के द्वारा राहुल गांधी की महत्वाकांक्षी परियोजना यंग इंडिया के बोल (सीजन 4) के लिए कॉर्डिनेटर और प्रभारियों की नियुक्ति की गई। इसके तहत झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रवक्ता मणिकांत सिंह को महाराष्ट्र का सह प्रभारी बनाया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के मिलने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल, युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, पलामू जिलाध्यक्ष बिप्टू पाठक, युवा जिलाध्यक्ष मुन्ना खान इत्यादि ने बधाई दी हैं।

## हेमन्त सरकार संवेदनहीन और अमानवीय सोच वाली : आदित्य साहू

**भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने गुरूवार को चांडिल डैम के विस्थापितों से मुलाकात कर उनकी मांगों को सुना और समर्थन देने की बात कही**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने गुरूवार को चांडिल डैम के विस्थापितों से मुलाकात कर उनकी मांगों को सुना और समर्थन देने की बात कही। दरअसल, चांडिल डैम के विस्थापित राजभवन के समक्ष आमरण अनशन कर रहे हैं। इसमे बुजुर्ग और महिलायें भी शामिल हैं। श्री साहू ने कहा कि भाजपा विस्थापितों के संघर्ष में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार संवेदनहीन सरकार है। आमरण अनशन स्थल से मुख्यमंत्री और मंत्री का आवास काफी नजदीक है। लेकिन, भूख- प्यास के साथ बैठे अनशन कारियों से आज तक राज्य सरकार का कोई प्रतिनिधि मुलाकात तक करने नही आया। मांगो की पूर्ति तो दूर की बात है। उन्होंने कहा कि आज 6अनशनकारियों को अस्पताल में भर्ती कराने की नौबत आ गई। फिर भी निकम्मी राज्य सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार अमानवीय सोच वाली बताया है। इसके आमरण अनशन स्थल की बिजली तक कटवा दी गयी। रात के अंधेरे में लोग अनशन पर बैठने को मजबूर हैं। शौचालय वैन की भी व्यवस्था को सरकार ने नहीं किया है। जबकि पूरी तरह सूचना करके लोगों ने अनशन प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा कि 84 मौजा का 116 गांव विस्थापन की चपेट में है। जिसमे लोगों को विस्थापित पुस्तिका तो उपलब्ध कराई गई है। लेकिन,अबतक 9गांव का ही पुनर्वास किया गया। उन्होंने कहा कि जिनका पुनर्वास हुआ, उन्हे जमीन का पप्ता नही मिलने से उन्हें किसी प्रकार का स्थानीय प्रमाण पत्र नही बन पता है। क्योंकि खतियान ही उनका निर्धारित नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इसपर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए मानवीय संवेदना के साथ समस्या के समाधान की पहल करनी चाहिये। उन्होंने मौके पर राजभवन में राज्यपाल के कार्यालय में बात कर अनशनकारियों को मिलने के लिये समय निर्धारित करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर हेमंत दास, शिवपूजन, केके गुप्ता, बलराम सिंह, मनोज सिंह आदि उपस्थित थे।

## जदयू का कोल्हान प्रमंडलीय सममेलन आज

रांची। जनता दल यूनाइटेड झारखंड में अपने संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी के तहत तीन दिसंबर शुक्रवार को कोल्हान में प्रमंडलीय सम्मेलन आहूत की गयी है। इस सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह, झारखंड प्रभारी व बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी, सह प्रभारी व विधान परिषद सदस्य विजय सिंह, बिहार विधानसभा के सदस्य मनोज यादव, प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरु महतो मौजूद रहेंगे।

**प्रमंडलीय सम्मेलन में जुटेंगे 25 हजार कार्यकर्ता**

प्रमंडलीय सम्मेलन से एक दिन पूर्व जदयू के कोल्हान प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया है कि सम्मेलन में 25 हजार सदस्यों की भागीदारी होगी। जिसकी तैयारी में पार्टी के कार्यकर्ता जुटे हैं। उन्होंने कार्यकताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरे जोश के साथ जुट जाने का निर्देश दिया है।

### वित्त मंत्री से मिला संयुक्त शिक्षक मोर्चा का शिष्टमंडल



**रांची।** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा का शिष्टमंडल मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद एवं विजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में गुरूवार को राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उराँव से मिलकर राज्य के शिक्षकों के विभिन्न लंबित वित्तीय मामलों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। मोर्चा ने वित्त मंत्री से केंद्र सरकार द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को दीपावली बोनस देने के तर्ज. पर राज्य कर्मियों को भी बोनस देने की मांग रखी गई। ज्ञात हो कि झारखंड गठन के पूर्व राज्य के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बोनस मिलता रहा है। शिष्टमंडल में मोर्चा के संयोजक अमीन अहमद, विजय बहादुर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास, आशुतोष कुमार सहित सुमेश कुमार मिश्रा, मो० फखरूद्दीन, राकेश कुमार श्रीवास्तव, ओम प्रकाश मिश्रा, अजय कुमार मुख्यरूप से शामिल थे।

## अबुआ बीर दिशोम अभियान देगा जरूरतमंदों को उनका वनाधिकार

**आदिवासी और वनों पर निर्भर रहने वाले लोगों को व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन वनाधिकार पट्टा मुहैया कराया जायेगा**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर अबुआ बीर दिशोम अभियान का शुभारंभ 06 नवंबर 2023 से होगा। इसके तहत राज्य में पहली बार एक व्यापक अभियान के अन्तर्गत आदिवासी और वनों पर निर्भर रहने वाले लोगों को व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन वनाधिकार पट्टा मुहैया कराया जायेगा। ज्ञात हो कि माहात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राज्य के 30 हजार से अधिक ग्राम सभाओं ने भाग लिया। जल, जंगल और जमीन तथा इसके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने हेतु शपथ लिया।

**प्रथम चरण में दिसंबर तक अभियान**

वन अधिकार अधिनियम 2006 के द्वारा दिये गये अधिकार का उपयोग करते हुए 03 अक्टूबर 2023 से 18 अक्टूबर 2023 तक ग्राम, अनुमण्डल एवं जिला स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन-पुनर्गठन किया गया है। यह समिति वन पर निर्भर लोगों और समुदायों को वनाधिकार पप्ता दिये जाने के लिये उनके दावा पर नियमानुसार अनुशंसा करेगी। साथ ही, अबुआ बीर दिशोम आभियान के सफल क्रियान्वयन के लिये मोबाईल एप्लीकेशन एवं वेबसाईट भी तैयार की गयी है। इसके आदिवासी और वनों पर निर्भर रहने वाले लोगों को व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन वनाधिकार पप्ता मुहैया कराया जा सके। वन अधिकार समिति द्वारा चिन्हित लोगों को सरकार द्वारा वन पट्टा मुहैया कराने के लिये अभियान प्रथम चरण में दिसंबर 2023 तक संचालित किया जायेगा।

**अधिक से अधिक लोगों को लाभ देने का लक्ष्य**

अबुआ बीर दिशोम अभियान की शुरूआत 06 नवम्बर को एक राज्यस्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला से होगी। इसके तहत झारखंड राज्यान्तर्गत सभी जिलों के उपायुक्तों और वन प्रमण्डल पदाधिकारियों प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही, ग्राम स्तर पर वन अधिकार समिति, अनुमंडल स्तरीय समिति एवं जिला स्तरीय वनाधिकार समिति के सदस्यों को अभियान के सफल निष्पादन के लिये प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इस अभियान का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिलेए इस निमित विभिन्न माध्यमों से प्रचार.प्रसार को गति प्रदान की जायेगी।

# एनआइटी जमशेदपुर का दीक्षांत समारोह कल, राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

दो छात्र-छात्राओं को मिलेगा गोल्ड मेडल, 20 को सिल्वर मेडल

विशेष संवाददाता



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते निदेशक प्रो गौतम सूत्रधार।

**जमशेदपुर।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जमशेदपुर का 13वां दीक्षांत समारोह 4 नवंबर को दिन के 11 बजे से संस्थान के मल्टीपरपज हॉल में आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे जबकि सम्मानित अतिथि के रूप में सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड के वाइस चांसलर प्रोफेसर क्षिति भूषण दास और जेएसडब्ल्यू भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू उत्कल स्टील लिमिटेड तथा जेएसडब्ल्यू आईएसपी लिमिटेड के प्रेसिडेंट अनिल कुमार सिंह उपस्थित रहेंगे। दीक्षांत समारोह में स्वागत भाषण एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक प्रोफेसर गौतम सूत्रधार देंगे जबकि संस्था के डीन एकेडमिक डॉ सीएच मधुसुदनन राव मास्टर ऑफ सेरेमनी होंगे जबकि रजिस्ट्रार कर्नल एनके राय एकेडमिक प्रोसेशन को नेतृत्व करेंगे। इस अवसर पर संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर के सभी सदस्य और सीनेट मेंबर विशेष रूप से आमंत्रित हैं। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में डिप्टी डीन अकादमिक प्रोफेसर राम विजय शर्मा और दीक्षांत समारोह में डिग्री हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं के माता-पिता एवं पूर्ववर्ती छात्र भी उपस्थित रहेंगे। सरायकेला के डीसी और एसपी भी समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। उक्त जानकारी गौतम सूत्रधार ने संवाददाता सम्मेलन में दी। प्रो सूत्रधार ने बताया कि इस बार दीक्षांत समारोह में 42 छात्र-छात्राओं को पी.एचडी की डिग्री, 158 छात्र-छात्राओं को एम.टेक की डिग्री, 93 छात्र-छात्राओं को एमसीए तथा 84 छात्र-छात्राओं को एमएससी की डिग्री प्रदान की जाएगी। इनके साथ 663 बी टेक छात्र-छात्राओं के बीच भी डिग्री का वितरण किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में कुल 1040 छात्र-छात्राएं डिग्री हासिल करेंगे।

### इन छात्र-छात्राओं को मिलेगा सिल्वर मेडल

सिविल इंजीनियरिंग की छात्रा सृष्टि श्रावणी कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की छात्रा समीक्षा मिश्रा, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के शुभम भट्टाचार्य, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की अनामिका चौरसिया, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के सिद्धार्थ श्रीवास्तव, मेटालर्जी एंड मैटेरियल इंजीनियरिंग के शायरी चटर्जी, प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के जी नागेंद्र साईं, मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन में नीतीश कुमार को सिल्वर मेडल मिलेगा। मास्टर ऑफ साइंस के छात्र केमिस्ट्री संभाग में फिजा रशीदा खान, मैथमेटिक्स में आरोही कुमारी और फिजिक्स में मानक भट्टाचार्य जी को सिल्वर मेडल से नवाजा जाएगा। एम टेक के इन छात्रों को मिलेगा सिल्वर मेडल : जियो टेक्निकल इंजीनियरिंग के छात्र विवेक कुमार, वॉटर रिसोर्स इंजीनियरिंग के छात्र प्रशांत कुमार, स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग की छात्रा नेहा प्रिया, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की छात्रा शिल्पा एसजे, इनफॉरमेशन सिस्टम सिक्योरिटी इंजीनियरिंग के संदीप रेड्डी देवड़ा, पावर सिस्टम इंजीनियरिंग के मयंक कुमार, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड ड्राइव्स के विश्वजीत कुमार, एंबेडेड सिस्टम इंजीनियरिंग के सायन नाग और थर्मल इंजीनियरिंग के छात्र नवाज शरीफ यासीन मैगदम को सिल्वर मेडल से नवाजा जाएगा।

### शायरी चटर्जी और मानक भट्टाचार्य को मिलेगा गोल्ड मेडल

एनआइटी जमशेदपुर से मेटलर्जीकल एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग में बीटेक ऑनर्स करने वाली छात्रा शायरी चटर्जी को गोल्ड मेडल मिलेगा जबकि एमएससी फिजिक्स का कोर्स सफलतापूर्वक करने वाले मानक भट्टाचार्य को भी गोल्ड मेडल मिलेगा। गोल्ड मेडल ओवरऑल सभी विषयों में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को दिया जाता है। इसके अलावा 20 छात्र-छात्राओं को सिल्वर मेडल राजपाल के हाथों प्रदान किया जाएगा।

### 540 रिसर्च पेपर और 14 पेटेंट पेपर प्रकाशित

एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक प्रोफेसर गौतम सूत्रधार ने बताया कि दीक्षांत समारोह में डिग्री लेने वाले बैच के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ 540 रिसर्च पेपर प्रकाशित किया है जबकि 14 पेटेंट पब्लिश हुए हैं। इसके अलावा 11.1 करोड़ मूल्य वाले 85 स्पॉन्सर प्रोजेक्ट भी इन छात्र-छात्राओं ने किया है।

### 6 छात्र-छात्राओं को 83 लाख रुपये पैकेज समेत बैच को मिला बंपर प्लेसमेंट

एक सवाल के जवाब में एनआईटी के निदेशक प्रोफेसर गौतम सूत्रधार ने बताया कि एनआइटी जमशेदपुर के 919 छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट हासिल करने में सफलता मिली है। निदेशक ने बताया की 6 छात्र-छात्राओं को ऑस्ट्रेलिया की आईटी कंपनी अटलांटिशियन ने 83-83 लाख रुपए प्रति वर्ष सीटीसी पर लॉक किया है। यह पैकेज पाने वाले छात्र-छात्राओं में कंप्यूटर साइंस से आदर्श कश्यप ,सुश्री तान्या सिंह और अर्पित कुमार शामिल है जबकि इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग से शुभम कुमार, अपूर्वा सिंह और राहुल पांडेय शामिल हैं।

स्पीड न्यूज

## टाटा स्टील जमशेदपुर रन-ए-थॉन एक्सपो का आयोजन आज से

**जमशेदपुर।** जैसे जैसे टाटा स्टील जमशेदपुर रन-ए-थॉन के आठवें संस्करण के लिए तैयार हो रही है, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 3-4 नवंबर, 2023 तक एक एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। एक्सपो का उद्घाटन कल सुबह 10:00 बजे होगा। विभिन्न ब्रांड जैसे स्केचर्स, जो रन का आधिकारिक पार्टनर है, साथ ही फास्ट एंड अप, आधिकारिक एनर्जी पार्टनर सहित ऑर्गेनिक फूड्स, ग्रोट्स, रेनॉल्ट, एसडीएम मोटर वर्ल्ड (नेक्सा), यूईपीएल द्वारा स्टील डिजाइन्स , रमाडा, सा-नी-सा प्रोडक्ट्स और गार्डेनिया एक्सपो में भाग लेंगे। एक्सपो में 3-4 नवंबर को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे और दोपहर 2:30 बजे से शाम 6:30 बजे के बीच टी-शर्ट और बिब का वितरण भी किया जाएगा। एक्सपो के दौरान, एथलीटों को उन पेसर्स से भी बातचीत करने का मौका मिलेगा जो दौड़ के दौरान उनके साथ होंगे।

## टाटानगर स्टेशन पर सीटू का सार्वजनिक क्षेत्र बचाओ दिवस आज

**जमशेदपुर।** देश बचाओ-जनता बचाओ नारे के साथ सीटू और किसान सभा के बैनर तले मजदूरों और किसानों की चल रही देशव्यापी स्वतंत्र और संयुक्त गतिविधियों के तहत कल (3/11/2023) को देशव्यापी सार्वजनिक क्षेत्र बचाओ(पीएसयू बचाओ) दिवस मनाया जाएगा। इस देशव्यापी कार्यक्रम के तहत 3 नवंबर को विभिन्न रेलवे स्टेशनों के सामने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और सामान्य रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण को रोकने और विशेष रूप से रेलवे और बिजली क्षेत्रों के निजीकरण की प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की जाएगी। इस कार्यक्रम के तहत जमशेदपुर में टाटानगर रेलवे स्टेशन के सामने सुबह 9 बजे से प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में भी अलग-अलग ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन किया जायेगा।

## कपाली में युवक की हत्या छानबीन में जुटी पुलिस

**चांडिल।** गुरुवार को कपाली ओपी क्षेत्र के हांसाडुंगरी में 32 वर्षीय निर्मल मांझी की हत्या कर दिया गया है। गुरुवार की सुबह उसका शव हासाडुंगरी के पास कच्ची सड़क पर मिला है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक हांसाडुंगरी का रहने वाला था। घटना की जानकारी मिलने पर कपाली ओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। ओपी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि मृतक के शरीर के पिछले हिस्से पर जख्म के निशान मिले है। संभवतः किसी ने भरी चीज या पत्थर से उसके सिर पर मारा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही घटना से जुड़े तथ्य सामने आएंगे। ओपी प्रभारी ने बताया मृतक नशे का सेवन का भी आदि था। इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

## सरायकेला के एडीसी सुबोध कुमार का तबादला



सुबोध कुमार।

**गम्हरिया।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में सरायकेला-खरसावां के अपर उपायुक्त सुबोध कुमार का स्थानांतरण कर अगले आदेश तक संयुक्त सचिव सह संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मंत्रीमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड, रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस सम्बंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है।

# हथियाडीह में जमुना ऑटो की इकाई नहीं लगने देंगे ग्रामीण

›› उद्योग लगाने को लेकर आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता रही बेनतीजा, अड़े रहे ग्रामीण

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र के फेज सात से सटे हथियाडीह में जमुना ऑटो प्राइवेट लिमिटेड को जमीन आवंटित करने के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विरोध किए जाने के बाद गुरुवार को त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई। इस वार्ता में प्रशासनिक व जियाडा के अधिकारियों के अलावा जमुना ऑटो कंपनी के प्रबंधक समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा उक्त भूमि पर उद्योग स्थापित नहीं किए जाने को लेकर अड़ियल रुख अपनाए जाने के कारण वार्ता बेनतीजा रही।


जियाडा और कंपनी के अधिकारियों से बात करते ग्रामीण।

हथियाडीह में प्रस्तावित उद्योग की भूमि पर आयोजित वार्ता में जियाडा के अधिकारियों के साथ गम्हरिया सीओ गिरीन्द्र टूटी भी मौजूद रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि उद्योग के लिए आवंटित की गई जमीन वन विभाग की है, जिसे जबरन कंपनी को आबंटित किया गया है। ग्रामीण अपने साथ वन विभाग के नक्शा को भी लेकर आए थे।

### जियाडा ने वर्ष 2010 में वन भूमि का किया था अधिग्रहण

उद्योग लगाने के विरोध में ग्रामीणों के साथ वार्ता करने पहुंचे जियाडा के उद्योग विस्तार पदाधिकारी अनिल कुमार द्वारा बताया गया कि यह जमीन वर्ष 2010 में ही वन विभाग से हस्तांतरण प्रक्रिया पूरी कर उद्योग लगाने के लिए जियाडा को ट्रांसफर किया गया था। उसके बाद वर्ष 2017-18 में जमुना ऑटो लिमिटेड को उक्त जमीन पर उद्योग लगाने के लिए आवंटन किया गया। उन्होंने बताया कि खाली भू-खंड को ग्रामीण फुटबॉल मैदान बता रहे हैं, लेकिन वह जमीन पूर्व में ही वन विभाग से जियाडा को हस्तांतरित हो चुकी है।

### उद्योग से हजारों को रोजगार मिलेगा, 250 करोड़ का होगा निवेश

वार्ता में मौजूद जमुना ऑटो प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि कंपनी टाटा मोटर्स के ऑटो कॉम्पोनेंट पार्ट्स के निर्माण को लेकर यहां उद्योग स्थापित करेगी। उन्होंने बताया कि उद्योग में करीब 250 करोड़ का निवेश होगा जिससे स्थानीय हजारों लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। लेकिन ग्रामीण इस बात को समझ नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि फुटबॉल मैदान को विकसित कर ग्रामीणों को दिए जाने पर कंपनी राजी है, लेकिन ग्रामीण फिर भी विरोध पर अड़े हैं।

## चांडिल : दिनेश इलेक्ट्रॉनिक्स में दिवाली धमाका ऑफर




**चांडिल।** दिनेश इलेक्ट्रॉनिक्स चांडिल लेकर आया है अपने ग्राहकों के लिए दिपावली धमाका ऑफर जिसमें अपने ग्राहकों को जीरो डाउन पेमेंट एवं जिरो इंट्रेस्ट में आई फोन उपलब्ध कराया जा रहा है। दिनेश इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोपराइटर दिनेश गुप्ता ने बताया कि इसमें आई फोन 15, 15 प्लस, 15 प्रो, 15 प्रो मैक्स सामिल है। उन्होंने कहा किसी भी आई फोन की खरीदारी पर ग्राहकों को दिनेश इलेक्ट्रॉनिक्स की तरफ से आकर्षक उपहार दिया जाएगा। दिपावली एवं धनतेरस के उपलक्ष्य में एलईडी टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, इन्वर्टर, मोबाइल एवं अन्य सामान की खरीदारी पर आकर्षक छूट के साथ उपहार भी दी जा रही है।

## टाटा स्टील में गुणवत्ता माह 2023 लांच



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील नवंबर में 'टूवाड्र्स गेम्बा फोकस्ड एक्सीलेंस' थीम के साथ गुणवत्ता माह मना रही है। गुणवत्ता माह की शुरूआत आज सीईओ और एमडी ऑनलाइन के दौरान की गई। महीने के दौरान, संगठन भर में कई गतिविधियों के आयोजन की योजना बनाई गई है। थीम आधारित कर्मचारी सहभागिता गतिविधियां जैसे कार्यस्थल में सुधार लाने के लिए सुझाव अभियान, क्विज और अन्य प्रतियोगिताएं, ग्राहकों और वेंडर पार्टनर्स के साथ इंटरैक्टिव सत्र, कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि नियोजित कई गतिविधियों में से हैं। नवंबर माह को दुनिया भर में गुणवत्ता माह के रूप में मनाया जाता है। टाटा स्टील भी कर्मचारियों में गुणवत्ता सुधार की भावना जगाने के लिए इस महीने को मनाती है। इस वर्ष के गुणवत्ता माह की थीम: गेम्बा, उस स्थान पर ध्यान केंद्रित करके समस्याओं और सुधार के अवसरों की पहचान करने की कला को दशार्ता है जहां वास्तविक प्रक्रियाएं और गतिविधियां होती हैं।

## टाटा स्टील में यौन उत्पीड़न को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति : नरेंद्रन

खबर मन्त्र ब्यूरो

### एमडी ऑन लाइन में दो टूक कहा



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के एमडी एंड सीईओ टीवी नरेंद्र ने गुरुवार को दो टूक कहा कि कंपनी में सेक्सुअल हैरेसमेंट का मामला अगर आया तो आरोपी कोई भी हो किसी भी पद पर उसे बक्शा नहीं जाएगा। इस मामले में कंपनी जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन करती है। ऐसे किसी भी व्यक्ति को किसी हाल में बख्शाा नहीं जाएगा। टीवी नरेंद्रन गुरुवार को एमडी ऑनलाइन में कर्मचारियों से संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विजिलेंस अवेयरनेस वीक और क्वालिटी मौत की शुरूआत की। इस साल क्वालिटी मौत का थीम गेमबा फोकस्ड एक्सीलेंस होगा। कंपनी की स्थिति पर चर्चा करते हुए एमडी ने कहा कि टाटा स्टील पहले से बेहतर स्थिति में है । अब टाटा स्टील पहली भारतीय कंपनी है जिसको अमेरिका की कैटरपिलर कंपनी ने सर्टिफिकेशन दिया गया है। टीवी नरेंद्रन ने बताया कि दिल्ली से मेरठ के बीच दौड़ने वाली सेमी हाई स्पीड भारत ट्रेन में 22000 टन टाटा स्ट्रक्चरा की सप्लाई की गई है। यह भी की टाटा स्टील माइनिंग और टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट का अब टाटा स्टील में समायोजन हो चुका है।

ओडिसा के एन आई एन एम एल की चर्चा करते हुए एमडी ने कहा कि 1 साल अपने कंपनी के संचालन का पूरा कर लिया है जिसके तहत कंपनी में एक मिलियन टन हॉट मेटल का प्रोडक्शन हो चुका है। इसके अलावा 80000 टन पिलेट प्रोडक्शन और 74000 टन री बार प्रोडक्शन भी हो चुका है। टाटा स्टील के आईबीएमडी की ओर से फेरो शॉर्ट 25000 टन तक उत्पादित किया जा चुका है। आज एचडी ऑनलाइन में किसी को सवाल पूछने का अवसर नहीं मिला।

खबर एक नजर में

## सेना का अधिकारी बन ईंट सप्लायर के एकाउंट से उड़ाया 28000 रुपये



जमशेदपुर। मानगो कुंवर बस्ती निवासी ईट व्यापारी राणा प्रताप सिंह को सेना का उच्च अधिकारी बनकर फोन कर सोनारी मिलिट्री कैंप में ईट सप्लाई करने का ऑडर देने की बात कह कर झांसे में लेकर साइबर अपराधियों ने राणा प्रताप सिंह के अकाउंट से पूरा पैसा ही गायब कर दिया। राणा को झांसे में लेकर विश्वास दिलाने हेतु कहा गया कि आप उच्चतम क्वालिटी का एक गाड़ी ईंट सोनारी के मिलिट्री कैंप पर भेजने को कहते हुए बिल प्रोसेस एवं ऑर्डर देने हेतु 12500 रु जमा कराने को कहा। मिलिट्री कैंप में ईंट भेजने से पहले राणा सिंह के द्वारा दिए गए अकाउंट में 12500 रुपए जमा कर दिया गया। इसके बाद शेष राशि के लिए क्यू आर कोड भेजने को साइबर ठग ने कहा, भेजने पर उसने कहा कि इससे नहीं होगा आप गुगल खोलिए, जैसा कहता हूं वैसा बटन दबाते जाइए। इतना सुनते ही राणा प्रताप को लगा कि उनके साथ ठगी हो रही है। उन्होंने सबसे पहले फोन काट कर अपने ड्राइवर को ईट लेकर वापस घर आने को कहा,ड्राइबर से जैसे ही बात खत्म हुई और फोन कटा अचानक एक बार 1500 रुपये और दूसरी बार में 14000 रुपये एकाउंट से निकालने का मैसेज आ गया। राणा सिंह के एकाउंट में मात्र 150 रुपये ही बच गया। इस तरह साइबर ठग ने उनके एकाउंट से कुल 28000 रुपये निकाल लिए। राणा सिंह ने मामले की शिकायत साइबर थाने के साथ साथ मानगो थाना में किया। मौके में राणा सिंह के साथ भाजपा नेता विकास सिंह एवं प्रभात कुमार शिकायत करने पहुंचे थे।

## बेल्डीह चर्च में आध्यात्मिक संगीत संध्या कल



जमशेदपुर। बेल्डीह बैपटिस्ट चर्च,जमशेदपुर द्वारा अपनी स्थापना के शताब्दी समारोह के क्रम में 4 नवंबर से 31 दिसंबर तक कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी बेल्डीह बैपटिस्ट चर्च के सहायक सचिव डीके दास ने दी। दास ने बताया कि बेल्डीह चर्च में 4 नवंबर की संध्या 6:00 बजे से दयानिधि राव, कोलकाता एवं उनकी टीम के द्वारा आध्यात्मिक गीत संगीत का कार्यक्रम चर्च परिसर में प्रस्तुत किया जाएगा जबकि आगामी 10 नवंबर से 12 नवंबर तक तीन दिवसीय आत्मिक जागृति सभाओं का भी चर्च परिसर में आयोजन किया जाएगा। आत्मिक जागृति सभा में मुख्य वक्ता के रूप में देहरादून के आचार्य बेंजामिन पॉल द्वारा बाइबल की शिक्षाओं पर आधारित प्रवचन दिया जाएगा। आचार्य बेंजामिन पॉल का प्रवचन प्रतिदिन संध्या 5:30 बजे से चर्च परिसर में आयोजित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में चर्च से जुड़े तमाम परिवार भाग लेंगे। दास ने बताया कि वर्ष 1 जनवरी से कई कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। आगामी 31 दिसंबर को आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्रतियोगिता के विचारों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## बीएसीईटी का छात्र हिंदुस्तान इलेक्ट्रिक में चयनित




जमशेदपुर। बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जमशेदपुर के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के मेधावी छात्र तरुण कुमार का चयन झारखण्ड की अग्रणी इलेक्ट्रिकल सर्विस उपलब्ध कराने वाली कंपनी हिंदुस्तान इलेक्ट्रिक कंपनी, रांची में सर्विस इंजीनियर के पद पर आकर्षक पैकेज में हुआ है। कंपनी के द्वारा इसका इंटरव्यू 18 अगस्त को हुआ था और ये कंपनी में 19 सितंबर से तीन महीने की ट्रेनिंग में रहेंगे। इनका ट्रेनिंग रांची, बोकारो एवं जाजपुर (ओडिसा) में होगा। तरुण कुमार के इस चयन पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्या अनुमिता सेन गुप्ता, प्लेसमेंट अधिकारी राहुल सिंह, कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी हैं।

## पूर्व पार्षद माधव सिंह मानकी का हाल जानने गांव पहुंचीं विधायक सविता



चांडिल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व जिला परिषद माधव सिंह मानकी का हाल जानने गुरुवार को विधायक सविता महतो नक्सल प्रभावित रांका गांव पहुंचे। इस दौरान विधायक ने पूर्व जिला परिषद सदस्य का हाल जाना एवं शौल ओढाकर सम्मानित किया। विधायक ने उनसे किसी भी प्रकार के जरूरत पड़ने पर संपर्क करने को कहा। मालूम हो कि पूर्व जिला परिषद सदस्य सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माधव सिंह मानकी का बिगत दिनों तबीयत खराब होने से उनका ईलाज जमशेदपुर के अस्पताल में चल रहा था। उनके स्वास्थ्य खराब होने की सूचना पर विधायक उनके गांव पहुंचे और उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, कृष्ण किशोर महतो, जिला सह सचिव अर्जुन सिंह मुंडा, समर भुईंया, कुनाराम मांझी, बाबलू मांझी, शिबू महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सविता ने चांडिल में ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



चांडिल। बुधवार को चांडिल कॉलेज के पास खराब पड़े ट्रांसफार्मर का ईचागढ के विधायक सविता महतो ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने निमार्णाधीन चांडिल अंडरपास से सिकली, चांडिल रेलवे स्टेशन, उगडीह, बुरुडुंगरी होते हुए पितकी फाटक तक बाईपास निर्माण कराने का मांग पत्र सौंपा। विधायक ने बहुत जल्द विभागीय अधिकारियों से बात करने की बात कही। इस मौके पर काबलु महतो, दिवाकर सिंह, राहुल वर्मा, मेहताब आलम उर्फ डब्लू सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बेफिक्र होकर छठ पूजा की तैयारी करें नहीं होने देंगे कोई दिक्कत : बन्ना गुप्ता

मंत्री ने सोनारी दोमुहानी से लेकर कदमा तक के छठ घाटों का किया दौरा

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सोनारी दोमुहानी छठ घाट,कदमा सती घाट,कदमा नील सरोवर छठ घाट का निरीक्षण कर अधिकारियों को छठ घाटों को दुरुस्त करने,साफ सफाई कार्य, लाइटिंग, समतलीकरण, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था संबंधित कार्य, चेंजिंग रूम बनाने संबंधी कार्य,घाट तक आवागमन के लिए सुगम रास्ता बनाने, रास्तों की मरम्मत, पीने के पानी की व्यवस्था, डेंजर जोन को चिह्नित कर बचाव के लिए आवश्यक तैयारी, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव संबंधित कार्यों की तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ दिनों बाद महा पर्व छठ आ रहा है, छठ पर्व में श्रद्धालुओं एवं छठ वर्तियों को कोई दिक्कत ना हो इसके लिए मैं स्वयं जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर डटा रहूंगा,और जल्द ही जिला उपायुक्त के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करूंगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बिना किसी बाधा और कठिनाई के सभी छठ की तैयारी करें उनका भाई और बेटा बन्ना गुप्ता के रहते कोई दिक्कत नहीं होगा।

## घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य ने बिहार के राज्यपाल को भेंट की अपनी पुस्तक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत घाटशिला कालेज के प्राचार्य डॉ. रवीन्द्र कुमार चौधरी बुधवार को राजभवन, पटना में बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर से मिले। प्राचार्य डा चौधरी ने सर्वप्रथम राज्यपाल महोदय को मिथिला के पारंपरिक रीति से अंगवस्त्र, पाग एवं मिथिला चित्रकला से सुसज्जित स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। तत्पश्चात उन्हें अपनी मैथिली पुस्तक 'समकालीन मैथिली लेखक कोश' भेंट की। इस पुस्तक में वर्ष 2020 में आए भयंकर महामारी कोरोना काल में जीवित 851 मैथिली साहित्यकारों का समग्र परिचय संग्रहित है। इसमें भारत, नेपाल समेत अन्य देशों में जहां कहीं रहकर मिथिला वासी मैथिली साहित्य का सृजन करने में लगे हैं, उनका परिचय इसमें शामिल है। इनमें 97 लेखक- लेखिकाएं पड़ोसी देश नेपाल के हैं। इस पुस्तक में भारतीय मिथिला क्षेत्र के 754 मैथिली साहित्यकारों का परिचय शामिल है।

# टाटा स्टील के कर्मियों ने स्कूली बच्चों को जूते दान किये

खबर मन्त्र ब्यूरो



कर्मचारियों से मिले शू को बांटते एफएएमडी के पंकज सतीजा।

**जाजपुर( ओडिसा)/जमशेदपुर।** सामुदायिक कल्याण के प्रति टाटा स्टील की प्रतिबद्धता के तहत, कंपनी के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के कर्मचारियों ने बमनीपाल परिसर में फेरो अलॉयज प्लांट स्थित चार्ज क्रोम प्लांट यूपी (एमई) स्कूल के बच्चों के लिए जूते दान किए। एक बच्चे के लिए शिक्षा की आवश्यकताओं के महत्व को पहचानते हुए, कर्मचारियों ने जरूरतमंद छात्रों को अच्छी गुणवत्ता वाले जूते प्रदान करने के लिए दान अभियान का आयोजन किया। वंचित स्कूली बच्चों की भलाई में सहयोग करने की पहल करते हुए, स्टाफ सदस्यों ने - अपनी कर्मचारी स्वयंसेवा पहल के तहत - स्कूल का दौरा किया और छात्रों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताया। उन्होंने पुरस्कार और स्नैक्स वितरण के बाद ड्राइंग प्रतियोगिताओं और मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया। कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए, पंकज सतीजा, एग्जीक्यूटिव इंचार्ज, एफएएमडी, टाटा स्टील ने कहा, हम हमेशा न केवल आर्थिक विकास में बल्कि उन समुदायों के हित में भी योगदान देने में विश्वास करते हैं जिनको हम सेवा प्रदान करते हैं।

बच्चों - भावी नागरिकों को समर्थन प्रदान करना, शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और जिस समाज का हम हिस्सा हैं उसके प्रति हमारी गहरी जिम्मेदारी की भावना को दशार्ते हैं। दान अभियान को टाटा स्टील के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों से उल्लेखनीय प्रतिक्रिया मिली। कार्यबल द्वारा प्रदर्शित उत्साह और करुणा उन समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कंपनी के समर्पण को रेखांकित करती है।

जहां वह काम करती है। यह पहल टाटा स्टील में जारी कर्मचारी स्वयंसेवा कार्यक्रम का हिस्सा है, जो स्टाफ सदस्यों को सामुदायिक सेवा और परोपकार में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करता है। सकारात्मक सामाजिक प्रभाव पैदा करने की कंपनी की प्रतिबद्धता सस्टेनेबल और जिम्मेदार कारोबारी अभ्यासों के अपने व्यापक मिशन के अनुरूप है।

## स्पीड न्यूज

### विधायक डॉ शशिभूषण ने किया यूपी के डिप्टी सीएम से मुलाकात



मेदिनीनगर। पांकी बिधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या से उनके लखनऊ तिथि आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान डॉ मेहता ने अपने बिधानसभा क्षेत्र में किये गए कार्यो सहित झारखण्ड के वर्तमान हालात पर विस्तार से चर्चा किया। डॉ मेहता ने उप मुख्यमंत्री मौर्य को पलामू आने का आग्रह किया।

### विधायक रामचंद्र ने किया पुस्तक भेंट



मेदिनीनगर। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने अमीन रहबर द्वारा रचित पुस्तक पलामू किला और राजा मेदिनी राय नामक पुस्तक को राजा मेदिनीराय स्मृति न्यास के अध्यक्ष अर्जुन सिंह को भेंट किया। विदित हो कि इस पुस्तक की रचना लेखक अमीन रहबर ने की है। उन्होंने पलामू किला और राजा मेदिनी राय के बारे में पुस्तक में विशेष रूप से उल्लेखित किया है। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने पोलपोल में अर्जुन सिंह समेत दर्जनों लोगों को पुस्तक को पुस्तक भेट किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी राजा मेदिनी राय हम सभी आदिवासियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनके जीवनी से और उनके कार्यकाल से हम सबों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राजा का प्रजा के प्रति क्या उत्तरदायी यह सीख हमे उनके जीवनी से मिलता है। जल्द ही दुबियाखाड़ में राजा मेदिनीराय द्वार बनकर तैयार हो जाएगा। इसके लिए काम चालू हो गया हैं। उन्होंने कहा कि हमे अपने संस्कृति व आदर्श को बचाये रखने की जरूरत है। इस मौके पर भरदुल सिंह, विपिन सिंह, शम्भू प्रसाद, मंटू प्रसाद, डॉ शमीम अंसारी, अब्दुल अजीज, सोनू गुप्ता, इम्तेयाज अंसारी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### अविनाश देव बने माध्यमिक शिक्षक संघ के संरक्षक



मेदिनीनगर। झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के वरीय पदाधिकारियों द्वारा एकमत से झामुमो के वरिष्ठ नेता सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव को निर्विरोध संरक्षक बनाया गया। मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से पुष्पगुच्छ देकर अविनाश का स्वागत किया। तत्पश्चात अविनाश देव ने भी पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ पुस्तक एवं अंगवस्त्र देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। अविनाश देव ने कहा कि दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करेंगे। सरकारी विद्यालय की जो वर्तमान स्थिति है उसमें सबसे ज्यादा शिक्षक पीसे जाते हैं। आजादी के पचहत्तर साल बीतने और हाल के अमृतकाल में भारत के शिक्षा 75 फीसदी से ज्यादा नहीं हुआ। दुनिया के कुछ दूसरे मुल्कों में शिक्षा नि:शुल्क है और शिक्षा ही किसी राष्ट्र का मजबूत रीढ़ होता है। नई शिक्षा नीति एवं अन्य पॉलिसी के बाद भी बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित व पलायन कर जा रहे हैं। स्कूलों में शिक्षकों की कमी से बच्चों का शिक्षा बाधित होता है। बच्चों की गुणवतापूर्ण शिक्षा,शिक्षा के स्तर में वृद्धि शिक्षकों के हित सर्वोपरि होगी। मौके पर अविनाश देव ने संघ के अध्यक्ष अजय कुमार, उपाध्यक्ष अशरफ अली, बिगु राम, निर्भय सिंह, सचिव त्रिपुरारी सिंह गहलोत, कोषाध्यक्ष जय शंकर प्रसाद सोनी, संगठन सचिव राहुल कुमार सहित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### प्रमुख गायत्री देवी ने आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 15 का किया निरीक्षण



चैनपुर(पलामू)। चैनपुर प्रखंड के औसाने पंचायत के छेछानी टोला स्थित आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 15 का प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में काफी अनियमितता पकड़ी गई। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि लापरवाही तथा अनियमितता का गंभीर मामला है। कार्रवाई के लिए प्रभारी सीडीपीओ को शिकायत भेजी जा रही है। ग्रामीण रंजन सिंह कलावती देवी तथा चंद्रावती देवी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन नहीं खुलता है कभी-कभी सेविका सतिमा देवी की बेटी व सहायिका मिला देवी केंद्र खोलती है। कब सेंटर खुलेगी यह समय निर्धारित नहीं है। इसके कारण केंद्र में बच्चों की संख्या कम है। बुधवार को 9 बजे सुजाता सिंह और सहायिका मिला देवी ने केंद्र खोला। केंद्र में केवल सात बच्चे पहुंचे थे। प्रमुख ने सुजाता सिंह से पूछताछ की तो उसने बताया कि सेविका को पथरी हो जाने के कारण वह तीन दिनों से केंद्र नहीं आ रही है। हालांकि इसकी सूचना लिखित आवेदन में अभी तक किसी को नहीं दी है। सहायिका मिला देवी ने कहा कि सेविका की तबीयत खराब होने के कारण केंद्र देर से खोली है। सेविका सतिमा देवी ने भी तबीयत खराब होने के कारण केंद्र नहीं जाने पाने की बात कही। प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि यह लापरवाही तथा अनियमितता का मामला है। कार्रवाई के लिए सीडीपीओ प्रभारी को अग्रसारित किया जाएगा।

### सोहेया पहाड़ बचाओ संघर्ष समिति 17 नवंबर से देगा अनिश्चिकालीन धरना



मेदिनीनगर। सोहेया पहाड़ बचाओ संघर्ष समिति हुसैनाबाद के लोगों ने प्रेस वार्ता कर कहा कि सोहेया पहाड़ में अवैध रूप से खनन का कार्य जिला प्रशासन एवं खनन विभाग के साथ ही साथ स्थानीय प्रशासन के गठजोड़ से ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है। इस बावत पूर्व में जिला प्रशासन को मांग पत्र देकर खनन कार्य बंद कराने का आग्रह किया गया था जो आज तक नहीं किया गया है। समिति के अध्यक्ष रामकेश्वर महतो ने कहा कि इसके विरोध में 22 फरवरी से सोहेया पहाड़ के तलहटी में लगातार धरना दिया जा रहा है। जिसकी सूचना हुसैनाबाद एसडीओ, सीओ एवं थाना को दिया गया लेकिन आज तक किसी अधिकारी ने धरना स्थल पर पहुंचना मुनासिब नहीं समझे। उन्होंने कहा कि खनन कार्य प्रारंभ रहने से ग्राम दमदमी , सूठा, अलारपुर, रपूरा, सिकनी, जरही समेत कई गांव प्रभावित हो चुके हैं। जबकि लीजधारक लीज के मानक को पूरा नहीं करता है। ब्लास्टिंग से कई मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। कुआं व तालाब का पानी प्रदूषित हो गया है। जिस कारण कई ग्रामीण गंभीर रोगों से ग्रसित हो गये हैं। सदस्यों ने कहा कि पत्थर माफिया व खनन विभाग के गठजोड़ के कारण अवैध रूप से खनन कार्य किया जा रहा है। इसका विरोध करनेवालों को माफिया द्वारा धमकी दिया जाता है। साथ ही फर्जी मुकदमा भी किये गये हैं इसके बावजूद भी हमसभी डंटे हुए हैं। महतो ने कहा कि जिला प्रशासन हमारी मांगों पर गंभीरता नहीं दिखाती है तो आगामी 17 नवंबर से जिला मुख्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेगा। यदि यहां तक प्रशासन बात नहीं मानती है तो इसके विरोध में मुख्यमंत्री या राज्यपाल आवास के समक्ष धरना दिया जायेगा। प्रेस वार्ता में बबलू कुमार सिंह, राधेश मेहता, इस्लाम अंसारी, सतेंद्र मेहता, राजकेश पासवान, रवि पाल व अन्य लोग मौजूद थे।

### बालू घाट संचालन को लेकर निविदा प्रकाशन के लिए जिलास्तरीय निविदा समिति की बैठक संपन्न

# नियम के तहत ही चयनित किया जायेगा एमडीओ : अपर समाहर्ता

जिले के कैटेगरी (टू) ए और बी के 10 बालू घाटों की निविदा प्रकाशन पर बनी सहमति, आज प्रकाशित की जाएगी निविदा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में मेसर्स झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड के द्वारा झारखंड राज्य अंतर्गत बालूघाटों के संचालन के लिए जिलास्तरीय निविदा समिति की बैठक अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के द्वारा झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड द्वारा कैटेगरी-(2) ए और बी के बालूघाटों के एमडीओ चयन हेतू भेजी गयी सूची को प्रस्तूत किया गया एवं 10 बालूघाटों के निविदा प्रकाश को लेकर चर्चा की गयी। जिसके उपरांत जिलास्तरीय चयन समिति के द्वारा 3 नवंबर को एमडीओ चयन हेतू बेबवाइट मे ई-निविदा प्रकाशन का निर्णय लिया गया एवं निविदा को सरकार द्वारा बनाए गय नियमों के तहत ही प्रकाशित करवाने पर सहमति बनी। बैठक में अपर समाहर्ता ने कहा कि नियम के तहत ही एमडीओ का चयन किया जायेगा। साथ ही सरकार के निर्देशों का हर हाल में पालन किया जायेगा।

**एमडीओ चयन को लेकर इन बालू घाटों की प्रकाशित की जायेगी ई-निविदा**

(1) मौजा-दंगवार,कैटेगरी-बी, रकबा-38.43 हेक्टेयर, अंचल- हुसैनाबाद-नदी-सोन।
(2) मौजा-परता, कैटेगरी-बी, रकबा-30.45 हेक्टेयर, अंचल-हैदरनगर-नदी-सोन
(3) मौजा-कबरा कला,कैटेगरी-बी,रकबा-10.52 हेक्टेयर,अंचल-हैदरनगर,मोहम्मदगंज-सोन।
(4) मौजा-लालगडा,कैटेगरी-बी-रकबा-26.27 हेक्टेयर,अंचल-विश्रामपुर-नदी-उतरी कोयल।
(5) मौजा-जेतूखाड़,कैटेगरी-बी-रकबा-18.21 हेक्टेयर,अंचल-पाटन,मेदिनीनगर, नीलाबंर-पिताबंरपुर-नदी- अमानत
(6) मौजा-कांके खुर्द, कैटगरी-ए रकबा 4.08 हेक्टेयर,अंचल-पाटन, नदी, अमानत
(7) मौजा-मिसिर पतरा, कैटगरी-बी-रकबा- 29.64 हेक्टेयर अंचल-लेस्लीगंज तरहसी-नदी-अमानत।
(8) मौजा-गुरतूरी,कुम्हराडीह, कैटगरी-बी-रकबा-16.89 हेक्टेयर,अंचल-तरहसी-नदी-अमानत
(9) मौजा-बिरितिया डंडार, कुम्हराडीह, कैटेगरी-बी-रकबा-30.29 हेक्टेयर, अंचल- तरहसी, नदी-अमानत
(10) मौजा-बरवैया,कैटेगरी-ए-रकबा-4.88, हेक्टेयर अंचल-तरहसी पांकी-नदी-अमानत।

# धोबनी नदी पर पुल निर्माण की मिली स्वीकृति जल्द होगा कार्य प्रारंभ : सांसद बीडी राम



गढ़वा जिला में विभिन्न पथों के निर्माण का मार्ग हुआ प्रशस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/गढ़वा।** पलामू संसदीय क्षेत्र के गढ़वा जिला अंतर्गत विभिन्न पथों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। पथ निर्माण विभाग के द्वारा पथ निर्माण से संबंधित विभिन्न योजनाओं यथा केतार से काण्डी पथ में धोबनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण जिसकी 785.87 लाख की लागत से होगी। इस के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और निविदा का भी विस्तार हो चुका है । इसपर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। सांसद ने कहा कि जिन योजनाओं की स्वीकृति मिल चुकी है उनमें तिलदाग मोड़ से अटौला मोड़ तक 23.42 किलोमीटर पथ की स्वीकृति प्राप्त हो चकी है। चैनपुर-रमकण्डा 13.72 किलोमीटर पथ निर्माण की प्रस्तावित स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है एवं निविदा का विस्तार हो चुका है। इसी क्रम में इन योजनाओं विभिन्न स्तरों पर लंबित हैं, इसके प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रयास किया जा रहा है। इसमें नगर उंटारी एनएच-75 से गरबांध होते हुए रोहनीय पी0डब्लूडी0 तक, नगर उंटारी-भवनाथपुर-खरौंधी-डाला तक 37.31 किलोमीटर पथ का निर्माण, भवनाथपुर-पांचाडुमर 17.50 किलोमीटर पथ का निर्माण, रमना बाजार से सिल्लीदाग होते हुए घुरकी तक 26.65 किलोमीटर पथ का निर्माण। शेष योजनाएं वर्तमान में प्रक्रियाधीन हैं, के शीघ्र पूर्ण कराए जाने हेतु प्रयास किया जा रहा है।

# रोल पहाड़ी से नक्सलियों का समर्थक गिरफ्तार, पर्चा और मोबाईल बरामद

प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के लिए काम करता है प्रेमचंद : एसडीपीओ सुरजीत







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/पाटन।** पलामू जिला के नावा जयपुर थाना क्षेत्र के रोल पहाड़ी से बुधवार को पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के समर्थक प्रेमचंद यादव को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाईल, एक मोटरसाईकिल, नक्सली परचा चार पीस, चार मोबाईल चार्जर, एक पावर बैंक, 60 पीस कचौड़ी, एक किलो जिलेबी, बिस्कुट, सत्तू चार पैकेट बरामद किया गया है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि थाना प्रभारी संजय कुमार रजक को गुप्त सूचना प्राप्त थी कि टीएसपीसी के सदस्य नगीना जी एवं नेपाली जी ने प्रेमचंद यादव पिता दयानंद यादव ग्राम टुईयां थाना नावा जयपुर को खाने पीने व अन्य सामान लाने को कहा। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन को दी गई। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में धावा दल का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम प्रेमचंद यादव पर पैनी नजर रखी हुई थी जो नावा जयपुर के बाजार में जाकर जल्दबाजी में कचौड़ी, जलेबी व अन्य सामान लेकर मोटरसाइकिल से दीपौवा गांव होते हुए रोल पहाड़ी की ओर जाने लगा। जिसका पुलिस पीछा कर ही रही थी कि प्रेमचंद ने अपना मोटरसाइकिल पहाड़ी क्षेत्र में खड़ा कर सामान लेकर भागने लगा। जिसे पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। उससे पूछताछ करते हुए तलाशी ली गई। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ के क्रम में प्रेमचंद ने बताया कि नक्सली संगठन के सदस्य नगीना जी व नेपाली जी के द्वारा मुझे सामान लाने के लिए कहा गया था। उन दोनों के कहने पर सामान लेकर नक्सली सदस्य के पास पहुंचाने जा रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद नक्सली संगठन का समर्थक है जो नक्सलियों के लिए काम करता है। इसके विरूद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान की जा रही है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी के अलावे पुअनि विजय रजक, मुकेश साव, रविंद्र, रविंद्र महतो, चंद्रभूषण दुबे, शंकर उरांव, संतोष राम, रामदास पासवान व सशस्त्र बल शामिल थे।

# उप नगर आयुक्त ने गांधी उद्यान की सुरक्षा और रख-रखाव का लिया जायजा





लोगों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग की अपील की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम के उप नगर आयुक्त सह जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने बुधवार की देर शाम गांधी उद्यान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उद्यान की सुरक्षा और रख-रखाव का जायजा लिया। वहीं पार्क में घूमने आये लोगों और बच्चों से मिलकर उनका फीडबैक भी लिया। मौके पर उप नगर आयुक्त श्री हुसैन ने शहर को स्वच्छ व गांधी पार्क को प्लास्टिक मुक्त बनाने में लोगों से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह गांधी पार्क शहर के बीचों-बीच अवस्थित लोगों के लिये आकर्षण का केंद्र है और दुनिया में किसी भी शहर की पहचान वहां के सार्वजनिक स्थलों से होती है ऐसे में आप सभी इस पार्क को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अपना सहयोग अवश्य दें। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि पूरे शहर में ऐसे और स्थल विकसित किये जायें और मेदनीनगर की पहचान एक खूबसूरत शहर के रूप में हो और यह शहर स्वच्छता की रैंकिंग में हमेशा अव्वल रहे। मौके पर नगर निगम के अन्य कर्मी व बड़ी संख्या में पार्क घूमने आए लोग उपस्थित थे।

### सनातन धर्म सभा का सभी प्रदेशों में होगा गठन : अजीत



नीलांबर पितांबरपुर पलामू। सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति की ओर से 29 अक्टूबर को आयोजित दुर्गा पूजा समिति सामान समारोह सह भक्ति जागरण का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज करने वाले लगभग 60 पूजा समितियां सम्मानित किया गया। इसके लिए बुधवार को धर्म सभा के केंद्रीय समिति की समीक्षा बैठक केंद्रीय कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष अजीत तिवारी और संचालन महासचिव राजीव रंजन ने किया। सभी समितियों का वीरेंद्र कुमार ने आभार प्रकट किया। साथ ही पुलिस प्रशासन का आभार प्रकट किया गया। बैठक में चर्चा किया गया कि सभी प्रदेश में प्रदेश कमेटी का गठन को प्रमुखता से गठन कराया जाएगा। इसके लिए कार्यपालिका बनाया गया। बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी, सचिव अवध किशोर राय, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, संरक्षक प्रसिद्ध नारायण तिवारी, सुरेश भगत, राजीव सिंह, मुनेंद्र नाथ दुबे, दिलीप तिवारी, बलकेश पासवान उपस्थित थे।

# महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लाइव प्रसारण से आम जनमानस को मिलेगा लाभ : नगर आयुक्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के गांधी उद्यान में झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का लाइव प्रसारण का आनंद लिया जा सकता है। प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय की ओर से पलामू जिला प्रशासन एवं मेदिनीनगर नगर निगम के सहयोग से लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। लाइव प्रसारण का उद्घाटन मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन एवं उप नगर आयुक्त अनवर हुसैन ने संयुक्त रूप से किया। साथ ही चैंपियंस ट्रॉफी मैच का आनंद भी लिया। उद्यान के प्रवेश टिकट पर दर्शक मैच का आनंद उठा सकेंगे। मैच का लाइव प्रसारण देखने के लिए दर्शकों को अलग से कोई शुल्क नहीं लगेगा। नगर आयुक्त ने कहा कि झारखंड महिला एशियन कप चैंपियंस ट्रॉफी 2023 चल रहा है। पलामू में इसके लाइव प्रसारण से आम जनमानस को लाभ मिलेगा। आम लोग आसानी से इसका आनंद उठायेंगे। यह अच्छी पहल है। अनवर हुसैन ने कहा कि हॉकी मैच का संबंध पलामू से रहा है। हॉकी मैच का आनंद लेकर यहां के दर्शक मनोरंजन कर सकेंगे।

उन्होंने गांधी उद्यान पहुंचकर हॉकी मैण के लाइव प्रसारण का आनंद उठाने की अपील की। मौके पर प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय के एपीआरओ बिजय कुमार ठाकुर, एसएमपीओ प्रमोद कुमार, जिला जनसंपर्क के एपीआरओ अजित कुमार तिवारी, एसएमपीओ भास्कर कुमार, अरूण कुमार, आलोक माथुर, अरविंद भसिन, सुनील गुप्ता, संजय सिंह, एसएम शाहनवाज आदि लोग उपस्थित थे।

### भाजयूमो ने किया सीएम का पुतला दहन



मेदिनीनगर। भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू द्वारा राज्य के असफल मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का पुतला दहन किया गया। कारण है विगत 2 दिनों राज्य सरकार की संस्था जेएससीसी के द्वारा विभिन्न पदों हेतु अयोजित परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली को लेकर राज्य भर के प्रतियोगी छात्रों में काफी रोष व्याप्त है। युवा मोर्चा राज्य के युवाओं की आवाज बन निकम्मी युवा विरोधी सोरेन सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद किया है।इस अवसर पर मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति पांडे ने कहा कि अन्य राज्यों में पूर्व से ही काम कर रहे लोगों को नियुक्ति पत्र देने के लिए बेवजह परेशान कर भोली भाली जनता की आँखों में धूल झोंकने का कार्य कर रही है। सरकार ने पूर्व में भी भाजपा के मुख्यमंत्री का आगमन पलामू में हुआ है, लेकिन हेमंत सोरेन जी के आगमन पर सारे स्कूलझ कॉलेजों को बंद कराकर उनके स्कूल बसों को संख्या लाने में लगाया गया है और स्कूली बच्चों को राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल करके अपनी वाहवाही बटोरी जा रही है। इनकी सोच शैक्षणिक व्यवस्था को ध्वस्त करने का कार्य कर रही है। पूर्व में किए गए हैं चुनावी वादे सिर्फ.वादे बनके रह गयी।सरकार में शामिल मंत्री और पदाधिकारी जनता को लूटने में लगे हुए हैं। भाजपा नेता परशुराम ओझा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा राज्य भर में घूम-घूम कर ऑफर लेटर बांटने का नाटक केवल आईवास है। अपने चुनावी वादों में युवाओं को बड़े-बड़े सपने दिखाकर सत्ता की कुर्सी पकड़ केवल अपनी झोली भरने का कार्य सरकार कर रही है। अविनाश वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा अब तक किसी भी पद के लिए कोई भी नियुक्ति नहीं लेना हास्य पद है केवल पुरानी भाजपा शासन की रघुवर दास सरकार द्वारा लिए परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्रों के बीच नियुक्ति बांट कर सरकार केवल बड़ी-बड़ी बातें कर रही है। छात्रों द्वारा आयोजित परीक्षा में हुई धांधली को लेकर जब आवाज उठाई गई तो सरकार द्वारा उन पर केस दर्ज किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। पुतला दहन में विपुल गुप्ता, रोहित शर्मा, सत्यवान तिवारी, चन्दन केसरी, रोहित पाठक, राजकुमार वर्मन, सोमेश सिंह, जितेंद्र तिवारी, अविनाश सिन्हा, विकास सिंह, रंजीत चंद्रवसी, प्रधान कुमार, पंकज शर्मा, अमित आनंद समेत कई शामिल थे।

# गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में स्टॉप चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज पॉक्सो एक्ट 2012 पर राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छत्तरपुर(पलामू)।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में स्टॉप चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज पॉक्सो एक्ट 2012 पर राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। वेबीनार के मुख्य अतिथि नीलांबर पीतांबर विवि के कुलपति प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि महाविद्यालय स्तर पर छात्र-छात्राएं मानसिक रूप से परिपक्व हो जाती हैं इसलिए पास पड़ोस समाज में हो रहे बाल एवं यौन शोषण की रोकथाम के लिए यह सशक्त माध्यम है इसलिए महाविद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन काफी प्रशंसनीय और सराहनीय है। बाल यौन शोषण का क्षेत्र केवल बलात्कार तक ही सीमित नहीं है बल्कि अनुचित बातें करना, अश्लील तस्वीर/वीडियो दिखाना यह सभी बाल यौन शोषण के अंतर्गत आता है। उक्त बातें डॉ राम्या निशाल ने कॉलेज में युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, साक्षी संस्था रकशिन प्रोजेक्ट एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले वेबीनार में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थी। डॉ निशाल ने कहा कि बाल दुर्व्यवहार से बचाव हेतु बच्चों को उनकी व्यक्तिगत सीमाएं सिखाई जानी चाहिए और नहीं कहना सिखाया जाना चाहिए। संस्थापक सचिव इंजी. सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल के प्रतिकृति पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कॉलेज के सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल तथा प्रभारी प्राचार्य ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि मैक्स धनंजय चौहान अध्यक्ष सक्षम प्रकृति वेलफेयर सोसायटी चंडीगढ़ शाह पंजाब विवि के प्रथम ट्रांसजेंडर छात्र ने कहा कि ट्रांसजेंडर समुदाय किशोरावस्था से पहले ही अधिकांशत लोग बाल यौन शोषण के शिकार हो जाते हैं।

### आईएनडीआईए गठबंधन से होगा देश का विकास : मनोज



**मेदिनीनगर।** जनता दल यूनाईटेड के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे, महासचिव सुरेंद्र कुमार यादव, उपाध्यक्ष अवध किशोर सिंह व सचिन मेहता ने कहा कि बिहार सरकार सीएम नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में 130000 शिक्षक की नियुक्ति पत्र दिया गया तथा 120000 शिक्षकों की नई बहाली हेतु विज्ञापन भी निकाला जा रहा है। बिहार सरकार के द्वारा अन्य विभागों में भी बहुत बड़ी संख्या में बहाली की प्रक्रिया किया जा रहा है जिससे बिहार में बेरोजगारों के बीच रोजगार उपलब्ध हो रहा है तथा बेरोजगारों में खुशी की लहर देखने को मिल रहा है। यदि केंद्र सरकार भी इसी तर्ज पर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराती तो देश में इतनी ज्यादा बेरोजगारी नहीं होती यदि देश में आई एन डी आई ए गठबंधन की सरकार बनती है तो बिहार के तर्ज पर पूरे देश में बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराया जाएगा।

### विहिप, बजरंग दल ने मनाया महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव



नावाबाजार पलामू। नावाबाजार प्रखण्ड के राजहरा झरना शिव मंदिर परिसर में विहिप और बजरंग दल ने कवि महर्षि वाल्मीकि का जन्मोत्सव मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष हिमांशु पाण्डेय ने की। संचालन राजबली महरा ने किया। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष हिमांशु पाण्डेय ने कहा कि आदि कवि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण धर्मग्रंथ की रचना भी की थी वो सदियों से आज तक अपने महान कार्यों एवं गुणों के कारण घर-घर में पूज्यनीय हैं। हम सभी को जीवन में आगे बढ़ने के लिए ऐसे साधु-संतों के गुणों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। सभी हिंदू को भेद-भाव की भावना से उपर उठकर आपसी एकता बनाने की आवश्यकता है। राजबली महरा ने कहा कि जिस तरह महर्षि वाल्मीकि जी अपने गुणों के कारण महान होने के साथ-साथ सभी व्यक्तियों के प्रेरणास्त्रोत एवं सार्थक जीवन के लिए पथ प्रदर्शक बनें, उसी प्रकार हम सभी को भी उनके रास्तों पर चलते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर सत्यनारायण तिवारी, राजू पांडेय, प्रभात पांडेय, विशाल, विष्णु, रोहित ठाकुर, शिवम पांडेय, कुंदन, अमन, अभय तिवारी, बिक्की तिवारी, राजकुमार शर्मा, रौशन, अभिषेक तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# तीन माह से राशन नहीं मिलने से नाराज लाभुकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

करकट्टा पंचायत के डेवडर में संचालित उजाला समुह पर कार्डधारियों ने तीन माह से राशन नहीं मिलने का लगाया आरोप



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड पलामू।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड के करकट्टा पंचायत के डेवडर में संचालित उजाला समुह के द्वारा तीन माह से राशन मिलने से नाराज लाभुक नंदू चंद्रवंशी, मुचु राम, प्रेमन राम, नजुदीन अंसारी,जमिला बीबी, सुजीत सिंह, रमेश सिंह, सहाना बीबी सहित सैकड़ों राशन कार्डधारियों गुरूवार को विश्रामपुर के आरसीआइटी पहुंचे जहां स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। विधायक चंद्रवंशी को सौंपे गए ज्ञापन में राशन कार्ड धारियों ने तीन माह से बकाया राशन दिलवाने और उजाला समुह का लाइसेंस रद्द कराने का जिक्र किया है।

विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने लाभुकों को आश्वस्त किया कि हरहाल में आपलोगो को बकाया राशन मिलेगा। साथ ही उजाला समुह पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राशन कार्ड धारियों ने बताया कि इससे पूर्व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी व जिला आपूर्ति अधिकारी से तीन माह का राशन नहीं मिलने का शिकायत किये हैं लेकिन अभी तक हम लोगों का राशन नहीं मिला है।

### भाजपा को मोदी जी का पुतला दहन करना चाहिये : सन्नी शुक्ला



मेदिनीनगर। पलामू भाजपा के सदस्यों द्वारा सीएम हेमन्त सोरेन जी का पुतला दहन करने पर झामुमो युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि जब राज्य के मुख्यमंत्री मेदिनीनगर में नियुक्तियां बांट युवाओं के चेहरे पर मुस्कान बिखेर रहे हों तब भाजपा जैसी विकास विरोधी पार्टी के लोग ही विरोध कर सकते हैं। इस राजनीतिक परिपाटी की शुरूवात कर उन्होंने एक बहुत ही गलत परम्परा की शुरूआत की है। कभी धार्मिक मंच से चुनावी भड़काऊ भाषण, तो कभी राज्य के मुख्यमंत्री जिस दिन आपके शहर में हो उसी दिन पुतला दहन, भारत मंडपम में 'अतिथि देवो भव:' और 'वसुधैव कुटुंबकम' सिर्फ लिखवा देने से चाल, चरित्र, चेहरा बदल नहीं जाता है। इन्हें पूर्व की रघुबर सरकार को याद करना चाहिए, जब वो पलामू आते थे तब छात्र और युवा उन्हें काला झंडा दिखाते थे, उन्होंने लाठी चार्ज भी किया गया था पलामू के युवाओं पर। इनके विधायक-सांसद कोरोना काल से ही जनता से सोशल डिस्टेंसिंग में रहते आ रहे हैं। इनको तो मोदी जी का पुतला दहन करना चाहिए, जिन्होंने 2 करोड़ नौकरियां हर वर्ष देने का वादा किया था। अगले वर्ष 20 करोड़ का डाटा मांगूंगा याद रहे। आज मुख्यमंत्री खुद पलामू आ कर नौकरियां बांट रहे हैं, पलामू के लिए ये बहुत बड़ी सौगात है। जनता का हित होता देख इन्हें घबराहट हो रही है। युवाओं और छात्रों में मुख्यमंत्री की बढ़ती लोकप्रियता देख, ये लोग बौखलाहट में आ गए हैं। गरीबों को नौकरी मिले ये भाजपा के लोगों को बर्दाश्त नहीं हो पा रहा है। आज पलामू के 5132 परिवार को खुशियां देने का काम हेमंत सरकार ने किया है। इनके सरकार में सरकारी विद्यालयों का हाल कितना बुरा था और आज ये उत्कृष्ट विद्यालय प्राइवेट स्कूलों को भी टक्कर दे रहे हैं। छात्रों के भविष्य को संवारने के साथ-साथ हेमंत सरकार युवाओं को नियुक्तियां भी दे रही है। जनता की आवाज इस सरकार में सुनी भी जाती है और उनकी समस्याओं का हल भी निकलता है।

# डीएसई ने रजवाडीह मध्य विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला के डीएसई मनोज कुमार ने सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय रजवाडीह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा सात एवं आठ के बच्चों से संवाद किया तथा उनसे प्रश्न पूछे। पढ़ाई के प्रति बच्चों के उत्साह से वे प्रसन्न दिखे तथा अधिकांश बच्चों के पोशाक में रहने पर संतोष व्यक्त किया। वर्ग निरीक्षण के क्रम में उन्होंने शिक्षक-शिक्षिकाओं से पठन-पाठन की जानकारी ली तथा उनकी कार्यशैली की सराहना की। साथ ही बेहतर तरीके से विद्यालय संचालन के लिए प्रधानाध्यापक का उत्साहवर्द्धन किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, शिक्षिका निशा, प्रियंका कुमारी,पूनम रानी और शिक्षक विजय कुमार ठाकुर उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान डीएसई के साथ कार्यालय सहायक प्रशांत कुमार भी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## किसानों के लिए पांच दिवसीय कार्यशाला

**धनबाद।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा पांच दिवसीय उद्यानिकी कार्यक्रम गोविंदपुर प्रखंड के रतनपुर पंचायत भवन में गुरुवार से प्रारंभ किया गया। जिससे किसानों को उन्नत सब्जी की खेती के लिए नई तकनीकियों से खेती कैसे की जाए इसके लिए प्रशिक्षित किया गया ।पाठशाला का उद्घाटन सिंदरी के विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो ने किया। उन्होंने कहा कि किसानों को बेहतर प्रशिक्षण मिले तो ही वह कृषि कर स्वालंबी बन सकते हैं। टाटा से आए अमित एवं फिरोज अहमद ने किसानों को प्रशिक्षण दिया। मौके पर मुखिया मिहिर मंडल, निमाई महतो,शंकर प्रजापति, चैंबर आफ फार्मर्स के सुनील कुमार, राजेश सिंह, तारकेश्वर सिंह एवं जिला उद्यान विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## बीएसएल से सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई

**बोकारो।** बोकारो संयंत्र से अक्टूबर माह में सेवानिवृत्त होने वाले कुल 07 अधिशासी तथा 35 अनाधिशासी कर्मियों के लिए एचआरडी के मुख्य ऑडिटोरियम में आयोजित विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सीजीएम संकार्य सेवा अनिल कुमार ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की एवं उन्हें सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भेंट किये। समारोह का संचालन करते हुए एजीएम कार्मिक डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी दी तथा उनका बायोडाटा प्रस्तुत किया।

## चंद्रपुरा में सड़क किनारे से हटाये गये दुकान

**बेरमो।** बोकारो जिला के चन्द्रपुरा डीवीसी द्वारा अवैध तरीके से बिजली कनेक्सन और सड़क किनारे अतिक्रमण किये हुए दुकानदारों को हटाया गया और कुछ दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि सड़क किनारे से अपनी दुकान को पीछे कर लें अन्यथा बल पूर्वक दुकानों को हटा दिया जाएगा। वही अवैध तरीके से बिजली कनेक्शन किये हुए तारो को भी डीवीसी ने हटाया। मौके पर डीवीसी के डीजीएम टीटी दास ने बताया कि जल्द ही अवैध क्वाटर पर भी कार्रवाई की जाएगी जो भी लोग अवैध तरीके से डीवीसी के क्वाटर में रह रहे है उसे खाली करवा कर डीवीसी में काम करने वाले सप्लाई मजदूरों को ये क्वाटर दिया जाएगा।

## लटानी पंचायत में मनरेगा योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय के सभागार में लटानी पंचायत में वित्तीय वर्ष 21–22 तथा 22 –23 ली गई मनरेगा योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। जनसुनवाई की अध्यक्षता समाजसेवी अजीत मिश्रा के द्वारा किया गया ।एवं पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक अंकेक्षण दल के सदस्यों ने पंचायत के अलग–अलग जगह के लाभुक द्वारा बनाए गए शेड पर प्रकुलित राशि को लेकर बोर्ड नहीं लगने पर रोजगार सेवक को 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है। ताकि दिए गए दिनों के अंदर शेड पर बोर्ड लग सके। मौके पर स्थानीय पंचायत के मुखिया ऐनुल हक, स्थानीय पंचायत के पंचायत समिति सदस्य,आदि उपस्थित थे।

# बस के धक्के से युवक की मौत

**हादसा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी/ चिरकुंडा।** तेज रफ्तार बस ने आज फिर कहर बरपाते हुए एक 28वर्षीय युवक की जान ले ली ,गुरुवार सुबह चिरकुंडा थाना क्षेत्र के लायकडीह बैंक आफ इंडिया के समीप चिरकुंडा से पुरुलिया की ओर जा रही हरी कामिनी बस ने स्कूटी पर सवार बेनागाड़िया निवासी नवीन दास के 28 वर्षीय पुत्र गौतम दास को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। हालांकि बस ड्राइवर बस लेकर भागने में सफल रहा वही गुस्साए लोगों ने घटना के बाद चिरकुंडा पंचेत सड़क को मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया है ।वही घटना की खबर पाकर आनन फानन में चिरकुंडा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील सिंह के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंच गुस्साए भीड़ को नियंत्रित करने में जुट गई है ।हालांकि पुलिस को काफी मशक्कत करना पड़ रहा है।

### स्कूटी से सब्जी खरीदने निकला था युवक, हो गई दुर्घटना

बेनागोड़िया निवासी 28 वर्षीय गौतम दास स्कूटी में सवार होकर घर के लिए चिरकुंडा सब्जी की खरीदारी करने आ रहा था ठीक उसी वक्त चिरकुंडा से पुरुलिया की ओर जा रही हरिकामिनी बस ने लायकडीह बैंक आफ इंडिया के समीप स्कूटी सवार गौतम दास को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे स्कूटी पर सवार गौतम दास की मौत मौके पर ही हो गई ।मृतक कें परिजन एवमं आस पास के ग्रामीण शव के साथ चिरकुंडा पंचेत सड़क को मुआवजे की मांग को लेकर जाम कर दिया है ,आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है की जब तक उचित मुआवजा मृतक के परिजन को नही मिल जाता तब तक सड़क जाम रहेगा ।इधर पुलिस सड़क जाम को हटाने को लेकर काफी प्रयास कर रही है ।वही मृतक के परिजन का रो रोकर बुरा हाल है मीडिया को जानकारी देते हुए परिजन ने बताया की सुबह 09 : 30 बजे गौतम दास सब्जी खरीदने को लेकर चिरकुंडा आया था ठीक उसी वक्त बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। लगभग 8 घंटे सड़क जाम करने के बाद बस मालिक ने 50 हजार रुपया मृतक के परिजन और प्रखंड से जो 2 लाख रुपए सरकारी मदद मिलती है उसके बाद जाम को हटाया गया।



## जामताड़ा विधायक ने धनबाद डीटीओ और डीएमओ को लगाई फटकार

**धनबाद।** डीटीओ राजेश कुमार सिंह और डीएमओ मिहिर सलकर की कार्यशैली से जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी बेहद नाराज हैं। झारखंड विधानसभा के आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति की समीक्षा बैठक में सभापति सह जामताड़ा विधायक ने दोनो अधिकारियों को फटकार लगाई। दोनों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात विधायक ने कही है। इरफान अंसारी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि लोगों को लगा रहा है कि सरकार खराब काम कर रही है, लेकिन सच्चाई है कि पदाधिकारियों की वजह से सभी चीजें खराब हो रही हैं। कोयला चोरी और बालू की अवैध ढुलाई को लेकर डीएमओ को फटकार लगाई।

**एक नजर में**

## पटाखा दुकान लगाने के लिए एसडीओ ने किया स्थल निरीक्षण



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री वरुण रंजन के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजक ने आज दीपावली के मद्देनजर जिले में लगाने वाले पटाखा दुकानें के लिए स्थल का निरीक्षण किया। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि उन्होंने पटाखा दुकान लगाने के लिए रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) तथा तेतुलतल्ला मैदान का निरीक्षण किया। यहां लगने वाले स्टॉल के बीच उचित दूरी बनाए रखने तथा अन्य आवश्यक दिशा निर्देश टेंट संचालक को दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित थाना के थाना प्रभारी भी मौजूद थे।

## पुटकी : कंपनी ने किया भूमि पूजन, ग्रामीणों ने किया विरोध

**पुटकी।** पुटकी पीबी एरिया 7 के अंतर्गत भागाबांध कोलियरी के 17 न0 में इंक्लाइंड में बृहस्पतिवार को ईगल दीप पीबी धनबाद कोल प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा भूमि पूजन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था ।मगर भूमि पूजन में स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि पहले हम ग्रामीणों से आम सभा कर बात चीत करे और जमीन के बदले नियोजन एवं मुआवजा की देने की बात पर हो हंगामा शुरू हो गया।

# धनबाद के दो बालू कारोबारियों के ठिकाने पर ईडी की छापेमारी

**बिहार में बालू खनन मामले में गड़बड़ी को लेकर हुई कार्रवाई**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** एक बार फिर से झारखंड में ईडी की कार्रवाई हुई है। इस बार बिहार से जुड़े एक मामले को लेकर ईडी की टीम धनबाद पहुंची और यहां के दो बालू कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा है। जिले में ईडी की टीम ने गुरुवार सुबह को दस्तक दी। दो स्थानों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। शहर के धैया स्थित दो बालू कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी के द्वारा छापेमारी की जा रही है। इसमें धैया के चनचनी कॉलोनी में बालू कारोबारी मिथिलेश सिंह का आवास और कार्यालय शामिल है। इसके अलावा उनके साझेदार सुरेंद्र जिंदल के आवास और दफ्तर पर ईडी की छापेमारी दस्तावेजों को खंगाल रही है। बिहार के बालू खनन में गड़बड़ी को लेकर ईडी की टीम छापेमारी में जुटी है। बालू खनन से जुड़ी ब्रॉडसन कमोडिटी प्राइवेट लिमिटेड व मोर मुकुट मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड जांच के दायरे में है। गुरुवार की सुबह ईडी की टीम एक साथ धनबाद पहुंची, जहां मोर मुकुट मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के साझेदार सुरेंद्र जिंदल और मिथिलेश सिंह के आवास व कार्यालय पर छापेमारी कर रही है। चनचनी कॉलोनी के मेन गेट पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। मीडिया को भी अंदर जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है। समाचार लिखे जाने तक बालू माफिया के ठिकाने पर छापामारी जारी थी।

### पहले भी हो चुकी है छापेमारी



बता दें कि इससे पहले भी ईडी की टीम ने ब्राडसन कमोडिटी प्राइवेट लिमिटेड और मोर मुकुट मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर तथा साझेदारों के आवास पर बालू खनन से जुड़े मामलों को लेकर छापेमारी की थी इसी मामले को लेकर धनबाद के बालू कारोबारी जगनारायण सिंह उर्फ जगन सिंह और उनके पुत्र जेल में हैं।

## ईस्टर्न इंडिया पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में दो खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड मेडल

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** बिहार के नालंदा में 29 अक्टूबर से 1 नवंबर तक चलें ईस्टर्न इंडिया पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में आर्य व्यायामशाला एवं योग मंदिर कतरास के दो पावरलिफ्टिंग के खिलाड़ी ने गोल्ड मेडल जीतकर झारखंड के साथ साथ धनबाद व कतरास का नाम रोशन किया. पावरलिफ्टिंग के 59 किलोग्राम वर्ग में आयुष गुप्ता ने गोल्ड मेडल एवं 66 किलोग्राम वर्ग में अभिषेक सिंह ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया. बताते चले की उक्त चैंपियनशिप में भारत के पूर्वी भाग में स्थित 12 राज्यों से लगभग 300 खिलाड़ियों का आगमन हुआ। जिसमें झारखंड राज्य से लगभग 30 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें धनबाद जिले के कतरास से आयुष गुप्ता एवं अभिषेक सिंह ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया ।ये दोनो खिलाडी कतरास के आर्य व्यायाम शाला में अभ्यास करते हैं। उनकी जीत की खुशी पर व्यायामशाला के अध्यक्ष विजय कुमार झा, गुरुजी दुगार्राम, वरिष्ठ अधिवक्ता दीपनारायण भट्टाचार्य, रणधीर बर्मन, अभय बर्मन,दीपक गुप्ता, मोहम्मद नूर, दीपक विश्वकर्मा, भरत सिंह कांछा,राजवीर सिंह, अंकुश विश्वकर्मा, कालाचंद बाउरी, धनेश्वर राय , आदि के अलावा दर्जनों सदस्यों ने उन्हें बधाई दिया।

## कोल इंडिया का 49वां स्थापना दिवस मना

**कतरास।** बीसीसीएल गोविंदपुर ने कोल इंडिया का 49वां स्थापना दिवस मनाया। जीएम जीसी साहा ने कोल इंडिया का ध्वजारोहण किया। क्षेत्रीय कार्यालय से कुल 48 कर्मियों को पदोन्नति आदेश दिया गया। महाप्रबंधक ने सभी कर्मियों से अपील किया कि उत्पादकता बढ़ाये एवं कंपनी को नए स्तर तक ले जाए।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-निविदा सूचना सं. : एम-41-ओबीएचएस-19ट्रेन-एचटीई-32, दिनांक: 02.11.2023। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची - 834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** तीन साल की अवधि के लिए कोचिंग डिपो, हटिया को 19 अदद प्राथमिक ट्रेनों में ऑन बोर्ड सफाई एवं स्वच्छता सेवा प्रदान करना। **कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी सहित):** ₹ 16,30,87,246.65। **बयाना राशि :** ₹ 9,65,400/-। **ई-निविदा बंद करने की तारीख एवं समय:** 23.11.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। **वेबसाइट विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in (PR-768)

**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी (अभियंत्रण शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 24/2023-24 PR No- 310090 (District) 23-24D के द्वारा प्रकाशित विज्ञापन को अपरिहार्य कारणवश स्थगित / रद्द किया जाता है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 310429 District(23-24).D

## बोकारो : छात्राओं ने लिया मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा बाल आनंद आरवीएस स्कूल सेक्टर 9 की छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। रोटरी क्लब की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि बालिकाओं को आज के समय में आत्मरक्षा के गुर आने चाहिए, जिससे वे विपरीत स्थिति में अपना बचाव कर सकें। कार्यक्रम की संयोजक डॉ परिंदा सिंह ने कहा कि मार्शल आर्ट प्रत्येक छात्रा को आत्मरक्षा के साथ यह कैरियर में भी सहायक बन सकता है। ब्लैक बेल्ट धारक प्रशिक्षक शियान खेडू गोराई ने उपस्थित छात्राओं को पंच किक्स स्टांस के अलावा कई प्रकार के बचाव के तरीके सिखाए।

# सरस्वती विद्या मंदिर में सम्मान समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** विद्या भारती योजना अनुसार क्षेत्रीय मूर्ति कला, संस्कृति बोध प्रश्न मंच एवं कथा-कहानी प्रतियोगिता, जो 30 अक्टूबर एवं 31 अक्टूबर 2023 तक साहिबगंज, भागलपुर में आयोजित थी, उसमें अपने विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह के भैया-बहनों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय तथा विद्या भारती, झारखंड का गौरव बढ़ाया। आज दिनांक 02 नवंबर 2023 को विद्यालय स्तर पर एक सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में कथा कहानी में शिशु वर्ग की तृषा लाला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, शिशु वर्ग के संस्कृति बोध प्रश्न मंच में तनय मोदी, नमन पॉल एवं अनय लाला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं मूर्ति कला के बाल वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया आर्यन कुमार रहे। तरुण वर्ग के संस्कृति बोध प्रश्न मंच में नैतिक कुमार, जय कुमार एवं हिमांशु कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि नियोजित ढंग से कार्य करने पर ही सफलता प्राप्त होती है और हमारे विद्यालय के भैया-बहनों एवं आचार्यों ने इसे साबित कर दिया। उन्होंने कहा कि आज का समय प्रतियोगिताओं का है और सबों को मालूम है कि इसमें सफलता तभी मिलती है जब हम पूरे मनोयोग से प्रयास करते हैं। सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास करने वाले जीवन की हर क्षेत्र में सफल होते हैं।

**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**सैनिक कल्याण निदेशालय**

**डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड राँची में सफाईकर्मी (केवल पुरुष ) के लिये नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण की सूचना**

सैनिक कल्याण निदेशालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार, झारखण्ड राज्य के इच्छुक व्यक्ति से डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन –सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची में एक सफाईकर्मी (केवल पुरुष ) के नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन प्रपत्र **18 नवम्बर 2023** पाँच बजे अपराहन् तक पहुँच जाना चाहिए और प्राप्त आवेदनों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर आवेदनों की जाँचोपरान्त सही पाये गये आवेदनों के आवेदकों का नियमानुसार अधिकारियों की गठित एक चयन समिति द्वारा चयन प्रकिया के लिए बुलाया जाएगा। नियम एवं शर्तें झारखण्ड सरकार के वेबसाईट www.prdjharkhand.gov.in एवं डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड राँची के कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

स्थान : राँची
दिनांक : 18 नवम्बर 2023

निदेशक के आदेशानुसार, ह /–
(भू–सम्पदा पदाधिकारी)
डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची

PR 310504 Home(23-24)#D

## आवास के लिए सिंदरी शिव मंदिर में हों इकट्ठा

**बैठक में निर्णय**

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** एफसीआईएल प्रबंधन द्वारा 16 अक्टूबर को जारी नयी आवास आवंटन नीति में सुधार के लिए सिंदरीवासियों से जनता श्रमिक संघ संयुक्त महामंत्री सह भाजपा नेता गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह ने शनिवार को शहरपुरा शिव मंदिर प्रांगण में इकठ्ठा होने की अपील की है। इसमें सभी अपना सुलभ और सुगम सुझाव दे सकते हैं। सिंदरी के मीरा मोहन उद्यान स्थित जनता श्रमिक संघ कार्यालय में गुरुवार को आयोजित कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। बैठक के बाद संयुक्त महामंत्री लक्की सिंह ने बताया कि आम सहमति से निर्णय लिया गया है कि सिंदरीवासी फिलहाल एफसीआईएल प्रबंधन के पास आवेदन नहीं करें। इसपर शनिवार को बैठक कर कोई ठोस निर्णय लिया जा सकता है। उन्होंने सार्वजनिक निर्णय लेने के लिए सिंदरी के आवास धारियों, दुकानदारों, फुटपाथ दुकानदारों को शिव मंदिर में इकठ्ठा होने की अपील की है।

## सिनेमिक्स एस 120 बेसिक ड्राइव सिस्टम का प्रशिक्षण

**बोकारो।** बीएसएल के एचआरडी के कमरा संख्या-43 में संयंत्र के विभिन्न विभागों के लिए सिनेमिक्स एस 120 बेसिक ड्राइव सिस्टम पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 04 नवंबर तक के लिए मेसर्स सीमेंस लिमिटेड के संकाय कुमार अमलेंदु के सहयोग से आयोजित है। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए सीजीएम विद्युत देवाशीष सरकार ने इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

**समाहरणालय, चतरा**
**(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
sport.chatra@gmail.com

**आम सूचना**

**निदेशानुसार** एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला मुख्यालय स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा को दिनांक 03.11.2023 से 14.11.2023 तक प्रातः 5:00 बजे से सुबह 8:00 बजे तक एवं दोपहर 02:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक आमजनों के लिए खोला जा रहा है, परन्तु स्टेडियम के अंदर लगे घास पर फुटबॉल खेलना, फुटबॉल प्रैक्टिस करना एवं नुकीला जूता पहनकर घास को नुकसान पहुँचाना वर्जित रहेगा। उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

नोटः– 1. आप CCTV कैमरा फुटेज के निगरानी में रहेंगे।
2. रविवार को स्टेडियम बंद रहेगा।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
चतरा

PR 310441 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs)23-24*D

# ढोरी प्रबंधन ने मंदिर निर्माण के लिए कराया भूमि पूजन

**अमलो परियोजना पर ही ढ़ोरी प्रक्षेत्र का भविष्य निर्भर : जीएम**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम अमलो कोलियरी विस्तार को लेकर 2 नवम्बर को बंद ढोरी एक्सावेशन परिसर मे पंडित विष्णु कांत पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ शिव मंदिर निर्माण के लिए पूरे विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कार्य श्रद्धापूर्वक संपादित किया गया। भूमि पूजन में यजमान के रूप मे बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह और ढ़ोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल शामिल हुए। विधायक श्री सिंह और जीएम अग्रवाल ने नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। विधायक जयमंगल सिंह ने कहा कि बिजली-पानी, विवाह मंडप, सामुदायिक भवन, सड़क, मंदिर, सोलर लाइट, बाउंड्री वाल आदि का निर्माण कराया जाएगा। कहा कि यहां के भूगर्भ में कोयले का अकूत भंडार है। उसे निकालने के लिए ग्रामीण रहिवासी प्रबंधन को सहयोग करें। इस अवसर पर क्षेत्र के महाप्रबंधक एम के अग्रवाल ने कहा कि अमलो परियोजना पर ही ढ़ोरी प्रक्षेत्र का भविष्य निर्भर है, इसलिए इसके विस्तार में सभी लोग सहयोग करें। उन्होंने कहा कि रैयतों व विस्थापितों को उसके अधिकार से वंचित नही किया जायेगा। उन्होंने आशा जताते हुए कहा कि ढ़ोरी क्षेत्र अपने उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा। कार्यक्रम का संचालन एसओपी प्रतुल कुमार ने किया।

### भूगर्भ में कोयले का अकूत भंडार : विधायक



### मौके पर थे मौजूद

मौके पर एएडीओसीएम पीओ के आर सत्यार्थी, एएफएम राजीव कुमार, एसओसी उज्जवल कुमार एएसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसादए सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, एसओएक्स यूके पासवान सहित यूनियन प्रतिनिधि हरेंद्र सिंह, शिवनंदन चौहान, राजेश्वर सिंह, उत्तम सिंह, परवेज अख्तर, श्रीकांत मिश्रा कैलाश ठाकुर जयनाथ मेहता महेंद्र चौधरी वही कमेटी के कमेटी के अध्यक्ष मदन सिंह, सचिव विवेक चौहान, राजकुमार चौहान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड**
**कार्यालय कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, गिरिडीह।**

सामयिक सूचना अंक : 6 / 2023

**रबी फसल में बीजोपचार**

मिट्टी एंव बीज में उपस्थित रोग कारक फसल को रोगी बनाने है, जिससे उपज में कमी होती है। यदि इन रोग कारकों को पूर्व में ही नष्ट कर दिया जाय तो फसल में रोग होने की संभावना कम हो जाती है। इसके लिए बीज लगाने से पूर्व अनुशंसित रसायन को बीज में मिलाया जाता है। बीजो में रसायन को मिलाना ही बीजोपचार कहलाता है। बीजोपचार की प्रकिया अत्यंत ही सरल एंव सस्ती है, जिसके द्वारा अल्प श्रम एंव व्यय से बहुत बडे क्षेत्र की फसल को बचाया जा सकता है। अतः बीज लगाने से पूर्व बीजोपचार अवश्य करें । रबी मौसम में –

1. **गेहूँ** :– प्रति किलो बीज को कार्बनडेजिम 50 प्रतिशत धुलनशील चूर्ण जो बाजार में बवेस्टीन, धनुस्टीन, हिटास्टीन, डेरोसाल आदि नामो से मिलता है का 2 ग्राम या कार्बोक्सीन 75 प्रतिशत चूर्ण जो बीटावेक्स, बीटावेक्स पावर के नाम से प्रचलित है का 2 ग्राम से उपचारित करें।

बीज को सीड ड्रेसींग ड्रम या मिट्टी की हॉडी में थोडा भाग खाली छोडकर भर लें। आवश्यक मात्रा के रसायन में थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को बीज पर थोड़ा थोड़ा डालकर छडी के सहारे मिलाते जायें ताकि रसायन की परत बीज पर अच्छी प्रकार से चढ़ जाए। इसे 2–3 घंटा छाया में सूखाकर बोआई करें ।

2. **चना, मटर, मसूर,** :– प्रतिकिलो बीज को कार्बनडेजिम 50 प्रतिशत घुलनशील चूर्ण के 2 ग्राम से या थिरम, कैप्टॉन के 3 ग्राम से उपचारित कर छाया में सूखाकर लगावें।

इस उपचार के पश्चात सूखे बीज को राइजोबियम कल्चर से उपचारित कर लगावें। इसके लिए आधा लीटर पानी में 100 ग्राम गुढ़ डालकर 15 मिनट उबालें। ठंडा होने के पश्चात एक पैकेट राइजोबियम कल्चर मिला दें। आधा एकड़ के लिए पर्याप्त बीज को कल्चर घोल में अच्छी प्रकार मिलावें। इसे छाया में आधे घंटे सूखाने के बाद बोआई करें ।

3. **सरसों, तोरी, राई, तीसी** :– प्रति किलों बीज को थिरम या कैप्टॉन के 3 ग्राम से उपचारित कर सूखने के पश्चात लगावें।

4. **आलू** :– मैंकोजेब 75 प्रतिशत घूलनशील चूर्ण जो बाजार में इण्डोफिल एम–45, डायथेनएम–45 आदि नामों से मिलता है का 3 से 4 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर आवश्यक मात्रा में आलू बीज को घोल में 20 से 30 मिनट तक डुबोये रखने के पश्चात निकालकर छाया में सूखाकर लगावें।

एक बार तैयार घोल में 3 बार तक बीज डाला जा सकता है। तत्पश्चात बचे घोल को खेतों में छिडक दें ।

5. **कीट से बचाव** :– दीमक, कटुआ जैसे कीटों से बचाव के लिए क्लोरोपायरीफॉस 20 प्रतिशत तरल कीटनाशी जो बाजार में डर्सबान, रडार नामों से मिलता है का 3 मि0 ली0 से उपचारित करें।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, गिरिडीह।

जिला कृषि पदाधिकारी, गिरिडीह।

PR 310416 (Agriculture) 23-24 (D)

# ममता को सबक

पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए खुद को उद्योग हितैषी दशार्ने के लिए काफी प्रयास कर रही है। ममता बनर्जी सरकार का दावा है कि राज्य में निवेश के अनुकूल माहौल है इसलिए किसी को भी मौका चूकना नहीं चाहिए। इसके लिए ममता बनर्जी की सरकार इसी नवंबर माह में 21 और 22 तारीख को कोलकाता में ग्लोबल बिजनेस समिट भी आयोजित कर रही है। इस बिजनेस समिट में देश-विदेश के निवेशक आ सकें इसके लिए खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मोर्चा संभाला हुआ है। हाल ही में ममता बनर्जी स्पेन और दुबई की 10 दिवसीय यात्रा पर भी गयी थीं ताकि निवेशकों को बंगाल में आमंत्रित किया जा सके। लेकिन इसी बीच तृणमूल कांग्रेस का उद्योग विरोधी चेहरा तब फिर सामने आ गया जब एक मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम को निर्देश दिया कि वह घरेलू वाहन विनिमार्ता टाटा मोटर्स को सिंगूर संयंत्र में हुए नुकसान की भरपाई के लिए उसे 766 करोड़ रुपये का मुआवजा दे। देखा जाये तो आज भले ममता बनर्जी कह रही हों कि उनकी सरकार ने राज्य में निवेश के अनुकूल माहौल बनाया है और तृणमूल कांग्रेस के शासन में बंगाल औद्योगिक विकास के मामले में आगे बढ़ा है लेकिन सच्चाई यह है कि 2006 में ममता बनर्जी ने अपनी छवि औद्योगिक विकास की विरोधी नेता की बना ली थी क्योंकि उन्होंने सिंगूर और नंदीग्राम में उद्योगों के लिए किये जा रहे भूमि अधिग्रहण का विरोध किया था। टाटा नैनो प्रोजेक्ट को गुजरात के साणंद में लगाने में मदद की और जल्द ही मोदी की छवि उद्योग जगत के बीच विकासशील नेता की बन गयी थी। हालात ऐसे हो गये थे कि बंगाल से निवेशक दूर होते जा रहे हैं वहीं गुजरात में देश ही नहीं विदेशी निवेशक भी रुचि दिखा रहे हैं।

# मोइत्रा का आचरण

कैश-फॉर-क्वेरी मामले में लोकसभा आचार समिति के सामने पेश हुईं तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा अचानक बाहर आ गईं। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने एथिक्स कमेटी पर भद्दे सवाल पूछने का आरोप लगाया। इस पर संसद की एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष विनोद सोनकर ने कहा कि जवाब देने के बजाय, वह (महुआ मोइत्रा) गुस्से में आ गईं और सभापति और समिति के सदस्यों के लिए असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया। दरअसल, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को 15 अक्टूबर को लिखे एक पत्र में आरोप लगाया था कि मोइत्रा द्वारा लोकसभा में हाल के दिनों तक पूछे गये 61 प्रश्नों में से 50 प्रश्न अडाणी समूह पर केंद्रित थे। इसके बाद महुआ मोइत्रा के ह्यकैश-फॉर-क्वेरी मामले पर सवाल उठे थे। पत्र में आरोप लगाया गया था कि मोइत्रा ने अडानी समूह को टारगेट करने के लिए व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से रिश्वत ली थी। दो दिनों से हम उनसे कुछ बातें पूछ रहे हैं कि वे उनसे (महुआ मोइत्रा) पूछ रहे हैं कि आप कहां यात्रा कर रही हैं? आप कहां मिल रहे हैं? क्या आप हमें अपना फोन रिकॉर्ड दे सकते हैं? किसी भी नकद हस्तांतरण का कोई सबूत नहीं है। बैठक में मौजूद जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद गिरिधारी यादव ने कहा, उन्होंने महुआ मोइत्रा से पर्सनल सवाल पूछे। उन्हें व्यक्तिगत सवाल पूछने का अधिकार नहीं है, इसलिए हम बाहर आ गए। संसद के परम्परा में किसी भी सवाल को लेकर किसी प्रकार का धन या उपहार लेना संसदीय प्रणाली के खिलाफ माना गया है और ऐसे में जब आज की तारीख में हर गतिविधि की सूचना भी सहजता से उपलब्ध है गलत आचरण पर जांच आवश्यक है। संसद सदस्यों को चाहिए कि वे जांच में सहयोग करें। वैसे महुआ मोइत्रा पर लगे आरोप से वो घिरती नजर आ रही हैं।

# पर्यावरण से जुड़ी समस्या से प्रभावित दुनिया



**कोरोना** के असर पर चल रही बहस के बीच पर्यावरण की समस्या जितनी कठिन होती जा रही है उससे यह साफ हो गया है कि प्रदूषण परोक्ष रुप से मौत का पैगाम ही है। जब भारत का सामना वार्षिक एबीसी (एशियन ब्राउन क्लाउड) से होगा, जिसमें हवा में व्याप्त विषैले तत्व व्यक्ति के फेफड़ों में जहर भर देते हैं तो कोविड जैसे हालात में यह और भी खतरनाक बन सकता है। सिलेंडर वाली ऑक्सीजन की कमी भूल जाएं, यदि आपको आम हवा में ऑक्सीजन मिल जाए तो भी खुशकिस्मती होगी। इस साल, इसे रोकने के लिए सरकार को अपने पास उपलब्ध स्त्रोतों और तौर-तरीकों वाले कड़े कदम उठाने को मजबूर होना पड़ेगा। लेकिन क्या यह इतना आसान है। एबीसी होने देना हम गवारा नहीं कर सकते, अगर यह होता है तो चिन्हित अधिकारियों को जिम्मेवार ठहराया जाना चाहिए।

एबीसी पर पहली मर्तबा वर्ष 1999 में गौर किया गया था। इसके लिए नेपाल में वैज्ञानिक अध्ययन और निगरानी केंद्र बनाए गए। दूसरे शब्दों में, इसके बारे में सरकारों को काफी पहले से पता है, इसमें कोई हैरानी नहीं। दूसरा, यह समझना जरूरी है कि एबीसी का मतलब केवल प्रदूषण नहीं है। ग्लेशियर पिघलने, सूर्य की किरणों की तीव्रता बढ़ने, हर हफ्ते होने वाली असामयिक बारिश और गिरते खेती उत्पादन में इसका बहुत बड़ा हाथ है। तीसरा, एबीसी लगभग पूर्ण रूप से मानव-निर्मित है, जिसमें सल्फर कण (ईंधन तेल जलने पर) के अलावा नाइट्रेट कण (वाहन उत्सर्जन) और ब्लैक कार्बन कण (डीजल, बायोमास और कोयले का पूरी तरह न जल पाना) का घालमेल है। दूसरे शब्दों में, ये आपका ही पैदा किया है। लेकिन अच्छी खबर यह है कि मानव निर्मित इस आपदा को कुछ हद तक खुद इनसान ही रोक सकते हैं, सुबूत है कि यह संभव है। वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि पिछले साल हुए लॉकडाउन में महज 53 दिनों में भारत के सिंधु-गांगेय मैदानी इलाकों में प्रदूषण स्तर गिरकर दो दशक पहले जितना हो गया था।

जाहिर है, सर्वप्रथम हमें पराली जलाने से रोकना होगा। यह वास्तव में विरोधाभासी है कि दिल्ली की सीमाओं पर धरने पर बैठे किसानों ने सरकार से पहला वचन यही लिया कि पराली जलाने पर जुमार्ना नहीं लगाया जाएगा। परिणामस्वरूप हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में यह एकाएक प्रदूषण बढ़ने का कारण बना और जैसा कि अनुसंधान बताते हैं यह फसल उत्पादन और भूजल उपलब्धतता में आगे और कमी बनने में योगदान करता है, पंजाब में यह स्तर पहले ही न्यूनतम हो चुका है। इसलिए ऐसा कोई संकेत नहीं मिलता कि किसान अपनी ओर से पराली जलाना छोड़ देंगे। राज्य सरकारें इसके लिए विकल्प उपलब्ध करवा रही हैं, लेकिन यह करना उतना सस्ता नहीं, जितने में कुछेक क्रिकेट मैच आयोजित हो जाएं। इसलिए सरकार को तैयार रहना होगा कि जहां कहीं पराली जलती दिखे, इसे बुझाने को व्यावसायिक आग बुझाने वाली हवाई जहाज कंपनी या भारतीय वायुसेना का इस्तेमाल करे। कोई नहीं चाहेगा कि अगली फसल तैयार करने को खेत सुखाने में हफ्तों का इंतजार करना पड़े। पहले-पहल किए गए इन प्रयासों को टेलीविजन पर खूब प्रचारित किया जाए, इसे देखकर बाकी अपने आप राह पर आ जाएंगे। तो क्या इसके विरोध में एक नया आंदोलन खड़ा हो जाएगा? हो सकता है। लेकिन मौजूदा किसान आंदोलन पहले ही पुरानी खबर बन चुका है और प्रदूषण से कोविड महामारी में इजाफा होने पर त्रस्त जनता की सहानुभूति में और कमी होगी। यह संदेश साफ और ऊंचे सुर में पहुंचे, इसे सुनिश्चित किया जाए और यह काम ह्य56 इंच का सीनाह्न वाले को जिताऊ-वोटें दिलवा सकता है।



-तारा कार्था

> जाहिर है, सर्वप्रथम हमें पराली जलाने से रोकना होगा। यह वास्तव में विरोधाभासी है कि दिल्ली की सीमाओं पर धरने पर बैठे किसानों ने सरकार से पहला वचन यही लिया कि पराली जलाने पर जुमार्ना नहीं लगाया जाएगा। परिणामस्वरूप हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में यह एकाएक प्रदूषण बढ़ने का कारण बना और जैसा कि अनुसंधान बताते हैं।

दूसरा, वातावरण परिवर्तन पर होने वाले सम्मेलनों में जो उच्चस्तरीय सुझाव हमें सुनने को मिलते हैं, उन्हें एक तरफ रखा जाए। प्रदूषण में सबसे बड़ा आम कारक है जमीन से उठते धूल कण और यह सब तरफ फैल जाते हैं, चूंकि सरकारों को अनाप-शनाप पैसा खर्चने का चाव होता है, लिहाजा सड़क साफ करने वाली महंगी मशीनें खरीद लेती हैं। उदाहरणार्थ गुरुग्राम नगर निगम ने ऐसी 6 मशीनें तो खुद की खरीदी हैं, प्रत्येक की कीमत 1 करोड़ है, और कुछेक 30 लाख रुपये प्रति माह किराए पर ले रखी हैं। यह कोढ़ में खाज करने जैसा है। गुरुग्राम इलाके में भवन निर्माण से भारी मात्रा में धूल और मलबा पैदा होता है। खाली पड़े लंबे-चौड़े सरकारी मैदान हैं, चूंकि वहां की मिट्टी-गारा तक कहीं और इस्तेमाल के लिए निकाला जा चुका है, लिहाजा जरा-सी हवा चलने पर बंजर पड़ी जमीन से धूल उड़ने लगती है। इसका आसान उपाय है घास लगाना। एक बार मानसून होने पर, यह हर उस जगह पर मजबूत जड़ पकड़ लेगी जहां अभी धरती की ऊपरी सतह पूरी तरह बर्बाद नहीं हुई है। यदि खुद से घास नहीं फैले-फूले तो एक अभियान चलाकर रोपी जा सकती है, इस पर होने वाला खर्च मशीनों पर लगे धन की तुलना में अंशमात्र होगा। इसी बीच नगर निगम जो हर साल जंगली झाड़-झंखाड़ काटने को दल भेजने पर गर्व करता है, ये मुहिमें रोकनी होंगी। घास न केवल मिट्टी को जकड़कर रखती है बल्कि वातावरण को ठंडा भी करती है।

बड़े भवन निमार्ताओं (बिल्डर्स) को सख्त आदेश दिए जाएं कि सालाना छंटाई की आड़ में वे पेड़-पौधे बर्बाद नहीं करेंगे। अगली मर्तबा करते वक्त कोई ऐसा आसपास होना चाहिए, जो समझा सके कि छंटाई का असली मतलब क्या होता है। लेकिन फिलहाल न तो किसी वनस्पति का एक पत्ता तक कटे और न ही उखाड़ी जाए। जिलाधीश को यह आदेश तमाम रेजीडेंट वेलफेयर संगठन और स्थानीय निकायों को एकदम सुस्पष्ट करने की जरूरत है।वह एक क्षेत्र जिसे अक्सर नजरअंदाज किया जाता है या जो अनियमित वर्ग में आता है, वह है कचरे का पुनर्चक्रीकरण और कबाड़ इकट्ठा करने वाली एजेंसियां, जो ज्यादातर एक माफिया की तरह काम कर रही हैं और इनमें चीन के निवेशकों का पैसा लगा है।

सरकार को चाहिए कि इन्हें अपनी निगरानी में लाकर, कड़ी नियमावली लागू कर इस पेशे को नियमित वर्ग में शामिल करे।

(लेखक पर्यावरणविद हैं।)

## खास बात

# प्रसिद्ध शक्तिपीठ प्रयागराज

**अभिनव गुप्त**

**प्रमुख** रूप से उन तीर्थों को शक्तिपीठ कहा गया, जहां-जहां माता सती के शरीर के विभिन्न अंग गिरे। मान्यतानुसार प्रयागराज में माता सती के दाहिने हाथ की अंगुलियां गिरी थीं। अतः संगम नगरी का आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व यहां स्थापित मां अम्बे के शक्तिपीठ के कारण अधिक बढ़ जाता है। प्रमुख रूप से प्रयाग में देवी माता के तीन पौराणिक मंदिर हैं- अलोपी देवी, ललिता देवी और कल्याणी देवी। अलोपी देवी का मंदिर दारागंज क्षेत्र में है। तंत्रचूड़ामणि में इस तीर्थ का उल्लेख मिलता है। यहां माता के दर्शन एक झूले के रूप में होते हैं, जो एक चबूतरे पर स्थापित है। झूले (खटोले) के नीचे चबूतरे पर एक छोटा-सा कुंड है, जिसमें जल भरा रहता है। भक्तजन झूले को माता के प्रतीक रूप में ही शीश नवाते हैं। गंगा घाट इस मंदिर के निकट ही है।

शक्तिपीठ के रूप में ही पूजित ललिता देवी का प्रसिद्ध मंदिर यमुना किनारे के मीरापुर क्षेत्र में है। यहां माता का प्राचीन विग्रह विराजमान है। मंदिर प्रांगण में भोलेनाथ शिवलिंग रूप में सुशोभित हैं। ललिता देवी मंदिर के निकट कुछ ही दूरी पर माता कल्याणी देवी का मंदिर है। प्रयाग की अधिष्ठात्री देवी माता कल्याणी देवी को माना जाता है। तंत्रचूड़ामणि में उल्लेख आता है ह्यअंगुली वृन्दहस्तस्य प्रयागे ललिता भवह्न अर्थात? सती माता की अंगुलियां गिरने से प्रयाग में ललिता देवी एवं भव नामक भैरव प्रतिष्ठित हुए। मत्स्य पुराण के वर्णित 108 शक्तिपीठों में भी माता कल्याणी व ललिता देवी का नाम मिलता है।

ब्रह्म वैवर्त पुराण के अनुसार त्रेता युग में महर्षि याज्ञवल्क्य जी ने मां की आराधना करके कल्याणी देवी शक्तिपीठ पर 32 अंगुल की प्रतिमा स्थापित की। मां कल्याणी को ही महर्षि भारद्वाज की अधिष्ठात्री देवी कहा गया है। प्रत्येक वर्ष चैत्र एवं आश्विन मास के नवरात्र में इन देवी पीठों पर श्रद्धालु लंबी-लंबी कतारों में लग कर दर्शन प्राप्त करते हैं। मेले के दौरान यहां का दृश्य अति मनोहारी होता है। कथा, सत्संग इत्यादि में भक्तजन बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं।

**कौन है** जो दूसरों को दुःख अपना दे सकेगा,
कौन है जो दूसरों से दुःख उसका ले सकेगा उस नयन से बह सकी कब इस नयन की अश्रु -धारा
क्या करूँ संवेदना लेकर तुम्हारी क्या करूँ , क्या करूँ। पिताजी की पंक्तियां
– अमिताभ बच्चन

## आपके ट्वीट

**झारखण्ड** महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में लगातार चौथी जीत के लिए टीम इंडिया को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।
आज अपने-अपने मैच जीतने के लिए चीन और कोरिया की टीम को भी हार्दिक बधाई। – **हेमंत सोरेन, सीएम**





**साठ** के दशक में जनसंघ ने एक प्रस्ताव पारित किया था कि भारत को परमाणु परीक्षण करना चाहिए। अटलजी ने परमाणु विस्फोट करके दिखाया। अब अग्नि का परीक्षण हुआ है।
**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# तुम जैसे हो वैसे रहो

## विचार-प्रवाह

**-रमणा महर्षि**

प्रश्नः आपने कहा है कि दिल स्वयं का केंद्र है।

भगवानः हाँ, यह स्वयं का सर्वोच्च केंद्र है। आपको इसके बारे में कोई संदेह नहीं है। असली आत्म जीव या अहंकार के पीछे हृदय में होता है।

प्रः अब मुझे यह बताते हुए प्रसन्न हो जाओ कि यह शरीर में कहाँ है।

भगवानः आप इसे अपने मन से नहीं जान सकते। आप कल्पना से इसे महसूस नहीं कर सकते, जब मैं आपको बताता हूं कि यहाँ केंद्र है [छाती के दायीं ओर इशारा करते हुए]। यह महसूस करने का एकमात्र सीधा तरीका कल्पना करना बंद करना और अपने आप को बनने की कोशिश करना है।

जब आपको एहसास होता है, तो आपको अपने आप लगता है कि केंद्र वहां है।

यह केंद्र है, दिल, जिसे शास्त्र में हृत-गुहा [दिल की गुफा], अरूल [कृपा], उल्लम [दिल] के रूप में कहा जाता है।

प्रश्नः मैंने किसी किताब में नहीं पाया है कि यह कहा गया है कि यह वहाँ है।

भगवानः मेरे यहां आने के बहुत बाद मैंने अष्टांगह्रिदयम के मलयालम संस्करण में एक श्लोक का जाप किया, आयुर्वेद [हिंदू चिकित्सा] पर मानक कार्य, जिसमें ओजस स्थान [शारीर जीवन शक्ति का स्त्रोत या प्रकाश के स्थान] को छाती के दाहिने ओर स्थित बताया गया है और कहा जाता है चेतना की सीट [संवित]. लेकिन मैं किसी अन्य काम के बारे में नहीं जानता जो इसे वहां स्थित होने के रूप में संदर्भित करता है।

- जैसे तुम हो वैसे रहो - डेविड गॉडमैन द्वारा

## कार्टून वर्ल्ड

पर्यावरण की चिंता ..



साभार : कार्टून मूवमेंट

# लोकल फोर वोकल की पीएम मोदी की घोषणा में दम है

## आर्थिक

**परीक्षा** वोकल फॉर लोकल की देशवासियों से भारत में बने उत्पाद खरीदने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के अभियान 'वोकल फॉर लोकल' को सफल बनाने का आग्रह किया। कोविड-19 के बचाव में एक अरब टीकों के लगने से देशभर में विश्वास का माहौल बना है। त्योहारी सीजन की वजह से भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञ और एजेंसियां अर्थव्यवस्था को लेकर उत्साहित हैं। दूसरी तरफ मांग में तेजी और वैश्विक मुद्रास्फीति के कारण भारत में कीमतें बढ़ने का अंदेशा है। खनिज तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल, खाद्य तेलों की महंगाई, धातुओं की कमी और कोयले की सप्लाई में दिक्कतों के कारण अर्थव्यवस्था में अड़ंगे पैदा होंगे। उत्सवों-पर्वों के अलावा अर्थव्यवस्था की सेहत और पारंपरिक कारोबार के नए खातों का समय होता है। महामारी के कारण बिगड़ी आर्थिक गतिविधियां पटरी पर वापस आ रही हैं। साथ ही सरकार और कारोबार की परीक्षा का यह समय है। कोविड-19 के बचाव में एक अरब टीकों के लगने से देशभर में विश्वास का माहौल बना है। त्योहारी सीजन की वजह से भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञ और एजेंसियां अर्थव्यवस्था को लेकर उत्साहित हैं।

दूसरी तरफ मांग में तेजी और वैश्विक मुद्रास्फीति के कारण भारत में कीमतें बढ़ने का अंदेशा है। खनिज तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल, खाद्य तेलों की महंगाई, धातुओं की कमी और कोयले की सप्लाई में दिक्कतों के कारण अर्थव्यवस्था में अड़ंगे पैदा होंगे। भारत इस वित्त वर्ष में 9.5 फीसदी और अगले वित्त वर्ष में 8.5 फीसदी की संवृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

मूडीज ने भारत की साख को बेहतर करते हुए नकारात्मक से स्थिर श्रेणी में कर दिया। उसका कहना है कि एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में पुनरुद्धार जारी है और चालू वित्त वर्ष में संवृद्धि दर महामारी से पहले के मुकाबले बेहतर होगी। एक जमाने में विदेशों में बने सामान में लोगों की दिलचस्पी होती थी, लेकिन आज मेक इन इंडिया की ताकत बढ़ रही है। पिछले साल दिवाली के समय लोगों के दिलो-दिमाग में तनाव था, लेकिन अब टीकाकरण अभियान की वजह से भरोसा है। उन्होंने कहा, मेरे देश में बने टीके मुझे सुरक्षा दे सकते हैं तो देश में बनाए गए सामान भी मेरी दिवाली को और भव्य बना सकते हैं। इस साल मार्च के बाद से निर्यात में भी वृद्धि हुई है। वैश्विक व्यापार में सुधार के कारण इंजीनियरिंग माल, कपड़ों, रासायनिक उत्पादों के निर्यात में वृद्धि हुई है।

माल और सेवा के संयुक्त निर्यात में सितंबर में पिछले साल की इसी अवधि में हुए निर्यात के मुकाबले 22 फीसदी की वृद्धि हुई। निर्यात ने महामारी शुरू होने से पहले के आंकड़े को पार कर लिया है। राजकोषीय घाटा अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान घटकर बजट अनुमान का 35 प्रतिशत रह गया है, जो पिछले साल की इसी अवधि में बजट अनुमान का 115 प्रतिशत था। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा चार साल के निम्नतम स्तर 5.26 लाख करोड़ रुपये रह सकता है। दूसरी तरफ कुल व्यय बजट अनुमान से ज्यादा हो सकता है। उत्साह का मुख्य कारण है सितंबर में राजस्व में हुई 50 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि। अग्रिम कर और अप्रत्यक्ष कर में तेज बढ़ोतरी हुई है। महालेखा नियंत्रक के आंकड़ों से पता चलता है कि सरकार को सितंबर तक 10.8 लाख करोड़ रुपये (2021-22 की कुल प्राप्तियों के बजट अनुमान की तुलना में 27.3 प्रतिशत) मिले हैं। इसमें 9.2 लाख करोड़ रुपये कर राजस्व, 1.6 लाख करोड़ रुपये गैर कर राजस्व और 18,118 करोड़ रुपये गैर ऋण पूंजीगत प्राप्तियां हैं।

## लेटर टू एडिटर

### अनुचित आरोप

**वायु** प्रदूषण को लेकर पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत को कोसा। वह अमेरिका में प्रदूषण न होना बता कर हर बार जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर भारत, चीन और रूस पर आरोप लगाते आये हैं। वायु प्रदूषण के अलावा अमेरिका में ध्वनि प्रदूषण भी ज्यादा है। वायु प्रदूषण को रोकने के लिए सभी देशों की समान जिम्मेदारी है। यह किसी एक देश के लिए चुनौती नहीं है।

– **विवेक सिन्हा, बरही**

### सीधी बात

**राजनेता** अभी भी लोगों को भटकाने में ही लगे हैं। लेकिन देश की जनता इतनी समझदार है कि वह किसी भी प्रकार के झांसे में नहीं आती है। देश का औद्यौगिकीकरण हो यह जरूरी है लेकिन बिहार और झारखंड इसमें लगातार पिछड़ते जा रहें हैं जिससे आने वाले दिनों में दोनों ही राज्य बड़ी कठिनाई में फंसने जा रहे हैं। नेताओं के मजे है पीसेगी तो जनता ही।

– **नरेन्द्र कुमार, रांची**

# ईसा पूर्व 300 वर्ष पूर्व से राजाओं शान में होती थी आतिशबाजी

## पर्व-त्योहार

**अंकित सिंह**

चीन से धीरे-धीरे यूरोपीय देशों में पहुंच गया। बारूद के फामूर्ले का आविष्कार रोजर बेकन नाम के एक यूरोपीय रसायनविद ने किया था। 13वीं और 15वीं शताब्दी में चीन से निकलकर पटाखे अब यूरोप और अरब के साथ-साथ दुनिया में फैल रहे थे।

दिवाली का त्यौहार आने वाला है। ऐसे में सभी जश्न में सराबोर हो जाते हैं। लोग अपने घरों को तो दियों से सजाते ही हैं। लेकिन बच्चों में पटाखा चलाने को लेकर गजब की उत्सुकता देखी जाती है। इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि आखिर पटाखा चलाने की परंपरा कहां से शुरू हुई? इसका इतिहास क्या है? आज हम आपको इसी के बारे में बता रहे हैं।

इतिहास में अगर झांकने की कोशिश करें तो पटाखों की शुरूआत भाई 2200 साल पहले चीन में हुई थी। बताया जाता है कि शुरूआत में बांस की छड़ो को पटाखे के रूप में इस्तेमाल किया जाता था जिन्हें आग में डालने के बाद गांठ के फटने की आवाज निकलती थी। इसके बाद से चीन में एक परंपरा शुरू हो गई जिसमें आग में बांस डालकर फटने की आवाज को शुभ माना जाता था।

हालांकि बाद में चीनी सैनिकों ने इससे जुड़ा एक नया अविष्कार कर लिया। चीन के कुछ इलाकों में पहाड़ से पीले रंग की मिट्टी को लेकर बगीचे में डाली गई जहां पहले से ही कोयले के टुकड़े पड़े हुए थे। धूप निकलने के बाद वहां जोर का धमाका हुआ और आसपास के पेड़ राख हो गए। उसके बाद से इन सैनिकों ने बांस की नली में उन बारूदों को भरना शुरू किया जिसके बाद उनसे आवाज होने लगी।

### दुनिया में कैसे फैला

चीन से धीरे-धीरे यूरोपीय देशों में पहुंच गया। बारूद के फामूर्ले का आविष्कार रोजर बेकन नाम के एक यूरोपीय रसायनविद ने किया था। 13वीं और 15वीं शताब्दी में चीन से निकलकर पटाखे अब यूरोप और अरब के साथ-साथ दुनिया में फैल रहे थे। यूरोप के शासकों ने जश्न के समय प्रजा को खुश करने के लिए खूब आतिशबाजी कराने की शुरूआत की। इसके बाद पटाखा धीरे-धीरे अमेरिका भी पहुंच गया जहां स्वतंत्रता से पहले खूब आतिशबाजी हुई थी।

### भारत में इतिहास

भारत में पटाखों का इतिहास भी काफी पुराना है। 300 ईसा पूर्व में रचे गए कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी पटाखों का भी जिक्र है। लेकिन पटाखों को शुरू में बारूद की ही श्रेणी में रखा गया था। 1526 में मुगल सेना के आने के साथ ही देश में पटाखों का खूब इस्तेमाल हुआ जिसका डर भारतीय सैनिकों में भी देखा गया। माना जाता है कि अगर उस वक्त पटाखों की परंपरा रही होती तो शायद सिपाही इससे इतना नहीं डरते। हालांकि एक इतिहासकार ने यह भी दावा किया है कि 1443 में रामनवमी त्योहार के दिन इस बाजी हुई थी। इसके अलावा एक पुर्तगाली यात्री के हवाले से यह भी लिखा गया है कि 1518 में गुजरात के एक ब्राह्मण परिवार के शादी में जोरदार तरीके से आतिशबाजी की गई थी। हालांकि उस समय आतिशबाजी की परंपरा सामान्य तौर पर नहीं थी। लेकिन 17वीं और 18वीं शताब्दी में दिल्ली और आगरा में आतिशबाजी की परंपरा बढ़ी। उस समय आतिशबाजी राजा महाराजाओं की शान की पहचान होने लगी। त्योहारों, शादियों और जश्न के समय खूब आतिशबाजी होती थी।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### फ्लाई एश के लिए हुआ एमओयू



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड के दो गांव लेम एवं बारीडीह में फ्लाई ऐश इंटरलॉकिंग यूनिट स्थापित करने हेतु गुरुवार को जिला प्रशासन रामगढ़ एवं सीसीएल दरभंगा हाउस, रांची के बीच एमओयू हुआ। इस दौरान सीसीएल दरभंगा हाउस रांची की तरफ से जीएम एसडी एवं सीएसआर लादी बालकृष्ण एवं जिला प्रशासन रामगढ़ की तरफ से प्रखंड विकास पदाधिकारी, पतरातु मनोज कुमार गुप्ता द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। गौरतलब है की एमओयू के उपरांत सीसीएल दरभंगा हाउस रांची द्वारा सीएसआर के तहत पतरातू प्रखंड के दो गांव लेम एवं बारीडीह में फ्लाई ऐश इंटरलॉकिंग यूनिट के लिए 63 केडब्लूए के दो ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाएंगे।

### विस्तारक मनोनीत हुए सत्यजीत चौधरी



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय पदाधिकारियों के निर्देशन में झारखंड प्रदेश ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी तैयारियां अभी से शुरू कर दिया है। इसी के निमित्त भाजपा ने कोलकाता में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया था जिसमें बिहार बंगाल,झारखंड ओडिसा,असम,अरुणाचल प्रदेश सहित सभी नौ राज्यों से चुने गए लोकसभा विस्तारकों को आमचुनाव हेतु संगठन के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष,संगठन महामंत्री बिहार भीखू भाई दलसानिया,संगठन महामंत्री बंगाल सहित अन्य पार्टी एवं संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षित कर विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में भेजा जा रहा है।
इसी के तहत झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करने की रणनीति के तहत पूर्णकालिक लोकसभा विस्तारकों का चयन हुआ।

### पंसस ने गरीबों को दिया कंबल



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत के भाग 01 एवं भाग दो के पंसस बेबी कुमारी एवं शम्भु कुमार ने बुचीटुंगरी में गरीब, वृद्ध, विधवा असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर मिलने वाले लाभ से पंचायत का कोई भी व्यक्ति उपेक्षित नहीं होगा। कहा कि सरकार ने गरीबों को ठंड से बचाने के लिए कंबल दिया है। उन्होंने कहा कि गरीबों व असहायों को राहत पहुंचाना ही सबसे पड़ा पुण्य का काम है। समाज के संपन्न लोगों को ऐसे निर्धन व असहाय लोगों के प्रति मानवता रखनी चाहिए। मौके पर प्रदीप कुमार, नंदलाल शर्मा सहित कई मौजूद थे।

### मुखिया ने किया आंगनबाड़ी का निरीक्षण



**रजरप्पा ।** चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत मुखिया अरविंद कुमार सिंह ने अपने पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय बड़कीपोना, नव प्राथमिक विद्यालय फूलवार, आंगनबाड़ी केंद्र (तेतर टोला) एवं कल्याण टोला आँगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। मुखिया ने एमडीएम संचालन, रसोईघर, बैठक एवं कक्षा संचालन संबंधी जानकारी ली। मुखिया ने छात्र छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई लिखाई करने तथा नियमित स्कूल आने का नसीहत दिया। मौके पर शिक्षक बबलू कुशवाहा, दिलीप कुमार, निर्मल कुमार, पिंटू शर्मा आदि मौजूद थे।

### चिकित्सा पदाधिकारी ने किया पदभार ग्रहण,

भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल बरका–सयाल के नये क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एके टोप्पो ने गुरूवार को सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के दौरान आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल परिवार ने नये क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एके टोप्पो को बुके देकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी गई। इस दौरान अस्पताल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने डॉ एके टोप्पो के सम्मान में स्वागत–गान भी गाया। मौके पर डॉ नदीम अनवर, डॉ सुनील कुमार, केडी शरण, ललन प्रसाद, फारूक रजा, सिस्टर कुजूर, टोप्पो, गणेश, रीता, रुकसाना, ओम प्रकाश, मुन्नी, सरस्वती, अमलेश, बाबू दास, सुनीता, मुनको, पंचू, जायवंती, पूनम, वीणा, चिंता, शांति सहित अस्पताल के समस्तकर्मी मौजूद थें।

### शाखा प्रबंधक का जोरदार स्वागत

भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड स्टेट को–ऑपरेटिव बैंक भुरकुंडा शाखा के नए शाखा प्रबंधक अमित सिन्हा का गुरूवार को जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान शाखा के असिस्टेंट मैनेजर राजेश कुमार, चिकोर पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा, भुरकुंडा पैक्स के अध्यक्ष गीता देवी आदि ने नये शाखा प्रभारी अमित सिन्हा को बुके देकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही पदभार ग्रहण करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई भी दी। इसके पहले पूर्व शाखा प्रबंधक शिव प्रकाश रंजन को उपहार देकर विदाई दी गई। स्वागत करने वालो में असिस्टेंट मैनेजर राजेश कुमार, चिकोर पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा, भुरकुंडा पैक्स के अध्यक्ष गीता देवी, देवरिया पैक्स अध्यक्ष राजदेव मुंडा, कंप्यूटर ऑपरेटर सनोज कुमार, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

### पुलिस ने बंद किया अवैध कोयला मुहाना

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के लपंगा–चोरधरा दामोदर नदी के समीप जंगल से लगातार अवैध कोयला खनन पर रोक लगाने की मुहिम सीसीएल प्रबंधन द्वारा चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को सीसीएल सुरक्षाकमीयी और भदानीनगर पुलिस ने अवैध कोयला उत्खनन हो रहे स्थल पर छापेमारी अभियान चलाया। जिसमे अवैध कोयला उत्खनन कर रहे चोरों ने सुरक्षा कर्मियों और पुलिस को देखकर भाग खड़ा हुए। सुरक्षाकर्मियों ने अवैध कोयला खनन स्थल को जेसीबी मशीन के माध्यम से कोयला मुहाना को डोजरिंग कर बंद कराया। मालूम हो की लपंग–चोरघरा पंचायत में बीते कई वर्षो से कोल माफियाओं द्वारा अवैध माइंस बनाकर कोयला की निकासी की जाती रही है। सीसीएल प्रबंधन और सुरक्षाकर्मी द्वारा कई बार अवैध खदान के मुहाने को बंद किया गया। मौके पर एरिया सिक्योरिटी इंचार्ज ने कहा की सीसीएल प्रबंधन लगातार अवैध कोयला निकासी पर रोक लगाने का प्रयास कर रही। आगे भी ये मुहिम जारी रहेगा।

# जुआ लुटने आये पांच लुटेरे ग्रामीणों के चढ़े हत्थे

## जमकर हुयी सभी की धुनाई, पुलिस को सौंपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इचाक।** थाना क्षेत्र के कारी माटी नदी किनारे चल रहे जुआ अड्डा लूटने आए पांच लुटेरों को ग्रामीणों ने धर दबोचा। घटना बुधवार तीन बजे दिन की है।लुटेरों को कारी माटी एरिया के नदी किनारे लाखों के जुए के विसात बिछने की भनक पूर्व में लग चुका था।जहां विभिन्न प्रखंडों के 60 से 70 जुआड़ी हर दिन अड्डा पर पहुंचे थे। बुधवार को जैसे ही विसात बिछने की सूचना लुटेरों को मिली।नौ की संख्या में हथियारों से लैस लुटेरों का दल जुआ अड्डा पर धावा बोल दिया। इस बार पहले से सचेत रहे जुआरी लूटेरो से भीड़ गए। दोनों ओर से हाथापाई होने लगी। जुआ अड्डा पर अपरा तफरी मच गई। लोगों के चीख पुकार से कारी माटी और गिरही गांव के लोग घरों से निकलकर जुआ अड्डा की ओर दौड़ पड़े। इसके बाद भीड़ बढ़ता देख लुटेरों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसी बीच लुटेरे खुद को ग्रामीणों से घीरता देख बरवां गांव की ओर भागने लगे। इस क्रम में बारवा गांव के युवक और ग्रामीणों ने साहस का परिचय देते हुए तीन लुटेरों को अशिया पहाड़ी के पास और दो को पकाही के पास धान के खेत में दौड़कर पकड़ लिया।ग्रामीणों ने पकड़े गए अपराधियों की धुनाई के बाद पुलिस को सूचना दी। लोगों ने बताया कि चार अपराधी ग्रामीणों के चंगुल से भाग निकले। अन्य पकडे गए आपराधियो को पुलिस ने अपने गिरफ्त में ले लिया है। पकडे गए अपराधी बिनोद राम पिता संजय राम, घनारा बस्ती, रांची रोड, आदित्य कुमार पिता राजू साव, ग्राम केशुरा, थाना मुफ्फसिल हजारीबाग, सौरव सिंह पिता गिरीश सिंह, कटकमसांडी, हजारीबाग, शिव बालक कुमार रविदास पिता लालुन रविदास, स्वांग गोमिया, सन्नी कुमार रविदास पिता राजकुमार रविदास, स्वांग गोमिया के बताये जा रहे हैं।

ज्ञात हो की इन्ही लुटेरों के खबर को खबर मन्त्र अखबार ने 28 अक्टूबर के संस्करण में प्रमुखता से छापा था। तीन दिन बाद ही इस खबर की तस्दीक हो गयी की जिले में ऐसे लूटेरे गिरोह सक्रिय है जो जुआरियों को लूटने में लगे है। जुवारी खुद अवैध जुआ खेलते हैं जिसके कारण लूट की सुचना पुलिस को नहीं दी जाती। सूत्र बताते हैं की इन लूटेरे के पांच से छह गिरोह हैं। सूत्रों के मुताबिक चौपारण के पांडेबरा और बरही के गौरिया कर्मा में भी 31 की रात को जुवेरियों को लूटा गया है जिसमे लाखो की रकम लूटेरे लूट गए ।इस बात को जुवारियों द्वारा दबा दिया गया। सबसे खतरनाक बात ये है की जुआ खेलने वालो में कई अपराधी प्रवृति की लोग होते हैं। कही ऐसा न हो की किसी दिन ये लूट गैंगवार का रूप अख्तियार कर ले और कोई बड़ी घटना घर जाए।

## हजारीबाग में जुआरियों को लूट रहे हैं नकाबपोश डकैत !

10 दिनों में 15 लाख से अधिक की लूट, जुआरी पुलिस को नहीं दे रहे सूचना



### पहले भी आया है ऐसा मामला

# अधिवक्ताओं के अनुशासन पर होगा विशेष ध्यान : अध्यक्ष

**संवाददाता खबर मंत्र**

### हजारीबाब बार काउंसिल के नये सदस्यों को मिला प्रमाण पत्र




हजारीबागः बार संघ के नई कमेटी के चुने गए सात पदाधिकारी और नौ कार्यकारिणी सदस्यों के बीच प्रमात्र पत्र का वितरण किया गया । गुरुवार को अधिवक्ता संघ के उपरी तल्ला स्थित सभागार भवन मे एक कार्यक्रम आयोजित कर सभी निर्वाचित अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। चुनाव प्रभारी कृष्णदेव शर्मा ,सहायक चुनाव प्रभारी डां संतोष पांडेय ,मनीष चन्द्रा ने बारी बारी से चुने गए अधिवक्ताओं को प्रमात्र पत्र दिया। वर्ष 2023-2025 दो वर्षो के लिए चुने गए पदाधिकारियों मे अध्यक्ष पद पर राजकुमार राजू ,उपाध्यक्ष पद पर विजय कुमार सिह ,महासचिव पद पर सुमन कुमार सिह ,कोषाध्यक्ष पद पर भरत कुमार ,उप कोषाध्यक्ष पद पर प्रवीण कुमार सिह ,संयुक्त सचिव प्रशासन पद के लिए दीपक कुमार ,संयुक्त सचिव लाइब्रेरी पद के लिए कुणाल कुमार शामिल है ।जबकि कार्यकारिणी सदस्य मे अनुराधा मिश्रा ,भैया सुमित सिन्हा ,शिवदत कुमार ,चन्द्रिका प्रसाद ,गौरी शंकर प्रसाद ,मनमीत कुमार ,मोहम्मद बहजाद , विभव कुमार और डां चंदन कुमार निर्वाचित घोषित किए गए हैं। बार संघ के अध्यक्ष राजकुमार राजू ने कहा कि इस बार अधिवक्ताओं मे अनुशासन और मोरल डबलपमेंट पर विशेष ध्यान दिया जायेगा ।उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की संख्या मे काफी बढोतरी हुई है ।उन्हें बैठने की समुचित व्यवस्था करना प्राथमिकता होगी ।सचिव सुमन कुमार सिह ने कहा कि विकास और कल्याणकारी योजनाओं से अधिवक्ताओं को लाभान्वित किया जायेगा ।इसके लिए नई कमेटी के तमाम पदाधिकारी और सदस्यों की सहभागिता जरूरी है ।इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता टीएन मिश्रा ने अपने ओर से सभी निर्वाचित अधिवक्ताओं को बुके देकर सम्मानित किया ।इस अवसर पर अधिवक्ता गौतम चक्रवर्ती ,अजय पांडेय.,दीपक अग्रवाल ,ममता श्रीवास्तव ,गौरव सहाय ,शंकर कुमार ,राजेन्द्र तिवारी ,कविता मिश्रा ,दीवाकर सहाय ,अमित प्रकाश,उमाकांत शर्मा ,रमेश सिह ,कौशल कुमार ओझा ,रीना वर्मा ,सुरेश तिवारी सहित काफी संख्या मे अधिवक्तागण मौजूद थे ।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सतर्कता दिवस

**हजारीबाग।** गुरुवार को इंडियन ओवरसीज बैंक, हजारीबाग शाखा के द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में अध्यक्षता इंडियन ओवरसीज बैंक, हजारीबाग के शाखा प्रबंधक, आशीष कश्यप ने की। मौके पर इंडियन ओवरसीज बैंक ,हजारीबाग शाखा के सहायक प्रबंधक आशीसन मार्की, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव, संजय उपाध्याय एवं विद्यालय के प्राचार्य ,दिनेश कुमार मिश्र की उपस्थिति में यह जागरूकता शिविर संपन्न हुआ। शिविर में बैंक के प्रबंधक ने बताया कि बैंक में यदि कोई खाता धारक लिखित शिकायत में अपनी पहचान नहीं बताता है तो इसे नियमों के अनुसार स्वीकार नहीं किया जाएगा। लेकिन अगर कोई शिकायत दर्ज कराते समय अपना नाम और पहचान गोपनीय रखना चाहता है तो शिकायत पर गौर किया जाएगा।

## विष्णुगढ में कृषक -पाठशाला का आयोजन

**विष्णुगढ़।** गुरुवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के द्वारा कृषिन्नोति, एक्सटेंशन रिफोर्म्स एसएमएई योजनान्तर्गत कृषक -पाठशाला का आयोजन किया गया` आयोजन भेलवारा पंचायत के गोलगो में आयोजित की गई ` जिसमे प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राणा सहायक तकनीकी प्रबंधक सुशील कुमार प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार समेत संचालक सरिता देवी मौजूद थे` कृषक- पाठशाला का विषय है ₹उन्नत तकनीक से मडुआ की खेती ₹ प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में सभी किसानों से परिचय का आदान प्रदान हुआ। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार के द्वारा सर्वप्रथम पाठशाला के महत्व अवगत कराया, पाठशाला के माध्यम से किसान के प्रक्षेत्र पर प्रत्यक्षण कार्य का आरंभ से अंत तक वैज्ञानिकगण के द्वारा प्रत्येक क्रांतिक अवस्था पर किसानों को उचित सलाह दी जाती है । ताकि रोगरहित अच्छा उत्पादन हो जिसे देखकर आसपास के किसानों में अच्छी फसल देखकर जिज्ञासा उत्पन्न हो सके ।खेती कार्य में उन्नत ढंग से खेती करने को बढ़ावा देने के साथ- साथ उत्पादन बढ़ाने के लिए नवतकनीक के इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित व आकृष्ट कराना ही आत्मा के द्वारा संचालित पाठशाला का मुख्य उद्देश्य है ।

## ए ला एंग्लाइज विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में गुरूवार को बच्चों में विज्ञान के प्रति वैज्ञानिक सोच को विकसित करने को ले विज्ञान सह कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीसीएल बरका-सयाल क्षेत्र के कार्मिक पदाधिकारी विवेक कुमार, फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में विद्यालय के सैकड़ो बच्चों ने विभिन्न प्रकार के वर्किंग मॉडल और क्राफ्ट बनाकर अतिथियों व अभिभावकों का मन मोह लिया।
बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलो का अवलोकन करते हुए अतिथियों ने इसकी खूब सराहना की। साथ ही बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों के आधार पर मुख्य अतिथि विवेक कुमार ने अंक भी प्रदान किया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के हैंडीक्राफ्ट का भी निर्माण किया जिसमें झारखंड विधानसभा तथा इसरो द्वारा निर्मित मून मिशन आकर्षक का केंद्र रहा। विवेक कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनो से बच्चों में बौद्विक क्षमता का विकास होता है। साथ ही बच्चो में नये ऊर्जा का संचार भी होता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान और कला के प्रदर्शनी से बच्चों में नवाचार का आचरण विकसित होता है। साथ ही सामाजिक समस्याओं का वैज्ञानिक समाधान खोज लेते हैं। प्रदर्शनी में चतुर्थ स्थान स्मार्ट ब्रिज और स्मोकिंग इफेक्ट एवं वर्किंग को संयुक्त रूप से दिया गया।


## उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा (खनन शाखा)

**बालू घाटों का MDO चयन हेतु अति– अल्पकालीन वित्तीय– निविदा आमंत्रण सूचना।**

| क्र0 | बालू घाट का नाम | प्रखण्ड | मौजा | प्लॉट नम्बर | रकबा (हे0 में) | Yearly Excavation in Tonnes | e- Tender Reference No :- | वेबसाईट में ई– निविदा प्रकाशन की तिथि | ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई– निविदा खोलने की तिथि | नियम एवं शर्तें | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Dudhi 01 | Jainagar<br>Chandwara<br>Chandwara | Jamkati<br>Kanko<br>Pokdanda | 1<br>135<br>987 | 0.38 | 3534 | Dudhi01/01/23-24 | 03.11.2023 | 10.11.2023 11.00 बजे पूर्वाहन तक | 11.11.2023 14.00 बजे | JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप | उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, कोडरमा। |
| 2 | Dudhi 02 | Chandwara | Kanko | 135 | 0.09 | 837 | Dudhi02/02/23-24 | | | | | |
| 3 | Dudhi 03 | Chandwara | Kanko | 135 | 0.16 | 1488 | Dudhi03/03/23-24 | | | | | |
| 4 | Dudhi 04 | Chandwara | Kanko | 135 | 0.18 | 1674 | Dudhi04/04/23-24 | | | | | |
| 5 | Dudhi 05 | Chandwara | Garaindih | 373 | 0.08 | 744 | Dudhi05/05/23-24 | | | | | |
| 6 | Dudhi 06 | Chandwara<br>Chandwara<br>Chandwara | Garaindih<br>Garaindih<br>Majhgaon | 699<br>373<br>799 | 0.65 | 6045 | Dudhi06/06/23-24 | | | | | |
| 7 | Akto 01 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Gopaldoh<br>Kakarcholi<br>Kakarcholi | 1361<br>1<br>307 | 0.74 | 6970.8 | Akto01/07/23-24 | | | | | |
| 8 | Akto 02 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Gopaldoh<br>Kakarcholi<br>Kakarcholi<br>Santh | 1361<br>1<br>307<br>731 | 0.63 | 5934.6 | Akto02/08/23-24 | | | | | |
| 9 | Akto 03 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Irgobad<br>Irgobad<br>Sarmatanr | 1110<br>1479<br>1 | 3.82 | 35984.4 | Akto03/09/23-24 | | | | | |
| 10 | Akto 04 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Behradih<br>Jogiatila<br>Jogiatila<br>Jogiatila<br>Mandaria | 1586<br>1700<br>753<br>1468<br>843 | 0.49 | 4615.8 | Akto04/10/23-24 | | | | | |
| 11 | Akto 05 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Behradih<br>Jogiatila<br>Jogiatila<br>Jogiatila | 1586<br>1700<br>753<br>1468 | 0.76 | 7159.2 | Akto05/11/23-24 | | | | | |
| 12 | Akto 06 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Behradih<br>Jogiatila<br>Jogiatila<br>Jogiatila<br>Tilokri | 1586<br>1700<br>753<br>1468<br>1502 | 0.94 | 8854.8 | Akto06/12/23-24 | 03.11.2023 | 10.11.2023 11.00 बजे पूर्वाहन तक | 11.11.2023 14.00 बजे | JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप | उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, कोडरमा। |
| 13 | Akto 07 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Tilokri<br>Tilokri<br>Jogiatila<br>Jogiatila<br>Jogiatila | 1502<br>1502<br>1700<br>753<br>1468 | 2.86 | 26941.2 | Akto07/13/23-24 | | | | | |
| 14 | Akto 08 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Jogiatila<br>Jogiatila<br>Jogiatila<br>Tilokri | 1700<br>753<br>1468<br>1502 | 1.69 | 15919.8 | Akto08/14/23-24 | | | | | |
| 15 | Akto 09 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Jogiatila<br>Jogiatila<br>Jogiatila<br>Tilokri | 1700<br>753<br>1468<br>1502 | 2.17 | 20441.4 | Akto09/15/23-24 | | | | | |
| 16 | Keso 01 | Markacho<br>Domchanch<br>Markacho<br>Markacho<br>Markacho<br>Markacho<br>Markacho | Birajpur<br>Nimadih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih | 1<br>1066<br>911<br>1129<br>1<br>1132<br>2 | 0.89 | 16767.6 | Keso01/16/23-24 | 03.11.2023 | 10.11.2023 11.00 बजे पूर्वाहन तक | 11.11.2023 14.00 बजे | JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप | उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, कोडरमा। |
| 17 | Keso 02 | Markacho<br>Markacho<br>Markacho<br>Markacho<br>Markacho<br>Domchanch | Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Nimadih | 911<br>1129<br>1<br>1132<br>2<br>1066 | 1.56 | 29390.4 | Keso02/17/23-24 | | | | | |
| 18 | Keso 03 | Markacho<br>Markacho<br>Markacho<br>Markacho<br>Markacho<br>Domchanch<br>Jainagar<br>Domchanch | Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Nimadih<br>Arwatanr<br>Ghutia | 911<br>1129<br>1<br>1132<br>2<br>1066<br>86<br>128 | 2.15 | 40506 | Keso03/18/23-24 | | | | | |
| 19 | Keso 04 | Markacho<br>Markacho<br>Markacho<br>Markacho<br>Markacho<br>Jainagar | Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Chandra | 911<br>1129<br>1<br>1132<br>2<br>1428 | 2.36 | 44462.4 | Keso04/19/23-24 | | | | | |
| 20 | Keso 05 | Markacho<br>Markacho<br>Markacho<br>Markacho<br>Markacho<br>Jainagar<br>Markacho<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Chandra<br>Nagirto<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia | 911<br>1129<br>1<br>1132<br>2<br>1428<br>391<br>1<br>286<br>925<br>916 | 3.18 | 59911.2 | Keso05/20/23-24 | | | | | |
| 21 | Keso 06 | Markacho<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Nagirto<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia | 391<br>1<br>286<br>925<br>916 | 1.91 | 35984.4 | Keso06/21/23-24 | | | | | |
| 22 | Keso 07 | Markacho<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Nagirto<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia | 391<br>1<br>286<br>925<br>916 | 0.6 | 11304 | Keso07/22/23-24 | | | | | |
| 23 | Keso 08 | Markacho<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Nagirto<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia | 391<br>1<br>286<br>925<br>916 | 0.33 | 6217.2 | Keso08/23/23-24 | | | | | |
| 24 | Keso 09 | Markacho<br>Jainagar | Nagirto<br>Badulia | 391<br>1 | 1.24 | 23361.6 | Keso09/24/23-24 | | | | | |
| 25 | Keso 10 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia | 1<br>286<br>925<br>916 | 0.39 | 7347.6 | Keso10/25/23-24 | | | | | |
| 26 | Keso 11 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Markacho | Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Chopnadih | 1<br>286<br>925<br>916<br>289 | 0.95 | 17898 | Keso26/26/23-24 | | | | | |
| 27 | Keso 12 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Markacho<br>Markacho<br>Markacho | Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Chopnadih<br>Beladih<br>Beladih | 1<br>286<br>925<br>916<br>289<br>1<br>904 | 3.74 | 70461.6 | Keso12/27/23-24 | 03.11.2023 | 10.11.2023 11.00 बजे पूर्वाहन तक | 11.11.2023 14.00 बजे | JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप | उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, कोडरमा। |
| 28 | Keso 13 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Markacho<br>Markacho | Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Beladih<br>Beladih | 1<br>286<br>925<br>916<br>1<br>904 | 1.74 | 32781.6 | Keso13/28/23-24 | | | | | |
| 29 | Keso 14 | Jainagar<br>Markacho<br>Markacho | Ambadih<br>Dasaro Khurd<br>Dasaro Khurd | 826<br>2263<br>1890 | 5.35 | 100794 | Keso14/29/23-24 | | | | | |
| 30 | Keso 15 | Jainagar<br>Markacho<br>Markacho | Ambadih<br>Dasaro Khurd<br>Dasaro Khurd | 826<br>2263<br>1890 | 3.21 | 60476.4 | Keso15/30/23-24 | | | | | |
| 31 | Keso 16 | Markacho<br>Markacho | Dasaro Khurd<br>Dasaro Khurd | 2263<br>1890 | 1.00 | 18840 | Keso16/31/23-24 | | | | | |

नोटः– 1. JSMDC, Ranchi द्वारा Category-A के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई– निविदा स्वीकार किया जाएगा।
2. विभाग एवं JSMDC, Ranchi द्वारा निर्गत नियमावली, शर्तों एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्तो एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई– निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी कोडरमा। | अपर समाहर्ता कोडरमा। | उपायुक्त कोडरमा।

PR.NO.310483 Mines and Geology(23-24):D

## स्पीड न्यूज

### इफको ने लगायी वृहद किसान सभा



**भंडरा।** प्रखंड के भिठा में एक इफको ने एक वृहद किसान सभा की। जिसमें भिठा, कचमची और आसपास के गांव के 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इफको प्रबंधक चंदन कुमार ने खेतों में लग रही सब्जी मटर एवं आलू की खेती में डीएपी एवं यूरिया खाद के कार्य एवं प्रयोग को बताते हुए कहा कि कैसे इफको द्वारा निर्मित इफको नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया किस प्रकार दानेदार डीएपी एवं यूरिया से बेहतर कार्य करता के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम को इफको के यू के सिन्हा, राज्य विपणन प्रबंधक एवं डीलर आनंद साहू ने भी संबोधित किया एवं उनसे निवेदन किया कि इफको नैनो उर्वरकों के प्रयोग कर मिट्टी और पर्यावरण को नुकसान से बचाते हुए अधिक उपज प्राप्त कर सकते हैं।

### नदी में डूबने से ग्रामीण की मौत



**जारी।** थाना क्षेत्र के श्रीनगर निवासी बसंत रौतिया (40) का लावा नदी में डूबने से मौत हो गयी। भाई अनिल रौतिया ने बताया कि वह सुबह बादाम उखाड़ा। उसके बाद लावा नदी में नहाने जा रहे हैं कह साबुन लेकर निकल गया। शाम 4 से 5 बजे ग्रामीणों ने जानकारी दी कि बसंत लावा नदी में डूब गया है। मैं गया तो देखा कि उसकी मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना ग्रामीणों ने जारी थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुअनि देवानंद राणा, पुअनि अंकु कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने में कब्जे में करते हुए थाना ले गये। समाचार लिखे जाने तक जारी पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा था।

### चेंबर सदस्यों ने किया एसडीओ का स्वागत



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा के नेतृत्व में गुरुवार को चेंबर का एक प्रतिनिधि मंडल एसडीओ राजीव नीरज से मुलाकात की और गुमला में उनका स्वागत किया। इस दौरान चेंबर सदस्यों ने एसडीओ से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। एसडीओ से मिलने वालों में चेंबर उपाध्यक्ष अभिजीत जयसवाल, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव नीरज गुप्ता, संजीव मालानी, मनीष गुप्ता शामिल हैं।

### रायपुर-धनबाद एक्सप्रेस वे निर्माण के विरोध में पदयात्रा आठ नवबंर से

**गुमला।** भारत माला परियोजना के तहत रायपुर-धनबाद एक्सप्रेस वे निर्माण के विरोध में अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा द्वारा आयोजित अस्तित्व बचाओ पदयात्रा आगामी 8 नवंबर को जिला मुख्यालय गुमला से शुरू होगी। तीन दिवसीय पदयात्रा का समापन स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत का पुश्तैनी गांव डुमरी प्रखण्ड के टांगरडीह में 10 नवंबर को किया जायेगा। महासभा के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा है कि भारत माला परियोजना नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा आदिवासियों और तमाम मेहनतकश तबका जो गांवों में निवास करती है उन्हें पूरी तरह समाप्त कर देने के लिए लिखी गई पटकथा है। लेकिन इतने बड़े सवाल पर भी स्थानीय सांसद मौन हैं। वैसी परिस्थिति में जनता के बीच जाकर अपनी बात रखना ही हमारा एकमात्र विकल्प बच गया है। पदयात्रा स्थानीय सरकारी बस डिपो से शुरू होकर रायडीह, चैनपुर तथा डुमरी के रास्ते टांगरडीह पहुंचेगा।इस आशय की सूचना डीसी, गुमला तथा सदर एसडीओ को दे दी गई है।यह जानकारी सुरेश प्रसाद यादव ने दी है ।

### मुक्तिधाम स्वर्ग का द्वार : कंवलजीत सिंह



**लोहरदगा।** हरमू स्थित भक्सो मुक्तिधाम लोहरदगा में रेलवे सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार राय के द्वारा अपने पूर्वजों की याद में पानी की टंकी (सिंटेक्स) एवं अन्य सामग्री अपने निजी खर्चे से लगवाई गई। मुक्तिधाम में पूर्व में एक पानी की टंकी थी, अब दो पानी की टंकी होने से आने वाले लोगों को और सुविधा प्राप्त हो सकेगी। श्री राय के द्वारा किए गए इस नेक कार्य के लिए केंद्रीय मुक्तिधाम समिति आभार प्रकट करती है एवं धन्यवाद देती है। मौके पर केंद्रीय मुक्तिधाम के संरक्षक कंवलजीत सिंह एवं अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता (मन्ना) ने कहा कि मुक्तिधाम ही स्वर्ग का द्वार है और इस पुण्य कार्य के लिए हम सभी रंजीत कुमार राय का आभार प्रकट करते हैं और दूसरी ओर केंद्रीय मुक्तिधाम को संचालन करने में आर्थिक सहयोग व अन्य सहयोग करने वाले दानदाताओं का भी आभार प्रकट करते हैं और पिछले लगभग चार दिनों से मुक्तिधाम के लिए लकड़ी संग्रह का कार्य कर रहे तमाम सदस्य जो इस कार्य में लगे हुए हैं उनका भी आभार प्रकट करते हैं। आभार प्रकट करने वालों में गोपाल गोयल, विनोद सिंह, सोहन साहू, सूरज अग्रवाल ,बरज सिंह, उदय दत्ता, रोहित साहू, संतोष लकड़ा, सीताराम गुप्ता, दिगंबर साहू ,सुमन साहू, प्रवीण चौरसिया, संजय बर्मन जयप्रकाश शर्मा, सुरेश ठाकुर, धर्मेंद्र भगत, सुनील छेत्री, लाल वीरेंद्र, मनोज डे, राकेश राय, संदीप भगत, सत्येंद्र शर्मा, राजू यादव, रमेश कुंवर आदि शामिल है।

### रोजगार मेला में 82 लोगों को ऑफर लेटर



**लोहरदगा।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवम कौशल विकास विभाग, लोहरदगा द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेला कार्यक्रम का आयोजन जिला नियोजन के परिसर में किया गया। कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी, लोहरदगा आईटीआई के प्राचार्य एवं एवं आईटीआई के इंस्ट्रक्टर परियोजना सहायक अखिल केरकेट्टा, यंग प्रोफेशनल श्रम मंत्रालय प्रवीर कुमार गोप तथा विभाग एवम प्रशिक्षण केंद्रों के लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से 10 कंपनी के प्रतिनिधि शामिल हुए कार्यक्रम में कुल 230 प्रतिभागी ने पंजीकरण करवाया जिसमें से 157 लोगों को शॉर्टलिस्ट किया गया। कार्यक्रम में कुल 82 लोगों को ऑफर लेटर दिया गया।

# प्रत्येक जीव को करना पड़ता है मृत्यु के सच को स्वीकार : फादर लिनुस

- कब्र पर्व पर संत पात्रिक कब्रिस्तान सहित जिले भर में दी गयी मृत परिजनों को श्रद्धांजलि
- मसीही विश्वासियों ने पुष्प अर्पित कर व मोमबती जलाकर कब्र पूजा की

खबर मन्त्र संवाददाता



कब्र पूजा पर खीस्तयागी मिस्सा कराते फादर लिनुस व अन्य पुरोहित।

**गुमला।** जिले के संत पात्रिक कब्रिस्तान में गुरुवार को कब्र पूजा का आयोजन किया गया। संत पात्रिक कब्रिस्तान में मसीही विश्वासियों ने अपने परिजनों की कब्र की पूजा की। इस अवसर पर खीस्तयागी मिस्सा का आयोजन किया गया। कब्र पूजा में शामिल धर्मविश्वासियों को संबोधित करते हुए गुमला धर्मप्रांत के प्रशासक फादर लिनुस पिंगल एक्का ने कहा कि मृत्यु बड़ा बलवान है। मृत्यु ने दुनिया में जन्में किसी भी चीज को नहीं छोड़ा। मृत्यु दुनिया का एक ऐसा सच है जिसे प्रत्येक जीव को एक ना एक दिन स्वीकार करना पड़ता है। ईश्वर ने प्रत्येक कृतियों को जीवन दिया है तो उसका अंत भी सुनिश्चित कर दिया है। फादर ने कहा कि आज के दिन हम अपने पूर्वजों व परिजनों की आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना करते हैं। मसीही विश्वासियों ने कब्र पूजा की तैयारी विशेष अंदाज में की थी। मसीहियों ने कब्रों की साफ-सफाई के साथ उसका रंगरोगन भी किया था।

# संस्कृति और सभ्यता ही हमारी असली पहचान: नीरू शांति भगत

खबर मन्त्र संवाददाता



जतरा में ग्रामीणों के साथ थिरकतीं अतिथि।

**कैरो।** प्रखंड के नगजुआ के बाजार टांड़ में ऐतिहासिक जतरा का आयोजन किया गया। इस जतरा में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सह झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, केंद्रीय प्रवक्ता अंजू देवी, कैरो प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत, नरौली पंचायत मुखिया अरविंद उरांव, बलराम साहू, चरकू सरदार, विजय सिंह उपस्थित थे। सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया। लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने कहा कि यह हम झारखंडियों का धरोहर है सम्मान है। पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत जब जीवित थे तब वह लोगों के बीच हमेशा हर पर्व में हर जतरा में जा के लोगों से मुखातिब हुआ करते थे और लोगों को हमेशा यही कहते थे कि हम सभी समय के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उसी तरह अपनी संस्कृति को भी आगे बढ़ाएं व युवाओं को भी शिक्षा की ओर अग्रसर करते हुए उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचने में सहायता करें।

# भरनो पुलिस ने नौ जुआरियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

- जुआरियों के पास से 7300 रुपये नगद, एक प्लास्टिक की चटाई, तास की एक गड्डी, एक मोबाईल, एक मारूति सुजुकी अल्टो कार, एक पैशन प्रो बाइक बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार जुआरियों के साथ एसपी व थाना प्रभारी।

**गुमला।** भरनो पुलिस ने नौ जुआरियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार जुआरियों में भरनो ब्लॉक चौक अमनपुर के श्रवण केसरी (27), नीरज केसरी (23), संजय कुमार (32), विनय उरांव (21), सौरभ सिंह (23), कैलाश गोप (32), श्रवण साहु (25), रतन केसरी (21) व रूपेश कुमार (28) के नाम शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 7300 रुपये नगद, एक प्लास्टिक की चटाई, तास की एक गड्डी, एक मोबाईल, एक मारूति सुजुकी अल्टो कार, एक पैशन प्रो बाईक और एक एमरजेंसी लाईट बरामद किया। इस संबंध में गुरुवार को अपने कार्यालय परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि भरनो थाना क्षेत्र के ब्लॉक चौक अमनपुर स्थित श्रवण कुमार केसरी के घर के बाहर काफी लोग इक्टठा होकर जुआ खेल रहे हैं और शोर गुल कर रहे हैं। सूचना के उपरांत थाना प्रभारी कृष्णा कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने छापामारी कर उपरोक्त सभी जुआरियों को गिरफ्तार किया।

**क्या बोले एसपी :** एसपी ने कहा कि जिले के सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे अपने क्षेत्र में कहीं भी जुआ चल रहा है तो उसे रोकें और जुआरियों को जेल भेजें। सामाजिक बुराई जुआ अपराध को जन्म देती है। ग्रामीणों को जुआ खेलाकर उन्हें गलत दिशा में मोड़ा जाता है। टीम में थाना प्रभारी कृष्णा कुमार के अलावे पुअनि सुरेंद्र कुमार, पुअनि शिवम गुप्ता, सअनि राजेश कुमार व थाना रिजर्व बल के जवान शामिल थे।

### कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने ग्रामीण विकास मंत्री से की अपील

# विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता और कनीय अभियंता को हटाने की मांग

- कार्यपालक अभियंता सूरज प्रकाश चौधरी व कनीय अभियंता दिलीप नायक के कार्यों से संबंधित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मी भी हैं नाखुश

खबर मन्त्र संवाददाता



मंत्री से मिलते उप प्रमुख।

**कूडू, लोहरदगा।** कुडु के उपप्रमुख सह जेएमएम नेता ऐनुल अंसारी ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से मिले। उन्होंने मंत्री को लोहरदगा विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सूरज प्रकाश चौधरी और कनीय अभियंता दिलीप नायक के कार्यों की जानकारी दी और इन दोनों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि योजना में अपने चहेते लोगों को लाभ देने और विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों को तरजीह नहीं देने सहित लोहरदगा जिले में विशेष प्रमंडल की योजनाओं में सरकारी राशि का बंदरबांट कर नियम विरूद्ध कार्य करते हैं।

**खास बातें :** लोहरदगा जिला झामुमो के सक्रिय नेता सह कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के नेतृत्व में छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सूरज प्रकाश चौधरी और कनीय अभियंता दिलीप नायक को लोहरदगा जिला से हटाने की मांग रखी है। इधर मंत्री के समक्ष ऐनुल ने बताया कि विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सूरज और कनीय अभियंता दिलीप नायक सरकारी नियमों को ताक पर रख अपने चहेतों को गलत तरीके से योजना देने और विभाग की विकास योजनाओं में सरकार के आदेशों को दरकिनार कर खुद की जेब भर रहे हैं। ये अपने ही विभाग के कई वरीय पदाधिकारी और कर्मियों की बातों को दरकिनार कर नियम विरूद्ध कार्य देकर झूठ का मुखौटा पहन सरकारी राशि का बंदरबांट करने में जुटे हुए हैं।

### बीओआई का ऋण चुकाओ शिविर आठ नवंबर को

**भंडरा।** बैंक ऑफ इंडिया भंडरा शाखा में 8 नवंबर को ऋण चुकाओ सुकून पाओ शिविर का आयोजन किया गया है। बैंक ऑफ इंडिया भंडारा शाखा के शाखा प्रबंधक रामनरेश प्रसाद ने बताया कि इस शिविर में पुराने ऋण धारकों को ऋण से मुक्ति हेतु समझौता के तहत ऋण मुक्त करने प्रयास किया जायेगा। भंडरा प्रखंड क्षेत्र में बहुत से ऋण धारक अपना दिन चुकता नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे लोगों के लिए यह सुनहरा अवसर है। जिसमें ऋण धारक उपस्थित होकर अपना ऋण चुकता कर ऋण मुक्त हो सकते हैं।

### 20 विद्यालयों में स्टेट एजुकेशन अचीवमेंट टेस्ट आज

**भंडरा।** सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों का स्टेट एजुकेशन अचीवमेंट टेस्ट परीक्षा भंडरा प्रखंड क्षेत्र के 20 विद्यालय में 3 नवम्बर को लिया जायेगा। इस टेस्ट की तैयारी आज कर ली गयी है। इस निमित्त चयनित विद्यालयों में छात्रों को सुबह 7 बजे ही विद्यालय में बुलाया गया है।

### सड़क निर्माण में लगे वाहन के धक्के से महिला की मौत

**डुमरी।** थाना क्षेत्र के कुटलू के पास सड़क निर्माण में लगे वाहन की चपेट में आने से 50 वर्षीय महिला मानकी देवी की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतका बस में अपनी बेटी को छत्तीसगढ़ भेजने आयी थी। इसी क्रम में नया रोड नावाडीह से कुरुंद मोड़ तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहन ने पीछे से आकर महिला को टक्कर मार दिया। जिससे मौके पर ही महिला की मौत हो गई। परिजनों के सहायता महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी लाया गया। जहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर डुमरी पुलिस अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### जब कोई व्यवसाय शुरू करें तो धैर्य रखें, सफलता जरूर मिलेगी : डीसी



**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, रांची द्वारा प्रायोजित विशेष घटक योजना के तहत अनुसूचित जाति के गण टपटेप, कारपेट दरी, शिल्पकारों के कौशल विकास हेतु आयोजित 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। इस मौके पर प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिला के किस्को प्रखण्ड के परहेपाट पंचायत में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त, लोहरदगा व अतिथियों द्वारा किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत नियमित रूप से इस हुनर का नियमित प्रैक्टिस करने की आवश्यकता है।

# जनजातीय ग्रामीण ओलंपिक में चयन को लेकर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

- ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभा को उचित प्लेटफार्म की जरूरत : रविंद्र भगत



**घाघरा।** जनजातीय ग्रामीण ओलंपिक में चयन को लेकर गुरुवार को चिल्ड्रेन एकेडमी रन्हे घाघरा में फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। मौके पर बिरसा मुंडा के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के डीआईजी रविंद्र भगत, कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे, थाना के सब इंस्पेक्टर टेकलाल महतो व अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पपर्चन किया। वहीं टूर्नामेंट का उद्घाटन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। फ्रेंडली टूर्नामेंट में दिल्ली से ट्रॉफी जीतकर आए बच्चों के बीच चिल्ड्रन एकेडमी रन्हे के छात्रों का मुकाबला हुआ। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीआरपीएफ के डीआईजी रविंद्र भगत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के पास प्रतिभा की कमी नहीं बस हम सभी को उन्हें एक बेहतर प्लेटफार्म तक ले जाने की जरूरत है।

# शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने का सुखदेव ने दिया भरोसा

खबर मन्त्र संवाददाता



**किस्को।** प्रखंड ग्राम निरहू के रहने वाले मुकिन खान की 12 वर्षीय पुत्री रूपी खातून का शव निरहू करंज मोड़ के किनारे कल मिला था। जानकारी मिलते ही गुरुवार को लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत निरहू गांव पहुंच शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि कांग्रेस शोकाकुल परिवारों के साथ है। मौके पर मौजूद लड़की के पिता मुकिन खान से श्री भगत ने कहा कि आपको पूरा न्याय मिले उसके लिए प्रयास करेंगे। मौके पर से ही उन्होंने एसपी हरीश बिन जमां से वार्ता कर उन्हें कहा कि बेगुनाह फंसे नहीं और दोषीवार बचे नहीं। इस संबंध में समुचित कार्रवाई का आग्रह किये। एसपी ने बताया कि थाना प्रभारी बगड़ू को अनुसंधान अधिकारी बनाये हैं जल्द खुलासा होगा। मौके पर लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू, अंजुमन के अध्यक्ष इमरान खान, अयूब खान, तौहीद खान आदि मौजूद थे।

# बीडीओ ने कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं को किया मोटीवेट

- दिये कई मार्गदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**घाघरा।** बीडीओ दिनेश कुमार गुरुवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहुंच कर 10वीं के छात्राओं को मैट्रिक की परीक्षा को लेकर मोटिवेट किया। साथ ही कई मार्गदर्शन दिये। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने वर्ग दसवीं के छात्राओं का मार्गदर्शन देते हुए मैट्रिक परीक्षा में गणित से संभावित प्रश्न पर चर्चा की। साथ ही सिलेबस से संबंधित कई प्रश्न पूछे। इस दौरान बीडीओ ने कहा की छात्राएं परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने को लेकर खुद को पहले मोटिवेट करें आप यह सोचे कि आपने जो पढ़ा है उन सभी सिलेबस के अंदर से ही परीक्षा के प्रश्न आएंगे। आप नित्य दिन पढ़ाई में 2 घंटा निकाले। जिसमें आप ने अब तक जो पढ़ाई की है उसका सारांश और निचोड़ निकालें।

### चैनपुर पेट्रोल पंप में एक महीना से नहीं है पेट्रोल-डीजल

**चैनपुर।** प्रखंड मुख्यालय के छतरपुर में स्थित में गणपति बप्पा पेट्रोल पंप पिछले एक माह से बंद है। जिसके कारण स्थानीय वाहन चालक किसान एवं प्रशासन को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। चैनपुर प्रखंड में मात्र एक पेट्रोल पंप संचालित है जो पिछले एक सप्ताह से पेट्रोल डीजल नहीं होने के कारण बंद पड़ी हुई है। आगे कब पंप में पेट्रोल डीजल आएगा यह भी पंप के संचालक नहीं बता पा रहे हैं। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

# संवेदक और विभागीय लापरवाही से लोग परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता



**भंडरा।** संवेदक की लापरवाही एवं विभागीय उदासीनता से भंडरा से कैरो भाया आकाशी सड़क का निर्माण कार्य 2 वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। निर्माण कार्य के कार्य प्रारंभ तिथि 20 जुलाई 2022 था। सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण करने की तिथि 19 जुलाई 2023 था। परंतु ठेकेदार की मनमानी रूप से काम करने से आज तक इस सड़क का निर्माण कार्य आधा भी नहीं हो सका है। भंडरा से आकाशी तक सड़क की स्थिति बदतर हो गई है। सड़क बनाने के नाम पर ठेकेदार सड़क की खुदाई कर 6 महीना से छोड़ दिया है। जिससे राहगीरों को वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# लोकसभा चुनाव को चुनौती के रूप में स्वीकारें कार्यकर्ता : चैतु उरांव

- संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत कामडारा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल कांग्रेसी।

**गुमला।** संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत कामडारा प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी की बैठक गुरुवार को सामुदायिक किसान भवन कामडारा में प्रखंड अध्यक्ष अजित केरकेट्टा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव, प्रखंड प्रभारी जहांगीर आलम, गौरी शंकर चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अजीत गुड़िया, जिला सचिव तरुण गोप, देव साहू, उपस्थित थे। चैतु ने कहा, आप सभी कांग्रेस के सचे सिपाही हैं। हम सभी को और अधिक मेहनत से काम करने की जरूरत है और संगठन को मजबूत कर आगामी लोकसभा चुनाव को हम सभी को चुनौती के रूप में स्वीकार करना होगा। इस बार कड़ा मुकाबला होगा। कांग्रेस को अधिक से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य हासिल करना होगा। केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत की सरकार बनानी है। यही हम सभी का एक लक्ष्य और संकल्प है। आप सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं से आग्रह होगा कि आप सभी डोर टू डोर सभी लोगों के घर जायें। उनसे मिलें और झारखंड सरकार की योजनाओं को विस्तारपूर्वक बतायें और लाभ लेने को कहें।

**खास बातें :** प्रभारी जहांगीर आलम ने कहा कि हमारा क्षेत्र हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, सरना सब मिलकर अच्छे से रहते लेकिन मोदी सरकार की करतूत कहीं हिंदू मुस्लिम को लड़ाना, कहीं ईसाइयों सरना को लड़ाना, जहां तक बीजेपी और आरएसएस का सवाल है, नफरत फैला कर गंदी राजनीति करती है। क्योंकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा का वैचारिक गुरु है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेता खुले मंच से अपने भाषणों से देश में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। इसके बावजूद भी पीएम मोदी चुप बैठे हैं। वे ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

# क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी पहली प्राथमिकता: सुखदेव भगत

- चरहू के ग्रामीणों से रूबरू हुए पूर्व विधायक, उनकी समस्याएं सुन निदान का किया प्रयास

खबर मन्त्र संवाददाता



ग्रामीणों से मिलते सुखदेव भगत।

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत किस्को प्रखंड के ग्राम चरहू पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर ग्रामीणों ने श्री भगत को बताया कि चरहू ग्राम में स्थित करंज बांध बिगत 4 वर्ष पूर्व ध्वस्त हो गया था जिसके कारण लगभग 100 एकड़ जमीन का सिंचाई से किसान वंचित हो गए हैं इसलिए जल्द से जल्द करंज बांध का जिर्णोद्धार कराया जाये। आरेया पंचायत स्तरीय जलापूर्ति योजना का कार्य विगत 3 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था जिससे तेतरदांड, महूगांव, चरहू, निरहू, आरेया के गांव में जलापूर्ति होता लेकिन आज तक यह काम अधूरा पड़ा है इस कार्य को जल्द पूरा कराया जाये।

**खास बातें :** चरहू उर्दू हाई स्कूल में प्लस टू विद्यालय खोलने, जर्जर सड़क का पीसीसी निर्माण कारने, मैरिज हॉल का निर्माण कारने सहित अनेक समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निदान करने की मांग किये। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। जन समस्याओं का निदान करना उनका दायित्व है। बदला नदी से निरहू चरहू गांव होते हुए महुगांव ग्राम तक सड़क का निर्माण 12 वर्ष पूर्व हुआ था जो काफी जर्जर हो गया है। इस सड़क का निर्माण कार्य की स्वीकृति ग्रामीण विकास विभाग ने दे दिया है जल्द ही इस सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा। झारखंड की इंडिया सरकार सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है।

# जन वितरण प्रणाली विक्रेता पर कार्डधारियों ने मनमानी का लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड अंतर्गत बेंदी पंचायत में जन वितरण प्रणाली विक्रेता के द्वारा मनमानी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जन वितरण प्रणाली विक्रेता के द्वारा बीते माह सितंबर और अक्टूबर के लिए लाभुकों से इ-पॉश मशीन में अंगूठा लगवाया गया और राशन मात्र एक माह का ही दिया गया। जिसे लेकर गरीब राशन कार्डधारियों के द्वारा गुरुवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी से लिखित आवेदन के माध्यम से शिकायत की है। दरअसल पुरा मामला चंदवारा प्रखंड के बेदी पंचायत के गांव हथपेड़वा, तुरियाटोला व आसपास के गांव से जुड़ा है, जहां राशन कार्डधारियों को गांव चौरीहचट्टान स्थित जन वितरण प्रणाली विक्रेता हिरामन सिंह के द्वारा राशन दिया जाता है। बताते चलें कि जन वितरण प्रणाली विक्रेता हीरामन सिंह के द्वारा लाभुकों का ई-पॉश मशीन में दो माह का अंगूठा लगवा कर एक महीने का राशन दिया गया है। वहीं राशनकार्डधारी जगनी देवी हथपेड़वा निवासी ने बताया कि अक्टूबर माह में दुर्गा पूजा से पहले एक महीने का राशन वितरण प्रणाली विक्रेता हीरामन सिंह के द्वारा दिया गया। उससे पिछले माह सितंबर में जो ई-पॉस मशीन को अंगूठा लगाया था उसका राशन नहीं दिया गया है।

आगे कहा राशन डीलर के द्वारा बोला गया कि अंगूठा लगाइए तभी अगले महीने का राशन आएगा, जिसके बाद राशन दिया जाएगा। वहीं राशनकार्ड धारी चिंता देवी ने बताया है कि तीन माह में मुझे डीलर द्वारा मात्र एक ही माह का राशन दिया गया। उक्त मामले को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु ने कहा कि लाभुकों का शिकायत मुझे प्राप्त हुआ है जो की एक गंभीर आरोप है, इसकी जांच कराई जाएगी। अगर मामला सत्य पाया गया तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## स्पीड न्यूज

### एकत्रित मिट्टी को नयी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर लेकर गये जिलाध्यक्ष



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपाई

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी के नेतृत्व में प्रखंड एवं जिले के कार्यकर्ता प्रखंड के सभी गांव के एकत्रित मिट्टी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर लेकर गए। जानकारी देते हुए भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता दिन-रात एक कर पूरे प्रदेश में गढ़वा जिला का सम्मान को बढ़ाया। साथ ही गढ़वा जिला से मेरी माटी मेरा देश कलश लेकर दिल्ली तक पहुंचाया। सभी कार्यकर्ताओं ने गढ़वा जिला में कमल फूल खिलाने का संकल्प लिया।

### उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चिरकुंडी में बच्चों के बीच पोशाक का वितरण



**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत मेघातरी पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चिरकुंडी में बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। इस दौरान प्रथम व द्वितीय वर्ग के 25 बच्चों को पोशाक वितरण मेघातरी पंचायत के उप मुखिया जीतू बहादुर, प्रबंधन समिति अध्यक्ष मुकेश कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजू कुमार, शिक्षक सुनील कुमार के द्वारा दिया गया। इस मौके पर प्रबंधन समिति के सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

### जिला आरसीएच पदाधिकारी ने नियमित टीकाकरण को लेकर किया क्षेत्र का निरीक्षण



**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतगावाँ के आंगनबाड़ी केन्द्र खुट्टा एवं बासोडीह का जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. कुलदीप कुमार ने निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने उपस्थित एएनएम, सहिया तथा सेविका को नियमित टीकाकरण की स्थिति में सुधार लाने, सभी लाभार्थियों तक सेवाओं की पहुंच तथा सेवाओं को गुणवत्ता बनाए रखने से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं को लेकर निदेश दिये। वहीं उन्होंने टीकाकरण सत्र स्थल पर एएनएम द्वारा मैत्री शिशु स्वास्थ्य रजिस्टर में उपलब्ध कराए गए ट्रैकिंग प्रपत्र में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की समस्त सूचनाओं को भरने, टीकाकरण सत्र में समस्त सेवाएं देने के उपरांत वर्क प्लान सेट में सेवाओं को अद्यतन करने हेतु निर्देश दिया।

### हंटरगंज आजीविका महिला संकुल समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के डुमरी पंचायत सचिवालय में बुधवार को जेएसएलपीएस की एक बैठक की गई ।बैठक की अध्यक्षता सीएफ एल की अध्यक्ष रूबी देवी के द्वारा किया गया ।इसका संचालन बीएपी अल्का कुमारी के द्वारा किया गया। इस बैठक में हंटरगंज आजीविका महिला संकुल स्वालंबी सहकारी समिति लिमिटेड संकुल का कार्य के बारे में चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से संकुल के सभी दीदी को बैंक से लेनदेन से संबंधित जानकारी दी गई। सामाजिक मुद्दा पर भी चर्चा की गई ।सीएलएफ के सभी पुस्तक का जांच एवं बैठक का तौर तरीका के बारे में बताया गया। बैंक से मिल रहे सुविधाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, मुद्रा लोन, केसीसी लोन तथा अन्य सुविधा समूह की जानकारी दी गई। महिलाओं को सरकार के द्वारा पहुंचा जा रहे लाभ के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर डीएम पप्पू कुमार, डीएम राजेश कुमार, मो. फरहान, बीपीएम सत्येंद्र कुमार के अलावे बीएपी अलका कुमारी तथा भी ओ ई सी मेंबर शामिल हुए।

### खनन इंस्पेक्टर एवं थाना प्रभारी ने किया बालू घाटों का निरीक्षण

**चतरा।** बालू की अवैध ढुलाई पर रोक लगाने एवं सरकार को राजस्व की लाभ को लेकर गुरुवार को कान्हाचट्टी प्रखण्ड के विभिन्न बालू घाटों का निरीक्षण खनन इंस्पेक्टर राजेश हांसदा एवं राजपुर थानां प्रभारी भोला नाथ दास पहुंचें। यह निरीक्षण उपायुक्त के निदेर्शानुसार निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मदगड़ा एवं बक्कुम्बा के बालू घाट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद श्री हंसदा ने बताया कि जिस बालू घाटों को चिंहित किया गया है उसी से बालू का उठाव करें। यदि इन दोनों बालू घाटों से बालू का उठाव न करके अन्यत्र से बालू उठाव होता है तो बालू के उठाव करने वालो पर कार्रवाई की जाएगी ।उन्होंने कहा कि बालू के दो लिए प्रखण्ड में दो घाटों का चयन किया गया है जिससे ही बालू उठाव करें।

# विधायक ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का जीर्णोद्धार

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** डेढ़ दशक पूर्व बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का जीर्णोद्धार एवं अवशेष कार्य का शिलान्यास गुरुवार को विधायक भानु प्रताप शाही के उपस्थिति में वयोवृद्ध भाजपा नेता सूर्यदेव राउत ने विवित पूजा अर्चना कर व शिलापट्ट का अनावरण कर किया। उक्त कार्य भवन निर्माण विभाग के तहत करीब 13 करोड़ रूपये की लागत से कराई जायेगी। मौके पर विधायक ने कहा कि भवनाथपुर के लिए आज स्वर्णिम दिन है, विधायक बनने के बाद अपने मंत्रित्वकाल के दौरान 2007 मे इसका शिलान्यास किया था, लेकिन हारने के बाद राजनितिक द्वेश के करण यह योजना अधूरा रह गया था। 10 वर्षों से हाई कोर्ट से लड़कर दुबारा आज इसका शिलान्यास किया हूं। नगरगढ़ के विधायक बने लोग हमेशा भावनाथपुर के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार के, करने के साथ है छल कपट करते आये है। इसका उदाहरण घाघरा माईनस है। जिसे झामुमो सरकार के साथ सांठ गांठ कर 2013 मे और तुलसीदामार डोलोमाइट खदान को भी



शिलान्यास करते विधायक

16 फ़रवरी 2020 को पूर्ण रूप से बंद करवाकर दोनों खदानो में कार्यरत 10 हजार मजदूरों को बेरोजगार कर दिया गया। कहा कि ढिबरी युग से निकालकर क्षेत्र में 20 घंटा बिजली दिलाने का काम आपके वोट के कोख से पैदा लेना भानु प्रताप शाही है। सभा को भाजपा नेता भगत दयानंद यादव, अनिल चौबे, संजय यादव, मनोज सिंह, ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव तथा संचालन मनोज पहाड़िया ने की। मौके पर अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानंद सोनी, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, बिपिन चौबे, राकेश रवि, अरुण गुप्ता, घनश्याम शुक्ला आदि लोग उपस्थित थे।

**तीन दर्जन लोग भाजपा में शामिल :** शिलान्यास कार्यक्रम में विभिन्न दलों को छोड़कर पहुंचे भवनाथपुर प्रखंड के तीन दर्जन लोगों ने भाजपा के प्रति निष्ठा जताते हुए पार्टी में शामिल हुए। भाजपा में शामिल हुए सूरज कुमार, आशिष चंद्रवंशी, नितेश पाठक, किशुनदेव राउत, कमलेश राउत, उमेश राउत, सुकन भुईयां, विवेक रजक, राजन सिंह आदि को विधायक भानु प्रताप शाही ने गमछा व माला पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल कराया।

### कोल वाहनों की लगी लंबी कतार ग्रामीणों में आक्रोश

**चतरा।** टंडवा के नईपारम दुन्दुआ मुख्य मार्ग नईपारम से दुन्दुआ तक गुरुवार को लगभग सैकड़ों हाइवा की लंबी कतार लग गई। सुबह से जाम किये हुए हाइवा पर लोगो की माने तो यह हाइवा आम जनता को जीना हराम कर दिया है। जबकी यह पब्लिक रोड हैं लेकिन इसमें जबरन इस रोड से दिन रात कोयले की ढूलाई हो रही है । हयवा का आना जाना से घटना होती रहती हैं जबकी सीसीएल को अपना रोड नही है फिर क्यो जनता की समान्य जिंदगी मे धूल गर्दो से परेशान किये हुवे है प्रशासन को जनता की हितो की रक्षा करनी चाहिए।

### ग्रामीणों ने अतिक्रमण का किया विरोध

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दानरो नदी के छठ घाट के किनारे कुछ लोगों द्वारा नदी के जमीन को अतिक्रमण कर उसमें हमेशा खेती किया जाता है। वही नदी के किनारे झाडी, बांस आदि होने से छठ व्रत को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसे लेकर गुरुवार को ग्रामीण गोलबंद होकर इसका विरोध किया। साथ ही ग्रामीणों ने कानूनी कार्रवाई के लिए अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम को आवेदन देकर कर उचित कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने नदी के बहाव क्षेत्र को चिन्हित करते हुए अतिक्रमण मुक्त करते हुए नदी की साफ सफाई एवं झाड़ी, बांस आदि की सफाई करने की मांग की है।

### यात्री का मोबाइल चोरी कर भाग रहा युवक गिरफ्तार

**कोडरमा।** आरपीएफ ने गाड़ी संख्या 12801 अप पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में यात्रियों का मोबाइल चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी की पहचान 34 वर्षीय शमीम खान उर्फ राजन पिता सलीम खान भादोडीह तिलैया निवासी के रूप में हुई है। वहीं बताया गया कि आरपीएफ के जवान रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या चार पर गश्त कर रहे थे, इसी दौरान पुरुषोत्तम एक्सप्रेस आयी तथा निर्धारित समय रूकने के बाद जब गाड़ी खुली, तो इंजन साइड वाली जेनरल बोगी से यात्रियों द्वारा चलती गाड़ी से चोर-चोर का शोरगुल किया गया, उसी समय एक व्यक्ति उक्त कोच से उतर कर भागते हुए दिखायी दिया, जिसे पकड़ लिया गया। उसके पाकिट तथा बैग से पांच मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ करने पर उसने बताया कि सभी मोबाइल यात्रा कर रहे यात्रियों के पास से चोरी की है।

# अंतर हाउस रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में अंतर हाउस रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चार हाउस ईस्ट, वेस्ट, नार्थ और साउथ हाउस के छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और एक से बढ़कर एक कलात्मक रंगोली का निर्माण किया। विद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रत्येक हाउस के छात्रों ने अपने रंगोली बनाने के कौशल का प्रदर्शन किया। वहीं विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने छात्रों के रंगोली को निरीक्षण करने के बाद कहा की इस प्रतियोगिता ने न केवल छात्रों की कलात्मक प्रतिभा को दर्शाया है बल्कि सभी हाउस के बीच टीम वर्क, सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा दिया है। वहीं विद्यालय के प्राइमरी वर्ग से ईस्ट हाउस से आरवी मोदी, आरोही राज, दिव्यांश सरोगी, तेजश कैलाश गंगवाल, वेस्ट हाउस से सिंधु कुमारी, उज्जवल राज, मो.अलकमा, लवली कुमारी, नार्थ हाउस से अभिषेक कुमार सिंह, अभिजीत कुमार शर्मा, रणवीर कुमार, खुशी कुमारी, साउथ हाउस से अदिति सिंह, समर प्रताप सिंह, परी कुमारी, शशि यादव शामिल हुए, जिसमे वेस्ट हाउस विजेता बानी, मिडिल वर्ग से ईस्ट हाउस से आन्वी मोदी, डोना सिंह, अंशुमन, निश्छल राज, वेस्ट हाउस से नित्या अग्रवाल, दीपांजलि, अजित कुमार, पियूष कुमार गुप्ता, नार्थ हाउस से अन्वी त्रिपाठी, रिद्धि कुमारी, आदर्श चौधरी, सूरज कुमार, साउथ हाउस से आयान गोप, कुमारी पीयुषी, नव्या जयसवाल, आकर्ष सोनी शामिल हुए जिसमें वेस्ट हाउस विजेता बनी एवं सेकेंडरी वर्ग से ईस्ट हाउस से मानसी कुमारी, नैतिक कुमार कपसिमे, यश भोजगरिआ, अनुराग कुमार, वेस्ट हाउस से अमन कुमार वर्मा, पियूष राज, नगमा खातून, राहुल कुमार तिवारी, नार्थ हाउस से सिया श्री, समीक्षा सिंह, साक्षी कुमारी, अनुराग कुमार यादव, साउथ हाउस से श्रेया रानी, कुसुम सैनी, उत्कर्ष राज, आदित्य कुमार सिंह शामिल हुए। वहीं वेस्ट हाउस प्रतियोगिता के विजेता बने।

## आगामी लोक सभा चुनाव की तैयारी और एसएसआर से संबंधित समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

# शत प्रतिशत योग्य बिरहोर परिवार को मतदाता सूची से जोड़ें: डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त चतरा अबु इमरान ने आगामी लोक सभा चुनाव एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित समीक्षात्मक बैठक कर दिए कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश। बैठक में मुख्य रूप से 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव की तैयारी, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर 2023 तक चलने वाले विशेष अभियान जिसमें फार्म 6, 7 एवं 8 समेत अन्य की बिन्दुवार समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि वैसे मतदान केन्द्र जो जर्जर स्थिति में हैं और जहां पहुंच पथ नहीं है वैसे मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु स्वीप गतिविधि के अंतर्गत चुनाव पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि स्वीप गतिविधि को ज्यादा से ज्यादा आयोजित कर मतदाताओं को अनिवार्य मतदान करने के लिए प्रेरित करें। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतापपुर द्वारा सही समय पर प्रतिवेदन नहीं देने पर कारण पृच्छा की गई। वहीं बैठक में पूर्व में हुए मतदान प्रतिशत का आकलन करते हुए आगामी चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो। पूर्व में हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत हाउस टू हाउस सर्वे की समीक्षा के क्रम में कहा कि जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है या वे कहीं अन्य जगह चले गए हैं उसके सत्यापन का कार्य करते हुए फार्म 7 भरवाकर उनका नाम मतदाता सूची से विलोपित करें। वहीं फार्म 6 को लेकर कहा कि सभी योग्य मतदाताओं का फार्म 6 भरकर मतदाता सूची में उनका नाम जोड़े। साथ ही कहा कि वैसे मतदाता जो स्थायी रूप से दूसरे जिले एवं राज्य में शिफ्ट कर गये है उन्हे भी चिन्हित कर मतदाता सूची से नाम हटाएं। वहीं मतदाता सूची में ब्लैक एण्ड वाईट फोटो, ब्लर फोटो है तो उसे हटाते हुए मतदाताओं का गुणवत्ता युक्त फोटो लगाएं। 80 वर्ष से ज्यादा उम्र के मतदाताओं को चिन्हित करने के साथ साथ दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। उन्होने कहा कि यह भी सुनिश्चित करें कि जिले के अंदर रह रहे आदिम जनजाति के परिवारों का शत प्रतिशत मतदाता सूची में नाम शामिल हो। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा अविनाश कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया अशोक प्रियदर्शी, पुलिस उपाधीक्षक केदार राम, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## एक नजर में

### खुद को जिंदा साबित करने के लिए दिव्यांग लगा रहा विभाग का चक्कर

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** प्रशासन की लापरवाही ने एक जिंदा दिव्यांग वृद्ध व्यक्ति को मुर्दा बना दिया है। इससे वृद्ध को ना कोई योजना का लाभ मिल रहा है और ना ही वे ठीक से अपना जीवन यापन कर पा रहा हैं। मामला शहर के चुड़ीहार मुहल्ला का है। जहां रहने वाला मो. शफीक को जिंदा होने के बावजूद दस्तावेजो में मृत दर्शा दिया। सत्यापन के दौरान सरकारी विभाग के कर्मचारियों ने यह खेल किया। करीब एक साल से दिव्यांग को जिंदा साबित करने के लिए विभागीय पदाधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। शफीक वृद्ध व दिव्यांग व्यक्ति हैं। आय का कोई स्त्रोत नहीं हैं। पेंशन पर ही वह निर्भर हैं। कई वर्षो से शफीक को पेंशन मिलती थी, लेकिन 2022 अक्टूबर माह में उसके जीवित होते हुए भी मृत घोषित कर पेंशन बंद कर दी। अब पीड़ित खुद को जिंदा दर्शाकर पेंशन चालू कराने के लिए कार्यालयों का चक्कर लगा रहा हैं। बैंक का भी चक्कर लगा रहा हैं। मो. शफीक ने कई बार प्रखंड कार्यालय व समाहरणालय में आवेदन दिया हैं। पदाधिकारियों से वृद्धा पेंशन चालू कराने की मांग की हैं। साथ ही गलत सत्यापन करने वालो के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की हैं। इस तरह के समस्या से कई वृद्ध परेशान हो रहे हैं। पदाधिकरी पेंशन चालू करने के बजाय सिर्फ आवेदन की मांग करते हैं। जिससे लोग परेशान हैं। इस संबंध में सामाजिक सुरक्षा के प्रभारी सहायक निदेशक विजय दास ने दिव्यांग से आवेदन की मांग की हैं।

### शांति क्लब कुब्बा और मारंगी फुटबॉल टीम टूर्नामेंट में बने संयुक्त विजेता



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** प्रखंड के कुब्बा गांव में दुर्गा पूजा मे आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का फाईनल मैच गुरूवार को खेला गया। शान्ति क्लब कुब्बा और मारंगी के बीच खेले गए फाइनल महा मुकाबले में दोनों टीमें बराबरी पर रही। अंततः निर्णायक मंडली ने दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया। जबकि तीसरे स्थान पर बेलहर फुटबॉल एकादश की टीम रही। विजेता टीमों को आयोजन समिति की ओर से मेडल, ट्रॉफी और नगद राशि देखकर सम्मानित किया गया। इस टूनामेंट में पत्थलगडा प्रखंड के अलावे गिद्धौर, सिमरिया व कटकमसांडी प्रखंड समेत विभिन्न प्रखण्डों के एक दर्जन से अधिक टीमों ने भाग लिया। मैच ऑफ द सीरीज कुब्बा टीम के रुपेश कुमार को दिया गया। मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि फुटबॉल मैच ग्रामीण परिवेश के खिलाड़ियों को तरासने और निखारने के उद्देश्य से अच्छा विकल्प है। यह खेल आपसी सौहार्द भी बनती है। मौके पर बरवाडीह पंचायत मुखिया संदीप कुमार सुमन, समाजसेवी बिमल कुमार सिंह, अरविंद ठाकुर, आयोजन समिति अध्यक्ष बबलू राम, सचिव राजदीप दांगी, टीम सम्पर्क प्रभारी चंदन राज, कोषाध्यक्ष राजा सिंह, अर्जुन ठाकुर, पूर्व मुखिया सतीश दांगी, विदेशी राम, रामकुमार ठाकुर, दशरथ राम, तारकेश्वर दांगी समेत कई उपस्थित थे।

### मंत्री के किये कार्यों का श्रेय लेने के लिए बेचैन हैं विधायक भानु : रंजनी



प्रेस कॉन्फ्रेंस करती रंजनी शर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर जिप सदस्य रंजनी शर्मा ने कहा है कि जिप सदस्य के आग्रह पर झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा किये गये कार्यों का श्रेय लेने के लिए भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही काफी बेचैन हैं। जो बातें जगजाहिर है कि काम कौन किया है उसमें उसका श्रेय लेने में भी उन्हें तनिक भी शर्मिंदगी महसूस नहीं हो रही है। श्रीमती शर्मा ने उक्त बातें प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कही। जिप सदस्य ने कहा कि जिला परिषद बोर्ड से सरकार तक के प्रयास से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराया गया है। जिसका प्रमाण है कि जिला परिषद की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया है। इसके बाद भी सिविल सर्जन एवं मंत्री श्री ठाकुर से निवेदन कर वे एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराई हैं। मेरा प्रयास से उपलब्ध एक्सरे मशीन की वाहवाही लेने के लिए क्षेत्र के छलिया विधायक द्वारा शुभारंभ कराया जा रहा है, जो काफी निंदनीय विषय है। इस कार्यक्रम से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्थानीय विधायक की मिली भगत एवं साजिश के तहत जिप सदस्य को उपेक्षित रखा गया है। स्थानीय विधायक को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक अपने संबोधन में बोल रहे हैं कि जिला परिषद सुन रहे होंगे। विधायक जी की मानसिक स्थिति इतनी खराब हो गई है कि वे यह भी नहीं समझ पा रहे हैं कि जिला परिषद कार्यक्रम में हैं भी या नहीं है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि उनके प्रयास जन वितरण प्रणाली की कालाबाजारी रोकने के लिए निगरानी समिति बनाई गई है। झारखंड सरकार ने सुखाड़ की सूची में गढ़वा जिला को शामिल किया है। किसानों को फसल की भारी क्षति हुई है। फिर भी विधायक अपने संबोधन में बोल रहे हैं कि उनके प्रयास से बहुत हरी भरी फसल हुई है। विधायक का आया हुआ कद यह किसानों के प्रति घोर न्याय है। किसान उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। विधायक का यह गुमराह भाषण कतई बर्दाश्त योग्य नहीं है। वे इससे सरकार को अवगत कराते हुए किसानों को सुखाड़ का लाभ अवश्य दिलवाउंगी। आज स्थिति यह है कि सरकारी योजनाओं को विधायक के चहेते मुखिया योग्य लाभुकों तक नहीं पहुंचने दे रहे हैं। विधायक कहते हैं कि सिंचाई कुप निर्माण में 25 हजार वसूला जा रहा है। वह वसुली विधायक के चहेते मुखिया खुलेआम कर रहे हैं। सरकार की योजना पूरे विधानसभा के हर घर में पहुंचने का प्रयास करूंगी।

## स्पीड न्यूज

### प्रशिक्षण केंद्र में नामांकन के लिए चयन ट्रायल 7 और 8 को

**लातेहार।** कार्यकारी निदेशक, झारखंड खेल प्राधिकरण के निदेर्शानुसार खेलो इंडिया सेंटर के तहत डे बोर्डिंग सेंटर में खिलाड़ियों के नामांकन हेतु चयन प्रतियोगिता का आयोजन 7 एवं 8 नवंबर को किया गया है। जिला स्टेडियम लातेहार में आयोजित इस प्रतियोगिता के तहत 15 बालक और 15 बालिका खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जिन्हें डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र में नामांकित कर प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला खेल पदाधिकारी लातेहार संजीत कुमार ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी प्रतियोगिता के दिन जिला स्टेडियम में पासपोर्ट साइज, फोटो आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होंगे।

### सुखाड़ राहत को लेकर किसान 30 तक करें आवेदन

**चंदवा।** मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना 2023 के लिए किसान आगामी 30 नवंबर तक आवेदन दाखिल कर सकते हैं। किसानों से उक्त योजना का लाभ उठाने की अपील करते हुए अंचल निरीक्षक ऋषि देव कमल ने बताया कि उक्त योजना का लाभ के लिए किसान 30 नवंबर तक आवेदन करें, जिन किसानों ने आवेदन कर लिया है वे 10 रुपये शुल्क जमा कर ऑनलाइन आवेदन करें साथ ही जिन किसानों ने अब तक निबंध नहीं कराया है वे 40 रुपये का शुल्क अदा कर अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में निबंध करा सकते हैं।

### आरपीएसई डिजीटल लाइफ वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**लातेहार।** आरपीएस ई. डिजीटल लाईफ सोलुशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का द्वितीय वर्ष गांठ का उद्घाटन भाजपा नेता राजधानी यादव के द्वारा फिता काटकर किया गया। सर्वप्रथम डेमू कि महिलाओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भोजपुरी गायक ललन यादव व्यास ने एक पर एक भोजपुरी गाने गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि कंपनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देखे गए कैशलेस इंडिया के सपने को साकार करने हेतु कैशलेस अभियान को गांव-गांव तक बेरोजगार युवा-युवतियों के बीच, सरकार द्वारा निर्देशित एप्लीकेशन भीम के माध्यम से जागरुक करने का बीड़ा उठाया है। जिसका झारखण्ड प्रदेश के महुआडांड़ अनुमंडल को पूर्ण रूप से डिजिटल सेवा उपलब्ध करा कर महुआडांड़ अनुमंडल को पूर्ण बनाने की दिशा में कार्यरत है।

### विवेकानंद छठ पूजा समिति की बैठक में कमिटी गठित



बैठक में उपस्थित लोग

**चंदवा।** बुधवार की देर शाम स्थानीय जय हिंद पुस्तकालय परिसर में आगामी लोक आस्था के महापर्व छठ को धूमधाम से बनाने को लेकर विवेकानंद छठ पूजा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संजय दुबे व संचालन प्रभाकर मिश्र ने की। बैठक में महापर्व के दौरान छठव्रतियों और श्रद्धालुओं के हितार्थ देवनद तट छठ घाट पर जरूर सुविधा को बेहतर बनाने समेत कई बिंदुओं पर गम्भीरता से चर्चा किया गया। समिति के लोगो ने कहा कि घाट पर छठ व्रतियों के लिए सुविधा का बेहतर प्रबंध समिति की प्राथमिकता होगी। बैठक के दौरान विवेकानंद छठ पूजा समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष विनोद कुमार गुड्डू, सचिव रंजन विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष दीपू सिन्हा, शिकेश्वर यादव, अमित कुमार मोनू, मुकेश सिंह, सह सचिव राजकुमार अग्रवाल, आनंद कानोडिया, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल (जॉनी), सह कोषाध्यक्ष मुकेश साहू को बनाया गया इसके अलावे व्यवस्था प्रमुख में राजेश विश्वकर्मा, बबलू गिरी, पप्पू गिनोडिया समेत कुल 10 लोगो लोगो को शामिल किया गया। संरक्षक मंडली में स्थानीय सांसद विधायक जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख उप प्रमुख, सीओ, बीडीओ, थाना प्रभारी समेत चंदवा के कई प्रबुद्धजनों को शामिल किया गया है।

### पूरी आस्था व परंपरा के साथ मनाया सुहाग का पर्व करवा-चौथ



**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखण्ड में पूरी आस्था एवं परम्परा के साथ सुहाग का पर्व करवा-चौथ मनाया गया। इस अवसर पर बुधबार को सुहागिन महिलाओं ने करवाचौथ का व्रत रखकर अपने पति परमेश्वर की लंबी उम्र की कामना की। इस दिन सुहागिन महिलाएं पूरे दिन उपवास रख कर सायं काल में सुहागिनों ने अखंड सुहाग के लिए भगवान शिव एवं माता पार्वती से प्रार्थना की तथा आशीर्वाद प्राप्ति किया तथा कथा इत्यादि सुनने के बाद रात्रि में चंद्रोदय होने के बाद अपने अपने घर के छतों पर जाकर चांद का दर्शन कर अपने पति परमेश्वर का छननी से मुख दर्शन कर और ईश्वर से उनके दीघार्यु होने की कामना की। और अंत में पति के हाथों जल ग्रहण कर अपना व्रत तोड़ीं।

# बरवाडीह और छिपादोहर पुलिस ने अभियान चलाते हुए तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार

## सितंबर में अपने सहयोगी उपेंद्र सिंह की हत्या कर मालगाड़ी में डाल दिया था शव

## खलारी में नाबालिग के साथ गैंगरेप का भी आरोपी है कुख्यात अपराधी अनूप कुजूर

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेसवार्ता में जानकारी देते एसडीपीओ व थाना प्रभारी

**बरवाडीह।** लातेहार जिला पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा के नेतृत्व में बरवाडीह और छिपादोहर थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाते हुए कुख्यात अपराधियों को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की हैं। गुरुवार को छिपादोहर थाना परिसर में प्रेसवार्ता करते हुए एसडीपीओ दिलु लोहार ने बताया कि राज्य के कई थानों की पुलिस को इन अपराधियों की तलाश लंबे अरसे से थी। दिलु लोहार ने आगे बताया कि बुधवार को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि कुछ अपराधी किस्म के लोग चोरी के मोटरसाईकिल के साथ छिपादोहर थाना क्षेत्र में अपराध करने के लिए लातेहार से तुम्बागढा होते हुए छिपादोहर की ओर जा रहे है। पुलिस अधीक्षक महोदय, लातेहार के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दीलु लोहार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसमें थाना प्रभारी छिपादोहर अभिषेक कुमार, थाना प्रभारी बरवाडीह श्रीनिवास सिंह, छिपादोहार थाना के पुअनि रंजीत राम, पुअनि काशी महली, सअनि अशोक कांकुल, आईआरबी -1 एवं सैट 143 के बल शामील थे।

जिनके सहयोग से केड़ पिकेट के सामने वाहन चेकिंग लगाया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में समय करीब 4.20 बजे तीन अलग- अगल मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति केड़ मोड़ के तरफ से केड़ पिकेट की तरफ आ रहे थे। उनलोगो ने पुलिस को देखकर मोटरसाईकल को पीछे की ओर मोड़कर भागने का प्रयास किया, परन्तु सशस्त्र बल के सहयोग से उन तीनो मोटरसाईकिल सवार व्यक्तियों को मोटरसाईकिल के साथ पकड़ लिया गया। पूछताछ के बाद ज्ञात हुआ तीनो मोटरसाईकिल चोरी का है। उनलोगों के द्वारा बताया गया कि दो मोटरसाईकिल बरवाडीह थाना क्षेत्र अन्तर्गत चोरी किया गया है, एवं एक मोटरसाईकिल छिपादोहार थाना क्षेत्र अन्तर्गत चोरी किया गया है। साथ ही इनलोगो के पास से तलाशी के क्रम मे चोरी का दो स्मार्टफोन भी बरामद किया गया है।

**इनके तीन सहयोगी वर्तमान में राँची होटवार जेल में है बंद :** अनुप कुजूर ने पुलिस को यह भी बताया है कि दिनांक 31/08/2023 को खलारी थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिमेंट फैक्ट्री के बगल में कटिंडा पहाड़ी की पास अपने सहयोगी मौसम अंसारी, निकेश साव उर्फ नितेश साव और साल्टेन मेंडिस के साथ मिलकर नावालिक बच्ची के साथ गैग रेप किया था। जिसमें इनके तीनो सहयोगी वर्तमान में राँची होटवार जेल में बंद है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पता अनुप कुजूर उर्फ बड़ा दिपक, उम्र करीब 23 वर्ष, पे-स्व. मेडाट कुजूर, ग्राम-शान्तिपूर, पोस्ट+थाना-महुआडाँड़, जिला लातेहार, राजेश गंझू, उम्र 20 वर्ष, पिता लक्ष्मण गंझू, ग्राम पतराटोली, थाना चंदवा, जिला-लातेहार और महेश गंझू, उम्र 23 वर्ष, पिता लक्ष्मण गंझू, ग्राम पतराटोली, थाना चंदवा, जिला लातेहार

गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास रहा है अनुप कुजूर का महुआडांड़ छिपादोहर, चन्दवा, बरवाडीह, खलारी, वहीं राजेश गंझू का लातेहार थाना, रेल थाना टोरी, चंदवा थाना व बरवाडीह थाना इसके अलावे महेश गंझू का टोरी रेल थाना समेत अन्य थाना में मामला दर्ज है।

### पैसा का बटवारा बना मतभेद का कारण

पुलिसिया पूछताछ में बताया कि राजेश गंझू एवं अनुप कुजूर नें बताया कि इनके सहयोगी उपेन्द्र सिंह, पिता दिकदार सिहं, ग्राम गुआ, थाना छिपादोहार, जिला लातेहार के साथ चोरी का समान को बेचने के उपरांत आपसी बटवारे में पूर्व में उपेन्द्र सिंह के साथ इन तीनो का मतभेद हुआ था। इसी बीच उपेंद्र सिंह ने दिनांक 24/09/2023 की रात्री में पतराटोली चंदवा में राजेश गंझू के घर पर शराब के नशे में राजेश गंझू की माँ के साथ गलत काम करने का प्रयास कर रहा था तो राजेश गंझू एवं अनुप कूजूर ने उपेन्द्र सिंह को समझाने का प्रयास किया। परन्तु उपेन्द्र उलटा ही इनलोगों को जान से मारने का धमकी देने लगा तब अनुप कुजूर एवं राजेश गंझू मिलकर उपेन्द्र सिंह की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दिया तथा शव को छुपाने के लिए बालुमाथ के तरफ से कोयला लोड कर जाने वाली मालगाड़ी जो यूपी के तरफ जाती है। उसमें अपने भाई महेश गंझू के साथ मिलकर डाल दिया था।

# डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू कराने को लेकर आजसू पार्टी ने निकाली आक्रोश रैली

## रैली के दौरान कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री से डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू करने की मांग की

खबर मन्त्र सवांददाता



धरना पर बैठे लोग

**लातेहार।** डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू कराने को लेकर आजसू पार्टी ने बुधवार को आक्रोश रैली निकाली। आक्रोश रैली बाजार टांड से शुरू हुई जो मेन रोड होते हुए समाहरणालय पहुंची। जहां रैली धरना में तब्दील हो गई। रैली के दौरान कार्यकताओं ने डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू करो, मुख्यमंत्री कुछ तो बोलो, डिग्री कॉलेज का ताला खोलो, हेमंत को मिला मौका, छात्रों को दिया धोखा, हेमंत सोरेन आए थे छात्रों को टोपी पहनाए थे। जैसे कई नारे लगाए गए। रैली का नेतृत्व आजसू जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने किया। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा आठ माह पहले जिला मुख्यालय में दो डिग्री कॉलेज का उद्घाटन तो कर दिया, लेकिन अभी तक पढ़ाई शुरू नहीं किया गया है। वहीं आजसू के केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद, जिला प्रवक्ता रितेश पांडेय ने लोगों को संबोधित किया। मौके पर परसही पंचायत समिति सदस्य रीता देवी, पेशरार पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी, आरागुंडी पंचायत समिति सदस्य रजंती देवी, भुसूर के पंचायत समिति सदस्य पुनीत भुइयां, धनकारा के पंचायत समिति सदस्य उषा देवी, मोंगर के पूर्व पंचायत समिति सदस्य पिंटू रजक, राकेश सिंह, पंकज कुमार, अमर उरांव, अभिषेक राज, अभिजीत कुमार, विपिन शुक्ला, शंकर उरांव, पंकज जायसवाल, शेषनाथ पांडेय समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ज्ञापन लेने वाले कोई अधिकारी नहीं रहने से कार्यकताओं ने जतायी नाराजगी

धरना के बाद मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन देने पहुंचे थे, लेकिन ज्ञापन लेने वाले कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं रहने पर आजसू पार्टी के कार्यकताओं ने नाराजगी जाहिर किया है। जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने कहा कि धरना प्रदर्शन को लेकर परमिशन लिया गया है। धरना की जानकारी जिला प्रशासन को होने के बाद भी मांग पत्र नहीं लेना जिले के लिए दुर्भाग्य है। उन्होंने कहा कि एक घंटे के इंतजार के बाद भी कोई अधिकारी मांग पत्र लेने नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की यह रवैया ठीक नहीं है। जरूरत पड़ी तो जिला प्रशासन के खिलाफ भी धरना प्रदर्शन दिया जायेगा।

### बीडीओ ने आवास योजना का किया निरीक्षण दिए कई दिशा निर्देश

**बारियातू।** बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने गुरूवार को लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लाभुकों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। लाभुकों को बीडीओ कुमारी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना कार्य में तेजी लाएं। इधर फुलसु, गोनिया, शिबला पंचायतों के विभिन्न गाँव का भ्रमण कर लंबित आवास योजना कार्य को निरिक्षण किया।

लाभुकों से मिलकर ससमय आवास कार्य 10 नवम्बर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय तक कार्य पूरा नहीं किया गया तो संबंधित लाभुक पंचायत सचिव तथा मुखिया के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि सरकार का सख्त निर्देश है कि झारखंड स्थापना दिवस से पहले हर हाल में प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य योजना पूरा होना चाहिए। मौके पर स्टेट से कुणाल शर्मा, जिला शिवप्रसाद व सचिन के अलावा संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव व संबंधित मुखिया मौजूद रहे।

## एक नजर में

### प्रमुख ने किया सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण, अव्यवस्था देख जताई नाराजगी

**बरवाडीह।** प्रखण्ड प्रमुख सुशीला देवी और उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल ने गुरुवार को संयुक्त रूप से उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलपुरवा और प्राथमिक विद्यालय अखरा का औचक निरीक्षण किया। जहां उप प्रमुख ने बताया कि निरीक्षण में देखा गया कि प्रभारी शिक्षक अनेश्वर सिंह और हरेंद्र सिंह विद्यालय से नदारत है। वहीं विद्यालय की रसोई ने देखा गया कि रसोईया द्वारा लकड़ी के चूल्हे पर भोजन बनाया जा रहा है। जिसपर जनप्रतिनिधियों द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए मामले की शिकायत वरीय अधिकारियों से करने की बात कही गई। वहीं उपस्थित शिक्षक को व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश भी दिए। कहा कि लकड़ी से निकलने वाले धुएं से बच्चों की सेहत पर खासा प्रभाव पड़ेगा। सरकार का निर्देश है कि सभी विद्यालय के गैस पर ही खाना पकाया जाए। इसके लिए सरकार ने गैस सिलेंडर और चूल्हा भी उपलब्ध कराया हैं। बावजूद विद्यालय में मनमानी की जा रही हैं और सरकार के निदेर्शों की खुलकर अवहेलना की जा रही है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के तत्वधान मे जिला उद्यान कार्यालय के अंतर्गत आदिवासी कृषक महिला कल्याण परिषद के सहायता से पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण मे मास्टर ट्रेनर मिथिलेश नायक व अनुराग हेरेंज ने कृषको को खेती के सम्बन्ध विभिन्न प्रकार के तकनिकी व तरिको के बारे में बिस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए, फसलो मे होने वाले विभिन्न बिमारियों एवं उसके रोक थाम के बारे में भी बताया गया .प्रशिक्षण मे ग्राफ्टिंग, एयर लेयरिंग बहुउद्देशीय खेती के साथ साथ केचुआ खाद बनाने की विधि गेंदा फुल की खेती के बारे में भी प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर उद्यान मित्र राकेश प्रसाद, कृषक मित्र रामा गंझु, कृषक बाल्मिकी यादव शंकर भगत, रामफल उरांव, विनोद भुइयां, रामचरित्र सिंह, संतोष गंझु, पपू महतो, रीना देवी मीना कुमारी, प्रमीला कुमारी, शांति देवी, झानो देवी, देवन्ती देवी व सुमो देवी सहित अनेको महिला-पुरूष कृषक शामिल हुए।

### अंडरपास के बंद कार्य को जल्द पूर्ण कराने की मांग को लेकर डीआरएम के नाम सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते जनप्रतिनिधि

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत रेलवे के 17 सी रेल फाटक के पास रेलवे बोर्ड के निर्देश पर बन रहे अंडर पास का कार्य लम्बे समय सें बंद रहने के कारण अंडरपास का निर्माण कार्य अधर में लटक गया है। फाटक के घंटो बंद रहने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर गुरुवार को प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर और सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी से मुलाकात करते हुए धनबाद रेल मंडल के डीआरएम के नाम मांग पत्र सौंपते हुए अधूरे पड़े कार्य जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है। वही मांग पत्र के माध्यम से डीआरएम को अल्टीमेटम भी देने का काम किया गया। जीप सदस्य संतोषी ने बताया की बरवाडीह, मंडल, हुटार बॉसडीह मार्ग क्षेत्र की लाइफ लाइन है। परंतु यह रेलवे फाटक इस मार्ग की सबसे बड़ी समस्या है। उधर स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी ने मांगों को जल्द से जल्द डीआरएम तक पहुंचाने और समस्या को दूर करवाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान मौके पर भाजपा उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री सागर कुमार वर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

### नशे में धुत युवक ने कीटनाशक दवा खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के हाथ डीह ग्राम निवासी जगत यादव 35 वर्ष पिता धीरज यादव ने नशे में दूध होकर फसल में छिड़कने वाला कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। परिजनों द्वारा जगत यादव को अचेताअवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां नशे में युद्ध जगत यादव ने जमकर हंगामा किया ।बाद में काफी मशक्कत के बाद परिजनों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से उसे प्राथमिक इलाज की गई ।परजनों ने बताया कि जगत यादव नशे में धुत होकर घर में पत्नी के साथ विवाद कर रहा था और गुस्से में आकर कीटनाशक दवा खा लिया।

### हाईवा ने युवक को मारी टक्कर, घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित शहीद चौक के समीप गुरुवार को एक अनियंत्रित हाईवा जेएच 10 सीजे 4659 ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक चंदन कुमार पिता शंकर श्रीवास्तव ग्राम चटी टोला थाना बालूमाथ निवासी ब्लॉक से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान शहीद चौक के समीप अनियंत्रित हाईवा ने टक्कर मार दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं घटना के बाद गुस्साये लोगों ने बालूमाथ शहीद चौक में ट्रांसपोर्ट कंपनी मां अम्बे की गाड़ियों को सड़क किनारे खड़ा करवा दिया और दिन में बालूमाथ शहर में मालवाहक वाहनों की नो एंट्री की मांग करने लगे। जिसके कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त हाइवा को जब्त कर लिया। और जामकताओं से कहा कि इस संबंध में तुबेद से कुसमाही साइडिंग तक माल ढोने वाले ट्रांसपोर्टर कंपनी मां अम्बे को थाना में बैठक के लिए बुलाया जाएगा। आप लोग भी आकर अपना पक्ष रखें तब जाकर जाम समाप्त हो पाया। बता दे कि बालूमाथ में कई कंपनियों द्वारा ट्रांसपोर्ट का कार्य होता है।

# मृत्यु जीवन का अंत नहीं है, मृत्यु ही अनंत जीवन की शुरूआत है: फादर सिब्रियुस

## कब्र पर्व को लेकर ईसाई समुदाय ने कब्रिस्तान में जाकर विशेष विनती की

खबर मन्त्र संवाददाता



कब्रिस्तान में कब्र त्यौहार के अवसर पर मिस्सा पूजा करते ईसाई धर्मावलंबियों

**महुआडांड़।** दो नवंबर को ऑल सोल डे (कब्र पर्व) को लेकर प्रखंड महुआडांड़ के ईसाई समुदाय के कब्रिस्तानों में विशेष विनती प्रथाओं का आयोजन किया गया। इस बार भी अलग-अलग गाँव अम्बोटोली, गुड़गुड़टोली, बहराटोली, विश्रामापूर, गोठगांव, साले, रेगाई, कुरूद, कुरो कला, चम्पा, कुरूद, के कब्रिस्तान समेत सहित चर्च में प्रथार्ना सभा आयोजित की गई।

**मृत परिजनों को याद करने का पर्व :** ग्राम अम्बाटोली और शांतिपूर के सयुंक्त कब्रिस्तान में फादर कमल कन्डुलना द्वारा मिस्सा पूजा कराई गई। जहाँ उन्होंने बताया कि मृत्यु जीवन का अन्तं नहीं,मृत्यु ही अन्ततं जीवन की शुरूआत है, इसलिए सभी विश्वासीयों हमेशा ही तैयार रहना चाहिए कि कब पिता परमेश्वर के द्वारा बुलावा आ जाऐ ।ज्ञात हो कि रोमन कैथोलिक एवं जर्मन चर्च के मसीही विश्वासी अपने मृत प्रियजनों की याद में यह पर्व मनाते हैं। इस दिन कब्रिस्तान में मिट्टी को समर्पित हो चुके अपने पूवर्ज, सगे परिजनों को याद किया जाता है। यह उनकी भावना और अपनों से घनिष्ठता को दशार्ता है। इसी क्रम में कब्र पर फूल चढ़ाए गये ।पुरोहितों की ओर से धार्मिक अनुष्ठान के बाद कब्र की आशीष की गई । कब्र पर्व के पुर्व इसाई समुदाय के लोग संतों का पर्व मनाते हैं।

# हाइवा ऑनर एशोसिएशन ने किया हड़ताल स्थगित

खबर मन्त्र संवाददाता



आश्वासन देते कंपनी के अधिकारी

**बालूमाथ।** भाड़ा वृद्धि,स्थानीय वाहनों को प्राथमिकता देने सहित कई मांगो को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत हाइवा ऑनर एशोसिएशन गुरुवार से अनिश्चित कालीन चक्का जाम करते हुए तुबेद से कुसमाही तक चलने वाले हाइवा वाहनों को खड़ा कर दिया। ऑनर एशोसिएशन सचिव मो. शहनवाज के नेतृत्व में बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ हाई स्कूल के समीप तुबेद से कुशमाही साइडिंग चलने वाला हाईवा को खड़ा कर दिया। मामले की सूचना पाकर बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, बालूमाथ थाना प्रभारी धमेंद्र महतो धरना स्थल पहुंचे। जहाँ लातेहार एसडीओ मो. परवेज के पहल पहुंचे मां अम्बे कंपनी के लाइजनर बलराम पांडे और हाईवा ऑनर एसोसिएशन के लोगों के बीच वार्ता हुई। जिसमे लाइजनर बलराम पांडे द्वारा ऑनर एशोसिएशन को लिखित आश्वासन दिया गया कि मां अम्बे कंपनी के जीएम सुमित चटर्जी के उपस्थिति में नौ नवम्बर को बालूमाथ में वार्ता आयोजित होगी। जिसमे सभी एशोसिएशन की मांगो पर चर्चा होगा। मिले आश्वासन के बाद ऑनर एशोसिएशन ने बालूमाथ अंचलाधिकारी को एक मांग पत्र सौप कर आंदोलन को स्थगित कर दिया। बता दे की डीवीसी कंपनी के तुबेद कोल परियोजना से कुसमाही साइडिंग तक मां अम्बे परिवहन का कार्य कर रही है। जिसमें बिना भाड़ा का निर्धारण किए हुए एवं स्थानीय वाहनों को बिना प्राथमिकता दिए हुए बाहरी वाहनों से मनमानी तरीके से परिवहन कार्य करवा रही है। जिसको लेकर ऑनर एशोसिएशन आंदोलनरत है।

### विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**महुआडांड़।** महुआडांड डीएसपी के पदभार पर रहे राजेश कुजूर के सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में गुरूवार को महुआडांड़ थाना परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महुआडांड भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रभात रंजन चौधरी एवं उपस्थित सभी मंचाशीन पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के साथ बिताए पल और उनके कार्यों के लिए आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना की। बीडीओ अमरेन डांग ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजूर के कार्यकाल की प्रशंसा की।

स्पीड न्यूज

## फांसी के फंदे से झूल युवक ने की खुदकुशी

**दुमका।** शहर के स्टेशन रोड रसिकपुर में एक 27 वर्षीय युवक मनीष कुमार शर्मा उर्फ सोनू ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। यह घटना बुधवार को देर रात में हुई। सुबह में परिजनों को पता चला और पुलिस को सूचित किया गया। नगर थाना की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पीजेएमसीएच में पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार युवक नशे का आदी हो चुका था। उसकी शादी हो गई थी। 6 माह पहले उसकी पत्नी अपने बच्चे को लेकर मायके चली गई। पत्नी और बच्चे को छोड़कर चले जाने से वह मानसिक तनाव से गुजर रहा था। बुधवार को वह अपने कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटक कर जान दे दिया।

## फिजूल की वाहवाही ले रही नीतीश सरकार : मांझी

**पटना।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर पार्टी के संस्थापक संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने गुरुवार को अपने पटना स्थित आवास पर शिक्षक अभ्यर्थी अदालत का आयोजन किया। 12 एम स्टैंड रोड में, हम के संरक्षक जीतन राम मांझी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बिहार सरकार डा संतोष कुमार सुमन की उपस्थिति में शिक्षक अभ्यार्थी अदालत में सैकड़ों अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इसमें सभी अभ्यर्थियों ने अपनी-अपनी समस्याएं सुनाईं। सभी अभ्यर्थियों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए मांझी ने कहा कि शिक्षक नियुक्ति में बहुत सारी त्रुटियां पाई गई हैं।

## सिंपलेक्स कंपनी पर 5.62 करोड़ की ठगी का लगा आरोप, मामला दर्ज

**कोडरमा।** जिले के करमा मेडिकल कॉलेज का पूर्व में निर्माण कर रही कंपनी सिंपलेक्स प्राइवेट लिमिटेड पर करोड़ों रुपए की ठगी का मामला तिलैया थाना में दर्ज कराया गया है। कंपनी पर साजिश के तहत काम के लिए एग्रीमेंट करने व कार्य करने के बावजूद भुगतान नहीं करने का आरोप पेटी ठेकेदार ने लगाया है। इस संबंध में पेटी कांट्रेक्टर अलूमा टेक्नोलॉजी के प्रवीण मिंज पिता सोमरा उरांव निवासी रेलवे कॉलोनी के पास चुटिया रांची, अनिल यादव पिता वासुदेव यादव निवासी करमा, अजीत बरनवाल निवासी कोडरमा, शंभू बरनवाल निवासी कोडरमा, राहुल कुमार निवासी तिलैया, मोहम्मद जफर व जॉनी आलम निवासी रांची द्वारा शिकायत पुलिस से की गई है। शिकायत के आधार पर तिलैया पुलिस ने थाना कांड संख्या 262/23 के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार थाना को दिए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि सिंपलेक्स प्राइवेट लिमिटेड को मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य का टेंडर मिला था। सरकारी एजेंसी से किए गए करार के अनुसार इसकी अवधि नियमानुसार 7 जनवरी 2022 को समाप्त हो गई थी।

## शराबी पति को पत्नी ने भिजवाया जेल

**नवादा।** नवादा में एक पत्नी ने अपने ही पति को गुरुवार को जेल भिजवा दिया है,क्योंकि वह अपने बच्चों को शराबी नहीं बनाना चाहती है। पत्नी का आरोप है कि उसका पति शराब के नशे में मारपीट करता है। उसने काफी दिन प्रताड़ना बर्दाश्त कर लीपर अब मैं अपने बच्चों की जिंदगी खराब करना नहीं चाहती हूं. उसने कहा है कि मुझे ऐसा पति नहीं चाहिए। दरअसल नवादा के रोह थाना क्षेत्र के बलियारी गांव में एक दंपती रहता है। महिला का पति शराब पीने का आदी है। वह अक्सर शराब पीकर घर आता था और पत्नी के साथ मारपीट करता था। पत्नी के साथ ही वो बच्चों और घर के अन्य लोगों के साथ भी बदसलूकी करता था। पत्नी उसकी शराब की लत छुड़वाने के लिए तरह-तरह का जतन करती थी। वो जब कहती कि शराब पीना छोड़ दो, नहीं तो पुलिस बुला लूंगी। इस पर पति कहता कि पुलिस से नहीं डरता। पति की आदत और हरकतों से तंग आकर उसने पति के खिलाफ स्थानीय थाने में शिकायत की,जिसके बाद पुलिस ने शराब के नशे में ही उसे गिरफ्तार कर लिया। मिली जनकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पत्नी का नाम गायत्री देवी है ।

### मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने 25 हजार शिक्षकों को बांटे नियुक्ति पत्र

# बिहार में नियोजित शिक्षकों को भी मिलेगा सरकारी दर्जा : नीतीश

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने पटना के गांधी मैदान में गुरुवार को 25 हजार शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि पूर्व के नियोजित शिक्षकों को भी सरकारी दर्जा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नियोजित शिक्षकों को पैसा तो दे ही रहे हैं। हम सोच रहे हैं कि एक मामूली परीक्षा लेकर नियोजित शिक्षकों को सरकारीकरण कर दें। शिक्षकों की बहाली को लेकर उठ रहे सवाल पर नीतीश ने कहा कि जो लोग आरोप लगा रहे हैं कि बाहरी लोगों को नौकरी देने से बिहार के लोगों की हकमारी हो रही है, तो



उन्हें पता होना चाहिए कि बिहार के कितने ही लोग दूसरे राज्यों में नौकरी कर रहे हैं। यह तो खुशी की बात है कि दूसरे राज्यों से लोग बिहार आकर यहां के स्कूलों में पढ़ाएंगे। सीएम ने कहा कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में बिहार में बड़े पैमाने पर नियुक्ति की गई है। जितने बड़े पैमाने पर बिहार में नियुक्ति हुई है उतने बड़े पैमाने पर कही भी नियुक्ति नहीं हुई है। ये बात याद रखिएगा। खासकर मीडिया के लोगों को कहेंगे कि इस बात को याद रखिएगा। उन्होंने कहा कि अभी केवल 50 हजार हुआ तो कितना छपा और हमलोग इतनी बड़ी संख्या में कर रहे हैं तो थोड़े छपेगा। भले मत छापिए लेकिन बात तो जान लीजिए, कि कितने बड़े पैमाने पर बहाली हो रही है। नीतीश ने कहा कि 1.70 लाख शिक्षकों की बहाली के लिए हुई परीक्षा में करीब 8 लाख शिक्षकों ने भाग लिया। परीक्षा में सभी सफल नहीं हो सके तो सिर्फ 88 फीसदी शिक्षकों की ही बहाली हो सकी है। जो लोग सवाल उठा रहे हैं कि बाहरी लोगों की बहाली हुई है, उनको पता है सब दिन से कोई भी बहाली होती है तो देशभर के लोगों को मौका दिया जाता है। बिहार के लड़के-लड़कियों को दूसरे राज्यों में कितनी बहाली मिलती है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक की तारीफ करते हुए कहा कि जो इतनी ताली बजा रहे हैं, यह देखकर हमको बहुत खुशी हो रही है। हमने उन्हें जो जिम्मेदारी दी उसमें उन्होंने अच्छा काम किया है। कोई-कोई इनके बारे में बोलते रहता है। यह ठीक नहीं है। देखिए आपको सब लोग प्रशंसा कर रहे हैं। आप ठीक-ठाक कम कर रहे हैं।

**पटना समेत 27 जिलों से नियुक्त पत्र लेने आए शिक्षक :** नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में पटना समेत 27 जिलों के नवनियुक्त शिक्षक आए थे। इनमें पटना, नालंदा व वैशाली जिले से शत-प्रतिशत नवनियुक्त शिक्षकों को समारोह में लाने की व्यवस्था की गई थी। तीन प्रमंडल के नौ जिलों से शिक्षकों को नहीं बुलाया गया है। इसमें सहरसा प्रमंडल के सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया प्रमंडल के पूर्णिया, अररिया, किशनगंज, कटिहार तथा भागलपुर प्रमंडल के भागलपुर व बांका जिले शामिल थे।

एक नजर में

## विराटनगर के पशुपति ज्वेलर्स में छापा तस्करी के 20 किलो चांदी के आभूषण जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**अररिया।** जोगबनी सीमा पार विराटनगर महानगरपालिका वार्ड संख्या 11 स्थित पशुपति ज्वेलर्स प्रतिष्ठान गुरुवार को सरकारी निकाय की संयुक्त टीम ने छापेमारी में 20 किलो चांदी का आभूषण जब्त किया है।सरकारी निकाय की संयुक्त टीम ने चांदी के साथ स्वणाभूषण भी बरामद किए। जिसका प्रतिष्ठान मालिक द्वारा किसी तरह का कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। मौके पर मौजूद अधिकारी ने बताया कि भारत से तस्करी कर सोनेझचांदी के गहना एवं सामग्री बिक्री होने की गुप्त सूचना मिली थी। गुप्त सूचना के आधार पर विराटनगर स्थित प्रदेश पुलिस कार्यालय, जिला पुलिस कार्यालय मोरंग, वार्ड पुलिस कार्यालय, आन्तरिक राजस्व कार्यालय, भन्सार कार्यालय व जिला प्रशासन कार्यालय मोरंग की संयुक्त टीम के द्वारा छापेमारी की गयी। जिसमे विश्वजीत जाना के द्वारा संचालित पशुपति ज्वेलर्स में छापेमारी में भारत से तस्करी कर लाये गए सोने और चांदी के आभूषण बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदी से बने पायल, ब्रासलेट, अंगूठी, दिया, लौटा, मूर्ति, टीकादानी सहित अन्य सामग्री एवं गहना बरामद हुआ है। इसमें कुछ सोने के भी गहना होने की बात कही गयी है।

मौके पर मौजूद अधिकारी ने बताया की डब्बा सहित 5 बोरे मे गहना भरा गया है। तौल के बाद ही सही अनुमान लगाया जा सकता है कि गहना कितना और कितने मूल्य का है।

फिलहाल गहना को आवश्यक अनुसन्धान एवं कार्यवाई के लिए विराटनगर भन्सार कार्यालय मे रखा जा रहा है।वही किसी भी सोने चांदी का कोई बिल या कागजात नही देने के कारण ज्वेलर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

## डीसीओ को किशनगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पाकुड़।** पाकुड़ में पदस्थापित जिला सहकारिता पदाधिकारी रामनाथ दास को बिहार के किशनगंज जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है।बताया जा रहा है उनपर गबन का आरोप है। उनकी गिरफ्तारी बिहार के किशनगंज जिला में दायर हुए सर्टिफिकेट केस के मामले हुआ है। पाकुड़ जिला सहकारिता पदाधिकारी रामनाथ दास को किशनगंज की पुलिस ने पाकुड़ नगर थाना पुलिस के सहयोग से शहर के बैंक कॉलोनी स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। मामले के बारे में बताया गया कि जिला सहकारिता पदाधिकारी ने किशनगंज में 27 हजार रुपया लोन लिया था और इसके बाद में इसे वापस नहीं कर पाए और गबन कर लिए। इसी को लेकर उन पर सर्टिफिकेट केस किया गया था और सर्टिफिकेट केस होने के बाद वारंट जारी किया गया और उसके बाद किशनगंज जिला के बहादुरगंज थाना की पुलिस ने अनुसंधान करते हुए उन्हें नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।बताया जा रहा है उन्होंने पैसे का गबन कर लिया जिसके बाद यह कार्रवाई किया गया है।

# मृतक की बहन को धमकाने वाला शाहरुख का भाई गिरफ्तार, मिली जमानत

### एक साल पहले शाहरुख ने एक किशोरी को पेट्रोल डालकर जला दिया था

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** चर्चित पेट्रोल हत्याकांड में नगर थाना की पुलिस ने एक साल पुराने मामले में मरने वाली किशोरी की बहन को धमकाने के आरोप में हत्याकांड के मुख्य आरोपी शाहरुख अंसारी के भाई सलमान अंसारी को पुलिस गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया, लेकिन मामला जमानतीय धारा में दर्ज होने की वजह से उसे न्यायालय से जमानत मिल गई। पुलिस के अनुसार पिछले साल सितंबर माह में पेट्रोल कांड की शिकार मृत्यु पीड़िता की बड़ी बहन ने सलमान पर धमकी देने और रंगदारी मांगने मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने कई बार सलमान की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी। लेकिन वह हाथ नहीं आया। गुरुवार की दोपहर पुलिस ने उसे बाजार से धर दबोचा।गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया।लेकिन जमानतीय धारा में केस दर्ज होने की वजह से जमानत पर छोड़



दिया। यहां बता दे की सलमान के छोटे भाई शाहरुख खान ने पिछले साल 22 अगस्त को जरूवाडीह मुहल्ले में घर में सो रही एक किशोरी पर एक तरफा प्रेम में पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। किशोरी को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन हालत नाजुक होने की वजह से रांची रेफर कर दिया गया। जहां 27 अगस्त की रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्याकांड में मुख्य आरोपी शाहरुख अंसारी एवं नईम अंसारी उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जेल जाने के बाद उसका भाई सलमान मृतका की बहन को लगातार धमकी दे रहा था। बहन ने नगर थाना में उसके खिलाफ धमकी देने और रंगदारी का मामला दर्ज कराया था।

## पटना नगर निगम दीपावली में करेगा विशेष व्यवस्था

**पटना।** दीपावली का समय नजदीक आ गया है। इसे देखते हुए घरों में सफाई भी होने लगी है। शहरी क्षेत्र में सफाई से निकलने वाले कूड़ा-कचड़ा को ठिकाना लगाना भी अपने आप में टेंशन देने वाली बात होती है। लोग इसको लेकर काफी परेशान हो जाते हैं। कई बार तो इधर-उधर कचरा फेंके जाने के कारण विवाद भी खड़ा हो जाता है। लेकिन, इस बार आपको चिंता नहीं करनी है। क्योंकि पटना नगर निगम द्वारा इसके लिए अलग से व्यवस्था की गई है। जिनको अपने घर का कचरा हटाना है, उनके घर पर दोपहर दो बजे के बाद नगर निगम अपना विशेष वाहन भेजकर कचरा संग्रह करवाएगा। इसके लिए एक टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है, जहां अग्रिम बुकिंग की जा सकती है। मेरा शहर मेरी जवाबदेही अभियान के तहत नगर निगम ने आम लोगों से अपील की है कि घर का विशेष कचरा सड़क पर ना फेंकें। दिवाली की सफाई में अगर बहुत सारा कचड़ा निकला है, तो इसको हटाने के लिए नगर निगम को कॉल कर अग्रिम बुकिंग कर सकते हैं। इसके लिए नगर निगम कोई शुल्क नहीं लेगा। जिनके घर में अत्यधिक कचरा निकला है, वैसे लोग निगम की इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। यह सुविधा दीपावली के दिन से पहले तक रहेगी। इसके लिए नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर 155304 पर कॉल कर सकते हैं। दीपावली की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे को निगम रिसाइकल करेगा।

## रिहायशी इलाकों में गोदाम में छिपाकर रखे पचास लाख से अधिक मूल्य के पटाखे जब्त

**अररिया।** फारबिसगंज में रिहाईशी इलाकों में अवैध रूप से गोदाम में छिपाकर रखे गए पचास लाख से अधिक मूल्य के पटाखों को जब्त किया गया।मामले में पुलिस ने मानिक चंद रोड के एक कारोबारी को हिरासत में लिया है। शहर के तीन गोदाम में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने छापेमारी कर यह बरामदगी की। रिहाईशी इलाकों में बिना लाइसेंस के पटाखों का स्टॉक सीआरपीसी की धारा 144, पीसी अंडर 1973, विस्फोटक अधिनियम, 1884 और विस्फोटक नियमों के तहत अवैध है। हिरासत में लिए गए कारोबारी से पुलिस पूछताछ कर रही है। बुधवार के देर रात तक चले कार्रवाई के बाद गुरुवार को भी जारी रहा।छापेमारी के दौरान फारबिसगंज एसडीओ रोजी कुमारी स्वयं कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी के साथ रही। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद पटाखा विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है। इससे पहले भारत नेपाल सीमा स्थित घुरना बाजार से भी पुलिस ने लाखों रुपये मूल्य के अवैध रूप से स्टॉक कर रखे गए पटाखे को जब्त किया था। मामले को लेकर कहा जाता है कि जिला प्रशासन के निर्देश पर फारबिसगंज अनुमंडल प्रशासन ने यह कार्रवाई की। दरअसल जूट डीलर्स एसोसिएशन ने पटाखे की बिक्री को लेकर नियम संगत कार्रवाई की मांग जिला प्रशासन से की थी। जिससे पटाखों एस होने वाले नुकसान से बचा जा सके। जूट डीलर्स एसोसिएशन के मांग पर कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। पुलिस ने शहर के रिहायशी इलाका में दो अलग अलग स्थानों पर पटाखा के दो गोदामो में छापेमारी कर गोदाम में स्टॉक कर रखे गये पटाखा के जखीरा को बरामद किया।

पुलिस ने छापेमारी के क्रम में एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया, जिससे स्थानीय थाना में पुलिस ने गहन पूछताछ की। पूछताछ के बाद उनसे मिले फीडबैक के आधार पर पुलिस ने शहर के अन्य गोदामों में भी छापेमारी कर यह कामयाबी हासिल की।

### गोपीनाथपुर पंचायत में 22 बकरी शेड अधूरे, वेंडर और पूर्व मुखिया पर होगी कार्रवाई

# बीडीओ ने केंदो, गोपीनाथपुर और इटोर पंचायत का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर की बीडीओ सीमा कुमारी ने पदभार संभालने के बाद पंचायतों का निरीक्षण कर रही है। इस दौरान प्रखंड में विकास कार्यों में अनियमितता के कई मामले उजागर हो रहे है। बीडीओ सीमा कुमारी गुरूवार को प्रखंड के तीन पंचायतों का निरीक्षण किया। केंदो, गोपीनाथपुर और इटोर पहुंच पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत सचिवालय में स्वच्छता की जानकारी ली।

गोपीनाथपुर में बीडीओ के



निरीक्षण में बकरी शेड निर्माण के नाम पर घपले की बात सामने आयी। जानकारी मिली कि पैसा निकासी के बावजूद वर्षों से 22 बकरी शेड अधूरा है। इसपर उन्होंने वेंडर को दो दिनों में अधूरे बकरी शेड का निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। ऐसा नहीं होता है तो वेंडर और पूर्व मुखिया लक्ष्मी मुंडा के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी।

बीडीओ ने केंदो में पंचायत सचिवालय के अलावा निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण कर संबंधित कर्मियों को जल्द पूरा करने को कहा। सभी पंचायत सचिवालय को प्रतिदिन खोलने और पंचायत सौंदर्यीकरण की राशि का सही उपयोग करने को कहा। इटोर पंचायत सचिवालय बिना हैंडओवर हुए जर्जर स्थिति में पहुंच जाने पर संबंधित विभाग से पत्राचार की बात कही।

## बिहार में थर्ड जेंडर को मिलेगा आवास

**पटना।** राज्य सरकार थर्ड जेंडर के लोगों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने और उनके समाज में उत्थान की दिशा में कई योजनाएं लागू कर रही है। इस दिशा में सरकार ने थर्ड जेंडर के लोगों के लिए आवासिक सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। वर्तमान में सूबे के सभी प्रमंडलीय मुख्यालयों में मंगलामुखियों के लिए आवास का निर्माण हो रहा है। इस महत्वपूर्ण पहल को कार्रवाई में उतारने के लिए समाज कल्याण विभाग और भवन निर्माण विभाग संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं। पहले चरण में, हर प्रमंडल में मंगलामुखी आवास सह छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। इस आवास में 50 कमरे होंगे।

## पेज 1 का शेष

### लंका दहन कर...

जसप्रीत बुमराह ने पारी की पहली बॉल पर पथुम निसांका (0 रन) को पगबाधा आउट कर दिया। **सचिन और मुरलीधरन स्टेडियम पहुंचे :** मैच से पहले क्रिकेट दिग्गज भारत के सचिन तेंदुलकर और श्रीलंका के लीजेंडरी स्पिनर मुथैया मुरलीधरन वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे। आइसीसी और यूनिसेफ आज 'वन डे 4 चिल्ड्रन' मना रहे हैं। मौके पर सचिन और मुथैया मुरलीधरन मैदान पर आये। दोनों प्लेयर्स देशों के नेशनल एंथम में भी शामिल हुए।

### जिसने भी जहां जो लूटा...

यह काम मैं रोकने वाला नही हूं, भले ही लाखो गाली मिले या फिर कोई कुछ कर ले। पीएम ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर पिछले पांच वर्षों में भ्रष्टाचार पर लिप्त रहने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि इस दौरान उनके नेता और कार्यकर्ता मालामाल हो गये जबकि विकास कार्य पूरी तरह से ठप रहे। सड़क, शिक्षा, अस्पताल बदहाल हैं। घूसखोरी, हत्या, हिंसा में रिकार्ड वृद्धि हो गयी है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने देश की राष्ट्रपति आदिवासी बेटी का भी अपमान किया। उनके खिलाफ क्या क्या नही कहा। उनका विरोध किया। उन्होंने लोगों से कहा कि वह आदिवासी बेटी का अपमान करने का बदला लें और कांग्रेस को चुनावों में जरूर सजा दे। कांग्रेस पर ओबीसी वर्ग को भी धोखा देने का आरोप लगाया,और कहा कि उन्हे भी इस वर्ग का होने के नाते गाली दी गयी। उन्होंने कहा कि जहां-जहां कांग्रेस सत्ता में रहेंगी, वहां पर विकास हो ही नही सकता। ऐसे में मतदाताओं को बहुत सोच समझ कर निर्णय लेना है। यह चुनाव विधायक,मंत्री या मुख्यमंत्री बनने का नही हैं बल्कि आपके और आपके बच्चों के भविष्य को तय करने वाला है।

### जो काम पहले होने चाहिए...

**पूर्ववर्ती सरकारों ने सिर्फ छला :** सीएम ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने झारखंड और यहां के युवाओं सिर्फ छला। उनके हित के लिए कुछ नहीं किया। जब से झारखंड में मेरी सरकार आयी, राज्यहित में लगातार काम हो रहे हैं। जो पहले ही होने चाहिए थे, आज उन कार्यों को कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब से उनकी सरकार बनी है, तब से उनकी प्राथमिकता में युवा हैं। उन्हें रोजगार देने में सरकार जुटी हुई है। पिछले दिनों पलामू में आयोजित प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं के बीच ऑफर लेटर का वितरण किया था। रोजगार मेले के जरिये अब तक 40 हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर दिया जा चुका है। इसी क्रम में पशु चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस मौके पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### रिम्स हॉस्टल में मिला शव...

**क्या है मामला :** शव मिलने के की खबर सबसे पहले उनके दोस्तों को मिली। जानकारी के अनुसार डॉ मदन अपने कमरे से सुबह 5 बजे के करीब से ही गायब थे। सुबह 5:40 के करीब हॉस्टल के छात्रों को किसी भारी चीज के छत से गिरने की आवाज आयी। जब छात्र नीचे पहुंचे तो उनके होश उड़ गये। उन्हें जली अवस्था में एक युवक पड़ा हुआ है। मामले की सूचना शीघ्र बरियातू पुलिस को दी गयी। पुलिस शीघ्र मौके पर पहुंची। शव की पहचान उनके सहयोगियों ने डॉक्टर मदन के रूप में की। डॉ मदन तमिलनाडु के मदुरई के रहने वाले थे। रांची के सदर डीएसपी प्रभात रंजन दरबार ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है। मौके से एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम ने कई तथ्य जुटाये हैं, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# गोड्डा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकारिणी समिति की एक दिवसीय बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गोड्डा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति की बैठक जिला मुख्यालय के सरकंडा नगर भवन में जिला अध्यक्ष वासुदेव सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का एजेंडा मुख्य रूप से चार बिंदुवो पर रहा। संगठन के द्वारा पंचायत समिति गठन की समीक्षा। सदस्यता अभियान की स्थति। मोर्चा संगठन का हालिया विस्तार। केंद्रीय समिति की 26 अक्टूबर की बैठक में माननीय कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन जी के द्वारा तय गोड्डा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति की पंचायत समिति सदस्य की विस्तारित बैठक जो 11नवम्बर को तय किया गया है, उसकी तैयारी। जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष/सचिव से संगठन को




अद्धतन जानकारी दी गई। फिर सभी प्रखंडों के प्रभारी से पंचायत समिति गठन की जानकारी जिला अध्यक्ष ने लिया। अंत में सभी वरिष्ट केंद्रीय समिति सदस्य का सुझाव लिया गया। सभी प्रखंडों की पंचायत समिति का गठन लगभग 70% कार्य संपन्न पाया गया। शेष पंचायत समिति का गठन 11 नवम्बर से पहले हर हाल में करने का निर्णय लिया गया। 11 नंबर के सम्मेलन से प्रतेक पंचायत से 10 से 15 प्रतिनिधि की उपस्थिति निश्चित की गई। साथ ही सभी वक्ताओं ने हेमंत सरकार की उपलब्धियों को उपस्थित कार्यकर्ताओ जानकारी दी गईं जिसमे लेटेस्ट उपलब्धि अबुवा आवास योजना,एवं माननीय हेमंत सोरेन जी के द्वारा टमाक बजाने वालों भी शामिल करेंगे। झारखंड आंदोलनकारी पेंशन योजना में। बैठक में जिला अध्यक्ष के अनुमति से पूर्व जिला अध्यक्ष सह केंद्रीय समिति सदस्य राजेश मंडल का 56 वां जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। बैठक में मुख्यरूप से पूर्व जिला अध्यक्ष सह केंद्रीय समिति सदस्य राजेश मंडल, जिला सचिव मो अजीमुद्दीन, केंद्रीय समिति सदस्य सह राजमहल सांसद प्रतिनिधि सुबल मंडल, केंद्रीय समिति सदस्य मुन्ना खुर्शीद, कौशलेंद्र टुडू,विनोद मुर्मू, ताला बाबू हांसदा, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, वरिष्ट नेता प्रेम नंदन मंडल, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष डाक्टर कयूम अंसारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता झा, किसान मोर्चा अध्यक्ष संजीव मिर्धा, युवा मोर्चा अध्यक्ष चंदन हेंब्रम, सदर प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद महतो, नगर अध्यक्ष अजय कुमार देवा, सचिव रोहित राज मुर्मू, मेहरम। प्रखंड अध्यक्ष अकीदत अंसारी, बसंतराय प्रखंड अध्यक्ष सुलतान अहमद, जिला उपाध्याक्ष इरफान आलम, पथरगामा प्रखंड अध्यक्ष राजू हंसदा, सचिव विजय महतो, बच्चन दरबे, श्यामल रामदास, नगर संगठन सचिव राज कुमार दास, सैकत अली, असगर अंसारी, मो अजीमुद्दीन,रहीस आलम, वरिष्ट नेता बबलू हसंसदा, कृष्णा मुर्मू, महेश मंडल, प्रिंस कुमार, छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष देवराज कुमार, किंकर चौहान, बोरीजोर अध्यक्ष सुनील मुर्मू, सचिव निसार अहमद, मो जमाल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चीनी सीमा पर गरजा भारत का प्रचंड

## एलओसी पर तैनात हुआ एस-400 मिसाइल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान और चीन से लगी सीमाओं एलओसी और एलएसी पर एस-400 मिसाइल सिस्टम को तैनात कर दिया है, ये मिसाइल सिस्टम किसी भी तरह के हवाई हमले को नाकाम कर सकता है। भारतीय सेना के हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड ने पिछले दिनों उत्तर-पूर्वी राज्य में चीन की सीमा के करीब सफल लैंडिंग की है। प्रचंड ने इससे पहले एक और कीर्तिमान अपने नाम किया था। प्रचंड पर विशेषज्ञों की खास नजरें और इसकी तुलना अमेरिका में बने अपाचे हेलीकॉप्टर से कर रहे हैं।



भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य पर हमेशा से ही चीन की नजरें गड़ी रही हैं, लेकिन अब सेना ने यहां पर अपनी तैयारियों को बढ़ाना शुरू कर दिया है। इसका सबूत है हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड की सफल लैंडिंग। इससे पहले 30 अक्टूबर को सेना ने इस हेलीकॉप्टर पर फिट 70 मिमी रॉकेट और 20 मिमी बुर्ज गन से सफल फायरिंग को अंजाम दिया था। अब कुछ लोग इस हेलीकॉप्टर की तुलना अमेरिका में बने बोइंग अटैक हेलीकॉप्टर अपाचे से करने लगे हैं। दोनों ही इस समय भारतीय सेना का हिस्सा हैं।

**पलक झपकते तबाह दुश्मन :** एलसीएच यानी लाइट कॉम्बेट हेलीकॉप्टर प्रचंड के बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि यह दुश्मन के एयर डिफेंस को पलक झपकते ही तबाह कर सकता है। ऐसे में इसे आतंकवाद विरोधी अभियान में सबसे कारगर माना जा रहा है। प्रचंड एक एक टू सीटर मल्टी रोल हेलीकॉप्टर है। इसकी एक खासियत इसे अपाचे की तुलना में कहीं ज्यादा ताकतवर बना देती है। अगर हम वजन की बात करें तो प्रचंड का वजन 5.8 टन है जबकि अपाचे करीब चार टन का है। प्रचंड को दो टबोर्शैफ्ट इंजन से ताकत मिलती है। दोनों इंजन की हॉर्सपावर कुल मिलाकर करीब तीन हजार है। वहीं अपाचे जनरल इलेक्ट्रिक के ळ700 जीई 701उ टबोर्शैफ्ट इंजन की मदद से उड़ान भरता है। इसके एक इंजन की ताकत 1890 हॉर्सपावर है। इंजन के लिहाज से अपाचे, प्रचंड पर भारी पड़ता है।

**हाई स्पीड ऑपरेशन :** इंजन की वजह से अपाचे हाई स्पीड पर भी ऑपरेशन को अंजाम दे सकता है। अपाचे की टॉप स्पीड 295 किलोमीटर प्रतिघंटा है। जबकि प्रचंड की टॉप स्पीड 280 किलोमीटर प्रति घंटा है। दूसरी ओर अगर प्रचंड 6500 मीटर की ऊंचाई पर है तो इस ऊंचाई से वह 700 किलोमीटर दूर के टारगेट का अंदाजा लगा सकता है। जबकि अपाचे 6400 मीटर की ऊंचाई पर केवल 480 किलोमीटर दूर पर मौजूद लक्ष्य की जानकार दे पाता है।

### प्रचंड की खासियत

**अपाचे** में एक लॉन्गबो रडार दी गई है। इस रडार की खासियत है कि अगर यह दुश्मन से सुरक्षित दूरी पर है तो भी हवा में रह सकता है। जिस समय जमीन पर किसी तरह का कोई आतंकी खतरा होता है तो अपाचे की यही खासियत बचाव में मदद करती है। प्रचंड को हवा से हवा में हमला करने वाली मिसाइलों के अलावा, एंटी-टैंक मिसाइलें, एंटी-रेडिएशन मिसाइलें और रॉकेट पॉड्स से लैस किया गया है। विशेषज्ञों की मानें तो भारत में विकसित टेक्नोलॉजी को अभी युद्ध में अपना लोहा मनवाना है। वहीं, अपाचे अमेरिकी सेना और 12 दूसरे देशों की सेनाओं के साथ सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

# अमेरिका के लिए बहुत अहम देश भारत : ग्रार्सेटी

### भारत में अमेरिकी राजदूत ने कहा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक ग्रार्सेटी ने गुरुवार को कहा कि भारत अमेरिका के लिए सबसे अहम देश है और उनके बीच का संबंध सदी के सर्वाधिक अहम रिश्तों में से एक हैं। गासेर्टी ने दिल्ली में ग्लोबल एनर्जी अलायंस फॉर पीपुल एंड प्लैनेट (जीईएपीपी) द्वारा आयोजित द एनर्जी ट्रांजिशन डायलॉग्स में यह बात कही। राजदूत ने कहा कि मैं इसे निजी तौर पर कहता था लेकिन अब मैं इसे सार्वजनिक रूप से कह सकता हूं, जब राष्ट्रपति ने मुझसे (भारत में राजदूत के) पद पर विचार करने को बोला तो उन्होंने कहा कि भारत मेरे लिए दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण देश है। मुझे नहीं पता कि क्या किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने कभी ऐसा कहा है। राष्ट्रपति जो बाइडन का वास्तव में यही मतलब था। ग्रार्सेटी ने कहा कि उनका मानना है कि अमेरिका-भारत का रिश्ता इस सदी का सबसे अहम संबंध है। उन्होंने कहा कि यह तेजी से विकसित होता संबंध है। देखिये कि कैसे हमने अपने



इतिहास के अब तक के सबसे अच्छे जी20 में हिस्सा लिया। निःसंदेह भारत ने इसका नेतृत्व किया और आपके अद्भुत नेतृत्व के लिए धन्यवाद। कारोबारी अवसरों पर उन्होंने कहा कि भारतीय और अमेरिकी बाजारों में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश के काफी मौके हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों की कंपनियां एक-दूसरे के बाजारों में अवसरों से लाभ उठा सकती हैं। राजदूत ने कहा कि जब जलवायु की बात आती है, तो हम अमेरिका में भारतीय कंपनियों के लिए अवसर तलाशते हैं और ऐसा ही अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत में भी होता है।

### आइएसआइएस मॉड्यूल मामले में हजारीबाग का शाहनवाज गिरफ्तार

**मुंबई।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसके बाद अब तक पकड़े गए लोगों की कुल संख्या आठ हो गई है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

जांच एजेंसी के बयान के अनुसार, संबंधित व्यक्ति की पहचान झारखंड के हजारीबाग निवासी मोहम्मद शाहनवाज आलम के रूप में हुई है। ऐसा माना जाता है कि वह विदेशी आतंकवादी संगठन की आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से शामिल था। आलम अपने दो सहयोगियों- मोहम्मद इमरान खान और मोहम्मद यूनुस साकी के साथ एक सक्रिय आईएसआईएस सदस्य था, जिन्हें मोटरसाइकिल चोरी करने का प्रयास करते समय पकड़ा गया था।

आलम 19 जुलाई को पुणे पुलिस से भागने में सफल रहा था और एनआईए ने उस पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित किया था, जिससे उसके ठिकाने के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली और वह पकड़ा गया।

# कांग्रेस ने मुझे गाली दी, क्योंकि मैं पिछड़ा वर्ग से आता हूं : मोदी

### छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री बोले परिवारवाद, भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार कांग्रेस की नीति

एजेंसी

**कांकेर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के कांकेर से कांग्रेस की आदिवासी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) विरोधी सोच पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेरे साथ दुर्व्यवहार किया गया क्योंकि मैं ओबीसी समाज से आता हूं। कांकेर में भाजपा की एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा छत्तीसगढ़ को मजबूत करने और आदिवासियों एवं पिछड़ों के हितों की रक्षा के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सिर्फ विधायकों, मंत्रियों या सीएम को चुनने के लिए नहीं है बल्कि यह लोगों का भविष्य भी तय करेगा। मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता से पूछा कि कांग्रेस ने ओबीसी को क्या दिया? उसने ओबीसी को सिर्फ गाली और धोखा दिया। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार भाजपा ने एक आदिवासी परिवार की बेटी को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने का फैसला किया, तो कांग्रेस ने उनका अनादर किया। उनके खिलाफ अपप्रचार किया, भला बुरा कहा, कांग्रेस का ये विरोध



भाजपा के खिलाफ नहीं था, बल्कि आदिवासी बेटी के विरोध में था। इसलिए, छत्तीसगढ़ के हर आदिवासी को ये अपमान हमेशा याद रखना चाहिए और कांग्रेस को सजा देनी है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने मुझे भी नहीं छोड़ा, जब मैं 2013-14 में चुनाव के मैदान में आया तब मुझे ये गाली इसलिए देते थे, क्योंकि मैं ओबीसी समाज से आता हूं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और विकास में छत्तीस का आंकड़ा है। जहां कांग्रेस रहेगी, वहां विकास हो ही नहीं सकता। कांग्रेस की नीति परिवारवाद, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के 5 साल के शासनकाल में सिर्फ सत्तारूढ़ दल के नेताओं के बच्चों और रिश्तेदारों को फायदा हुआ है। कांकेर के, बस्तर के, गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी परिवारों को क्या मिला? उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को कांग्रेस ने टूटी-फूटी सड़कें दी हैं। आप लोगों को कांग्रेस ने बीमार-बदहाल स्कूल, अस्पताल दिए हैं। कांग्रेस ने सरकारी दफ्तरों में घूसखोरी का नया रिकॉर्ड बनाया है। कांग्रेस शासन में आपको नौकरियों की बंदरबांट, हत्या, अपराध, हिंसा, यही सब कुछ मिला है। इसलिए छत्तीसगढ़ कह रहा है- अउ नइ सहिबो, बदल के रहिबो! प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा का संकल्प- छत्तीसगढ़िया पहचान को सशक्त करने का है। हर गरीब, आदिवासी, पिछड़ों के हितों की रक्षा का है। छत्तीसगढ़ को देश के शीर्ष राज्यों में लाने का है। यह मोदी की गारंटी है कि छत्तीसगढ़ को लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अगर भाजपा छत्तीसगढ़ में सत्ता में लौटी तो पीएम आवास योजना के तहत काम में तेजी लाई जाएगी।

# जयपुर में 15 लाख रुपये रिश्वत लेते इडी का अधिकारी गिरफ्तार

एजेंसी

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने ईडी इम्फाल के एक अधिकारी व उसके सहयोगी को कथित रूप से परिवादी से 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने बताया कि आरोपी चिटफंड मामले में गिरफ्तार नहीं करने की एवज में आरोपी से 17 लाख रुपए मांग रहा था। परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि कार्यालय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इम्फाल में दर्ज चिटफंड-प्रकरण में उसके विरुद्ध मामले को निपटाने, प्रॉपर्टी जब्त नहीं करने तथा गिरफ्तार नहीं करने की एवज में आरोपी प्रवर्तन अधिकारी नवल किशोर मीणा द्वारा 17 लाख रुपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। एसीबी की टीम ने शिकायत का सत्यापन कर गुरुवार को जयपुर में आरोपी नवल किशोर मीणा उर्फ एनके मीणा को ाहयोगी बाबूलाल मीणा उर्फ दिनेश के माध्यम से परिवादी से 15 लाख रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया। इसके अनुसार नवल किशोर मूल रूप से बस्सी जिले के विमलपुरा गांव का रहने वाला है जबकि उसका सहयोगी बाबूलाल उप पंजीयक कार्यालय-मुंडावर में कनिष्ठ सहायक पद पर कार्यरत है।

### फिल्मों में आने के पीछे छोटे भाई का हाथ : अमिताभ बच्चन



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि उनके फिल्मों में आने के पीछे उनके छोटे भाई अजिताभ बच्चन का हाथ है। बच्चन ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1969 में प्रदर्शित फिल्म सात हिंदुस्तानी से की थी। अमिताभ बच्चन को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये पांच दशक हो गये हैं। अमिताभ इन दिनों रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' सीजन 15 होस्ट कर रहे हैं। शो के दौरान अमिताभ ने अपने फिल्मों में आने की वजह बतायी। अमिताभ ने बताया, मेरा एक छोटा भाई भी है। हमारी उम्र में पांच-छह साल का अंतर है। मैं हमेशा उसकी सुरक्षा के बारे में सोचता था। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह फिल्मों में मेरे प्रवेश का कारण है।मेरे भाई ने ही सबसे पहले मुझसे कहा था कि तुम्हें फिल्मों में काम करना चाहिए।

# आरबीआइ कार्यालयों में डाक के जरिये 2000 रुपये के नोट भेज सकते हैं लोग

नयी दिल्ली। लोग अब अपने 2,000 रुपये के नोट अपने बैंक खातों में जमा कराने के लिए उन्हें बीमाकृत डाक के जरिए रिजर्व बैंक के निर्दिष्ट क्षेत्रीय कार्यालयों में भेज सकते हैं। यह उन लोगों के लिए एक आसान विकल्प है जो रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों से दूर रहते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के क्षेत्रीय निदेशक रोहित पी. ने कहा कि हम ग्राहकों को सबसे सहज व सुरक्षित तरीके से उनके खाते में सीधे राशि जमा कराने के वास्ते बीमाकृत डाक के जरिए 2,000 रुपये के नोट आरबीआई को भेजने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह उन्हें निर्दिष्ट शाखाओं तक यात्रा करने और कतार में खड़े होने की परेशानियों से बचाएगा। उन्होंने कहा कि टीएलआर तथा बीमित पोस्ट, दोनों विकल्प अत्यधिक सुरक्षित हैं और जनता के मन में इन विकल्पों को लेकर कोई डर नहीं होना चाहिए। अकेले दिल्ली कार्यालय को अब तक करीब 700 टीएलआर फॉर्म मिले हैं। उन्होंने कहा कि आरबीआई अपने संचार में अपने कार्यालयों में विनिमय सुविधा के अलावा इन दो विकल्पों को फिर शामिल कर रहा है। आरबीआई ने 19 मई को 2,000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। इन नोटों को बैंकों में जमा करने के साथ अन्य मूल्य वर्ग के नोटों से बदलने की सुविधा लोगों को दी गई थी। आरबीआई के मुताबिक, इस तरह 19 मई 2023 तक चलन में मौजूद 2,000 रुपये मूल्य के कुल नोट में से 97 प्रतिशत से अधिक नोट अब वापस आ चुके हैं। इन नोटों को बदलने या बैंक खातों में जमा कराने की समय सीमा पहले 30 सितंबर थी। बाद में यह समयसीमा सात अक्टूबर तक बढ़ा दी गई।

# एथिक्स कमेटी के सवालों से बौखलाते हुए निकलीं महुआ

**नयी दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा गुरुवार को लोकसभा की एथिक्स कमेटी के सामने पेश होने के बाद गुस्से से बाहर निकलीं। दोपहर बाद वह बैठक से बाहर आईं तो बौखलाते हुए कमेटी पर बरस रही थीं। उनके साथ बसपा के सांसद दानिश अली भी थे। विपक्षी सांसद शोर-शराबा करते हुए बाहर आए। उस समय का वीडियो भी सामने आया है जिसमें महुआ यह बोलती हुई सुनी जा सकती हैं कि ये एथिक्स कमेटी है? ये सवाल पूछ रहे हैं? स्पष्ट रूप से समझ में नहीं आया कि महुआ इतना भड़की क्यों थीं? किसी ने पूछा भी कि क्या हुआ तो महुआ



ने कहा- सभी एमपी...। वो दृश्य काफी हंगामेदार था। कई लोग मोबाइल से सब कुछ रिकॉर्ड कर रहे थे। दानिश अली ने कहा कि वे सभी अनएथिकल सवाल पूछ रहे थे? दानिश अली ने बताया कि उन्होंने वॉक आउट क्यों किया? काफी गुस्से में बोलते हुए दानिश अली ने कहा कि वे पूछ रहे कि रात में किससे क्या बात करते थे? इसका क्या मतलब है? 'रिश्वत लेकर संसद में सवाल पूछने' के मामले में आज मोइत्रा संसद की कमेटी के सामने पेश हुई थीं।

पूछे गए अनैतिक सवालः महुआ मोइत्रा के साथ लोकसभा की आचार समिति की बैठक के तरीके को लेकर सवाल उठाते हुए विपक्षी सदस्यों ने वॉकआउट किया। विपक्षी सदस्यों ने समिति के अध्यक्ष पर तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा से व्यक्तिगत और अनैतिक सवाल पूछने का आरोप लगाया।

### एनआइए ने कोटा में की छापेमारी, पीएफआइ के दो लोगों को लिया हिरासत में

**जयपुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को टेरर लिंक का इनपुट मिलने के बाद कोटा में छापेमारी की है। एनआईए ने कोटा के कुन्हाड़ी और कैथून थाना क्षेत्र में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। मौके से मोबाइल व उपकरण सहित कुछ संदिग्ध सामग्री जब्त की गई है। टीम ने कोटा के कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र में बापू कॉलोनी में गुरुवार सुबह छापा मारा और यहां एक संदिग्ध वाजिद के घर की तलाशी ली। वाजिद जुडो कराटे की ट्रेनिंग देता है। पिता खुद की गाड़ी चलाते है। वाजिद तीन भाई है। वाजिद के परिवार से कोई जयपुर में कोचिंग चलाता था। दूसरी कार्रवाई कैथून थाना क्षेत्र में मवासा रोड पर हुई।

# बीएसएफ के रंगरूट सीख रहे ड्रोन के गुर

### नशीले पदार्थों की तस्करी को नाकाम करेंगे जवान

**इंदौर।** भारत की सीमा से लगे दूसरे देशों, खासकर पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिये हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी को नाकाम करने के लिए बीएसएफ अपने रंगरूटों को प्रशिक्षण के दौरान ड्रोन तकनीक के गुर भी सिखा रहा है। बीएसएफ के इंदौर स्थित सहायक प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एसटीसी के महानिरीक्षक कुलदीप कुमार गुलिया ने बताया कि पाक की ओर से भारतीय सरहद में नशीले पदार्थ और हथियार भेजने के लिए ड्रोन के इस्तेमाल के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। बीएसएफ के सतर्क जवानों ने अंतरराष्ट्रीय सरहद से सटे पंजाब और जम्मू-कश्मीर में ऐसे कई मामलों में दुश्मन की कोशिशें नाकाम करते हुए ड्रोन को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि इन मामलों को देखते हुए एसटीसी ने नयी भर्ती वाले जवानों के 42 हफ्ते के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में ड्रोन तकनीक का बुनियादी पाठ शामिल किया है। गुलिया ने बताया कि जवानों को ड्रोन तकनीक का बुनियादी प्रशिक्षण दे रहे हैं ताकि ये जवान जब सरहद पर तैनात हों, तो उन्हें ड्रोन एकदम नयी चीज न लगे और वे ड्रोन के खतरों से बेहतर तरीके से निपट सकें।

## एक नजर में

### पाकिस्तान में आम चुनाव 11 फरवरी को

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि देश में आम चुनाव 11 फरवरी को होंगे। निर्वाचन आयोग की इस सूचना के बाद से देश में चुनाव को लेकर लंबे समय से जारी अनिश्चितता की स्थिति समाप्त हो गई। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के अधिवक्ता सजील स्वाति ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र निर्धारण की प्रक्रिया 29 जनवरी तक पूरी हो जाएगी,इससे चुनाव का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। उन्होंने यह बात तब कही जब उच्चतम न्यायालय ने उन याचिकाओं पर सुनवाई प्रारंभ की जिनमें नेशनल असेंबली और प्रांतीय विधानमंडलों के भंग होने के 90 दिन के भीतर चुनाव कराए जाने का अनुरोध किया गया था।

### अमेरिका में भारतीय छात्र पर चाकू से हमला

वाशिंगटन। अमेरिका के इंडियाना राज्य में भारतीय छात्र पी वरुण राज (24) पर सप्ताहांत में एक फिटनेस केन्द्र में चाकू से हमला किया गया जिसके बाद से उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और उसे जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। वरुण कंप्यूटर साइंस का छात्र है और रविवार को सुबह एक जिम में जॉर्डन एंड्रेड (24) ने उस पर चाकू से हमला किया था। अधिकारी हमले के कारणों का पता लग रहे हैं। तीन दिन के उपचार के बाद भी वरुण जीवन रक्षक प्रणाली पर है । उसके तंत्रिका तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचा है। उसके स्थायी तौर पर दिव्यांग होने तथा देखने में तकलीफ होने और बाईं तरफ के अंगों के कमजोर होने की आशंका है। हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है और उस पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है।

### बाइडन ने कैंपबेल को उप विदेश मंत्री नामित किया

**वाशिंगटन। अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने मौजूदा उप सहायक कर्ट कैंपबेल को देश का उप विदेश मंत्री नामित किया है। बाइडन ने एशिया के साथ ही रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित करने वाली विदेश नीति तैयार करने के उनके प्रशासन के प्रयासों के तहत यह कदम उठाया है। कैंपबेल (66) 20 जनवरी, 2021 से राष्ट्रपति के उप सहायक और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में हिंद-प्रशांत मामलों के समन्वयक के रूप में काम कर रहे हैं।

### बीआरएस विधायक बापू राव भाजपा में शामिल

**हैदराबाद।** तेलंगाना में निर्वतमान विधानसभा में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक राठौड़ बापू राव और कांग्रेस नेता सी. कृष्ण रेड्डी भाजपा में शामिल हो गए हैं। कृष्ण रेड्डी और बोथ से विधायक बापू राव तथा येल्लारेड्डी निर्वाचन क्षेत्र से कुछ नेता बुधवार को दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए।

### पुलवामा में आतंकी के सहयोगी का घर कुर्क

पुलवामा। पुलवामा की विशेष अदालत से आदेश पर अवंतीपोरा पुलिस ने गुरुवार को क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में एक आतंकवादी के सहयोगी आजाद अहमद तीली का घर कुर्क कर लिया। यह कार्रवाई अवंतीपोरा के बेघपोरा में गांव के बुजुर्गों और सम्मानित समुदाय के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। आतंकवादी के सहयोगी आजाद अहमद तीली को अवंतीपोरा पुलिस स्टेशन में दर्ज केस (एफआईआर संख्या 58/2020) के संबंध में हिरासत में लिया गया था। उस पर दो आतंकवादियों को आश्रय देने पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 19 के तहत कार्यवाही की गई है।

### नक्सलियों ने की तीन ग्रामीणों की हत्या

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के एक गांव में संदिग्ध नक्सलियों ने महाराष्ट्र पुलिस के लिए मुखबिरी करने के संदेह में तीन ग्रामीणों की कथित तौर पर हत्या कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उन्हें घटना के बारे में सूचना मिली है तथा इस संबंध में और अधिक जानकारी एकत्र की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पड़ोसी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले से सटे छोटेबेठिया पुलिस थाना (कांकेर) के मोरखंडी गांव के निवासी कुल्ले कतलामी (35), मनोज कोवाची (22) और डुग्गे कोवाची (27) की नक्सलियों ने कथित तौर पर हत्या कर दी है।

### शेयर बाजार में गिरावट थमी, सेंसेक्स 490 अंक चढ़ा

मुंबई। शेयर बाजारों में दो दिन से जारी गिरावट पर गुरुवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 490 अंक के लाभ में रहा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर यथावत रखने के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू शेयर बाजारों में रौनक रही। सेंसेक्स 489 .57 अंक यानी 0 .77 प्रतिशत उछलकर 64,080 .90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 144 .10 अंक यानी 0 .76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,133 .25 अंक पर बंद हुआ। इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
DEALS IN
YAMAHA AHUJA BOSS BasiX CASIO PAiSTe Fender Gibson ESP DigiTech KORG Zildjian Roland Epiphone TAMA Stranger Ibanez Cort
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandir, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Ph.: 72509-33033 | M.: 98351-64815

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# कविता संग्रह 'सूरज का आठवां घोड़ा' में हैं मानवीय सरोकारों से गुथीं कविताएं

**देश** की आजादी के बाद 70 के दशक की युवा पीढ़ी मोहभंग की पीड़ा से गुजर रही थी। नये भारत के जो सपने उन्होंने देखे थे, देश की आजादी के बाद वे बिखरते दिख रहे थे। यही वजह है कि उस दौर की रचनाओं में हताशा, निराशा और क्षोभ के तीखे स्वर देखने को मिलते हैं। उस वक्त के कई युवा ऐसे भी रहे थे, जिनके पास लिखने का कौशल तो था मगर उन्होंने लिखने से चुप्पी साध ली थी। चुप्पी भी एक तरह का विरोध ही होती है। वे बस अपनी पीड़ा और चुप्पी के साथ रोजी-रोजगार में जुते रहे। उन्होंने उदारीकरण का दौर भी देखा, उससे पैदा हुई उपभोक्तावादी संस्कृति भी देखी। नयी सदी में प्रवेश के साथ उन्होंने नैतिक मूल्यों का ह्रास भी देखा।

70 के दशक में युवा रहा शख्स इस बदले माहौल में खुद को मिसफिट पाता है। उसकी निगाह में नैतिकता के मूल्य बचे रहे हैं और अब की पीढ़ी में इस नैतिकता के खिलाफ विद्रोह दिखता है, तो इस मिसफिट हुई पीढ़ी के सामने अपने वक्त के सपने जगते हैं और अब की पीढ़ी में हुए नैतिक मूल्यों का ह्रास दिखता है। इसी कश्मकश वाली पीढ़ी के रचनाकार हैं डॉ निवास चंद्र ठाकुर। इनकी कविताओं में दोनों दौर से मोहभंग की पीड़ा दिखती है। निवास जी के कविता संग्रह 'सूरज का आठवाँ घोड़ा' में उनकी कुल 37 कविताएं हैं। यह संग्रह इंडिया नेटबुक्स प्राइवेट लिमिटेड से प्रकाशित हुआ है।

**कविताओं में व्यंग्यात्मक टोन**

निवास चंद्र ठाकुर की कविताओं में आशावाद खूब मुखर है। संग्रह की कई कविताओं की भाषा व्यंग्यात्मक है। कुछ कविताएं विमर्श भी पैदा करती हैं। इन कविताओं से गुजरते हुए कई बार विषय और उसकी भाषा आपको छायावादी युग की याद दिलाएंगी, लेकिन कविता के अंत तक आते-आते आप बिल्कुल आज के माहौल को महसूसेंगे। इनकी भाषा में 70 के दशक की अभिशप्त पीढ़ी या भूखी पीढ़ी वाला क्षोभ नहीं दिखेगा, लेकिन आपको उसमें व्यंग्यात्मक टोन जरूर सुनाई देगा। 'सूरज का आठवाँ घोड़ा' संग्रह में 'अरे वो आ रहा सच - भाग-भाग बच-बच', '' जैसी कविताओं में यह टोन बहुत खुलकर सामने आया है।

**संग्रह की पहली कविता**

संग्रह की पहली कविता 'हाँ कोयल' में कोयल के भीगे नयनों की चर्चा है, साथ ही उसे यह भरोसा दिलाने की कोशिश भी है कि तमाम विपरीत परिस्थितियां गुजर जाएंगी और उसके बाद खुशियों भरे दिन लौटेंगे। और तब तुम्हें फिर से गाना है। जाहिर है कोयल की सुरीली बोली यहां आत्मिक सुख, संतोष और खुशी का प्रतीक बनी है। कविता का टोन आपको बीते दिनों का लग




सकता है, लेकिन अब के दौर में जिस आशावाद की निहायत जरूरत है, वह स्वर आपको प्रभावित करेगा।

**संतोषं परमं सुखम्**

इस संग्रह की दूसरी कविता में निवास जी ने सूरज, चांद, सागर, पर्वत यानी पूरी प्रकृति का उदाहरण देते हुए यह समझाने की कोशिश की है कि सारी मुरादें पूरी नहीं हो सकतीं। जीवन में बहुत कुछ आधा-अधूरा रह जाता है। इस अधूरेपन के साथ खुश होकर जीना जिंदगी की बड़ी कला है। कविता के अंतिम अनुच्छेद में निवास जी लिखते हैं -

*सच है यही*
*जो अरमान पूरे हो जाएँ*
*बस वे ही अपने हैं।*
*अधूरे रह गए अरमान*
*सुहाने सपने हैं।*
*फिर भी*
*इन्द्रधनुषी होता है।*

**नैतिक मूल्यों के ह्रास पर चिंता**

इस संग्रह की कई कविताएं नैतिक मूल्यों पर चिंता जतलाती हैं। झूठ, दलाली, लफ्फाजी और नकली चरित्र को खारिज कर देने वाली बिल्कुल साफ दृष्टि के साथ कवि अपनी बात रखता है। अपनी कविताओं के जरिए कवि इस समाज को अपने चंचल मन को थीर करने का सुझाव देता है। वह बताता है कि सफलता के लिए किसी दूसरे का मुंह जोहने की जरूरत नहीं, बल्कि दृढ़ प्रतिज्ञ हो अपना रास्ता खुद बनाने की जरूरत है। अब के दौर में अपना 'गॉडफादर' तलाश रहे लोगों के लिए कवि का संदेश है -

अपनी दिशा तय कर अपनी पाल मोड़
किसी दूसरे के बेड़े की आस छोड़।

**कठघरे में परंपराएं**

निवास जी की कविताओं का एक स्वर परंपरा और आधुनिकता के संघर्ष से भी जुड़ता है। कविता 'लक्ष्मण-रेखा' में यह स्वर साफ सुनाई देता है। इस कविता का मूल स्वर स्त्री का हिमायती है। इस कविता में वह लिखते हैं -

*।।। कितना बड़ा वहम है न यह*
*'कोई भी पुरुष खींच सकता है*
*किसी भी नारी के लिए कोई लक्ष्मण रेखा!'*
*सीता की ओर से वह लक्ष्मण रेखा तोड़े जाने की वजह लिखते हैं -*
*।।। उसके तोड़े जाने के मेरे भी थे कारण*
*ये थे - मेरी करुण, निर्णय लेने की*
*मेरी अपनी स्वतंत्रता और मेरा 'मैं'*
*सौ कपटी मेरे साथ कपट रता*
*परंतु, एक भी भूखा अगर लौट जाता*
*मेरी कुटिया से, यह नहीं था मुझे स्वीकार*
*सौ दोषी बच जाए, पर किसी निर्दोष को*
*मृत्यु तंड न मिल जाय, यही तो है न्याय।।।*

अपनी इस कविता में निवास चंद्र ठाकुर बताते हैं कि स्त्री अबला नहीं है, उसकी आजादी अपनी है, उसके सपने अपने हैं और वह हर हाल में अपने फैसले ले सकने में सक्षम है।

**विचारों का विचलन**

इस संग्रह की कविता 'सुन रहे हो देवदत्त' में विचारों का विचलन दिखता है। हिंदी के लब्धप्रतिष्ठ कवि सुदामा पांडेय 'धूमिल' की आलोचना ऐसे ही विचलन के लिए होती है जहां उन्होंने लिखा था 'सबको मादा पाया है'। निवास चंद्र ठाकुर की इस कविता में देवदत्त और गौतम के उस प्रसंग की चर्चा है जहां देवदत्त के तीर का निशाना बना था उड़ता हुआ हंस। इस हंस की जान बचाई थी गौतम ने। लेकिन हंस पर अधिकार किसका हो - इस बात को लेकर देवदत्त और गौतम में ठन गई थी। फिर देवदत्त ने न्याय पाने की गुहार लगाई थी। निवास जी ने इस कविता में देवदत्त के कृत को 'आदर्श अन्याय' बताया है। इस कविता में वे कई जगह देवदत्त के पक्ष में खड़े दिखते हैं। अगर उनका यह खड़ा होना व्यंग्य में है तो कहना होगा कि वह उभर नहीं पाया है। वे लिखते हैं -

*।।। एक बात पूछनी है तुमसे, बताओगे?*
*करुणा की चिरंतन धारा,*
*वहीं रह जाती अवरुद्ध,*
*तब कोई सिद्धार्थ कभी,*
*कहां से बन पाता बुद्ध!*
*आज तो सबल, वहीं का वहीं,*
*मनचाहा न्याय कर देता है,*
*बड़े आराम से निकल जाता है,*
*निर्बल जिंदा रहा, तो कोर्ट जाता है।*
*पहले लाल कपड़े में, फिर कम्प्यूटर में*
*कैद, हमारी आज की न्याय व्यवस्था में,*

महत्त्व है - यह बात सही होते हुए भी न्याय का महत्त्व बनाए रखने के लिए हम अपराध के होने की कामना नहीं कर सकते। किसी भी हाल में अन्याय का महिमामंडन नहीं किया जा सकता। इस अर्थ में यह कविता इस संग्रह की सबसे कमजोर कविता लगती है।

**मानवीय स्वर की कविताएं**

संग्रह में 'मैं अहिल्या आज पूछ रही हूँ', 'लोक देव : महादेव' कविताएं अहिल्या और शिव का तार्किक पक्ष रखती हैं। ऐसे मानवीय स्वर 'यह क्या हो गया हूँ', 'सूरज का आठवाँ घोड़ा', 'नया युग : नए मम्मी-पापा' और 'परिंदे का जोड़ा' जैसी कविताओं में देखे जा सकते हैं। इस संग्रह में 'एक ही देह' शीर्षक कविता मानवीय ऊष्मा से भरी हुई कविता है। इस कविता में एलजीबीटीक्यू समाज की बेचैनी, उनकी तकलीफ, उनके प्रेम को बिल्कुल मानवीय नजरिए से देखा गया है। मुख्यधारा वाले समाज में उनकी उपेक्षा के खिलाफ बहुत ही सौम्य तरीके से निवास चंद्र ठाकुर ने अपनी बात रखी है और उन्हें लगता है कि इस समाज को मुख्यधारा में पूरा सम्मान दिए जाने की जरूरत है।

**संग्रह की सबसे मजबूत कविता :** 'फंस गया कबीर' इस संग्रह की सबसे मजबूत कविता लगती है। शीर्षक में कबीर का फंसना जरूर दिख रहा, पर पूरी कविता में मोह में फंसे लोग दिखते हैं, अज्ञान के जंगल में भटकते लोग दिखते हैं। लोक से पैदा हुआ कवि अब लोक में ही खारिज किया जा रहा। पर इन सबसे बेखबर कबीर अपनी मस्त चाल में चले जा रहे हैं। कबीर के दोहों का इस्तेमाल करते हुए निवास चंद्र ठाकुर ने इस कविता में इस बदले हुए समाज की समझ को बड़ी सहजता से सामने रख दिया है।

इस कविता की एक बड़ी खूबी इसकी दृश्यात्मकता है। इसे पढ़ते हुए आपके जेहन में नाटक की तरह दृश्य बनते जाते हैं। आप भी पढ़ें - *उस दिन भूला-भटका*
*सैकड़ों साल बाद, न जानें*
*कहां से चला आया कबीर!*
*नहीं पता था, बदल गया है युग*
*बदल गई है युग की तासीर*
*बेमतलब फंस गया, शरम से धंस गया।*

**कविता संग्रह : सूरज का आठवां घोड़ा**
**कवि : डॉ निवास चंद्र ठाकुर प्रकाशक : इंडिया नेटबुक्स प्रालि।**
**कीमत : 275 रुपये**

---



# मुस्कुरा कर चल दिये

**अल्का हेम्बरोम**

**मुस्कुरा कर चल दिए**

वो...जब मैं पूछी कि ..क्या मैं आपको अच्छी लगती हूँ ?...उसने बस मुस्कुरा दिया ..मुझ से उम्र में काफी बड़े थे ...।

हमारे घर में कभी कभी आया करते थे ..माँ से बहुत बाते करते ...ये व्यक्ति कहा जाए तो आर्दश थे ....

ऐसे कहा जाए जो व्यक्ति आर्दश हो उससे कुछ अलग लगाव उस कच्ची उम्र में हो जाती है ....मुझे भी हो गयी ...लगा...उसकी छवि और हर अदा पसंद आने लगी ...लगा कि ..इर्द गिर्द रहूं ...।

कभी हाँ और कभी न हीं में ही उससे उत्तर सुनती थी ...मैं उस दहलीज पर थी जब एक आर्कषण और एक रिश्ता के बीच फर्क नहीं पता चलता ...।

धीरे धीरे वो शख्स का आना हमारे घर में आना बंद हो गया ...पता नहीं क्यूं...?

मैं भी हैरान थी ..माँ से पूछा तो बताया नहीं ....धीरे धीरे ...समय मुठ्ठी के रेत से निकलने लगे ...

मैं भी भूल ही चुकी थी ...

कई वर्षो बाद ...वो फिर हमारे घर आए तब तक मेरा लगाव भी कहीं और डूबकी लगा रहा था ....।बहुत ही उम्रदार और चेहरे की रौनक घट सी गयी ...।

हाँ कहानी तो अब पता चली ...जितनी गप्पे वो करते माँ के साथ ...

उनकी प्रेम कहानी थी ...किसी विजातीय लड़की से वो प्रेम कर बैठे ...घर के लोगों ने ....ऐलान कर रखा ...या तो वो लड़की या घर चुन लो ....

वो प्रेम में इस कदर थे कि ...कोई नहीं दिखा और विजातीय से विवाह कर लिया

फिर क्या ...दोनों के परिवार ..विरोध कर बैठे ....बस यही दो हंसों का जोड़ा ..अपनी जिंदगी जीते रहे ...

माँ उनका हर बात सुनी थी ...जब वो हमारे घर को आते थे...।

अब उन्हें देखा तो लगा कि विजातीय विवाह बस संर्घष से भरा होता है ...?

विवाह कम और संर्घष चुनौती ज्यादा ..।

वो 70 -80 का दशक ...घर निकाल ,जाति बाहर ...आदि...बच्चों की भी जिंदगी ...चुनौती से भरा ...।

अब मेरे आर्दश कुछ थके से और हारे से लगे शायद चुनौतीपूर्ण जिदंगी लेकर..।

आज भी मुझे देख मुस्कुरा कर चल दिए ...??

मेरा राजकुमार सा ...दिखने वाले को देख कर ...

एक बार ..मन में ही पूछने की ..चाहत रख ली ....

मैं आपको अच्छी नहीं लगी कभी ?

विजातीय लड़की क्यों ..ढूंढ़ लिए ?

मैं भी ...उस चाहत में अपनी उम्र को ताख पर रख दिया ....मुझ से बहुत बड़े थे ....।

ना उम्र की सीमा हो ...ना उम्र का हो बंधन ....

बस विजातीय विवाह ने ...उसे तोड़ कर रख दिया ...

मैं देखती रही ...वो मुस्कुरा कर चल दिए ..।

**समझौता.....**

सा लगा जब पहली बार मिली उनसे ..कमरे के अंदर से चोरी छिपे झांक कर उनकी झलक मिल गयी अच्छे लगे ..हाँ उनकी नजर मुझ पर नहीं पड़ी ।

चाय पकौड़े और नमकीन लाने की गुंजाइश हमारे हाथो से नहीं थी माता पिता राजी ...तो मैं भी हामी भर ही दी ..।

उनके हाथों में सफेद लिली के फूल ...और मैं भी थोड़ा सकपकाहट में जवाब दी ...उन्हें पसंद था ..।बस हमारी जीवन गाड़ी चंद ही दिनों में शुरू...।

सब कुछ बहुत संयमित सा ...मुझे भी ऐसा शान्त और शानदार सब कुछ मिलने के बाद ...मन ही मन फूल उठती ..।

कालेज के आते जाते क्रम में एक ऐसा शख्स भी मिला था जो अच्छा दोस्त रहा ..कभी भी जीवन में उसके साथ चलने की सोची नहीं तभी मेरी इस अनजान शख्स ..सरपट सी गृहस्थी बस गयी ..।

आज वह दिन है जब मेरे हाथों सफेद लिली के फूल ...हैं दो बर्षो से इस कब्र पर आती और ..सजाती ..।

मेरे साथ छोटा सा एक ..नन्हा उसके हमरूप में ...उसे क्या समझाती ?...कि पापा अब सो गये हमेशा के लिए ...

एक दिन नीले आंसमा में हम फिर मिलेगें..ये दिलासा शब्द से ही उसे समझाती ..।

बहुत धीरज से दिन गुजरते ...मैं शुरू से शान्त बहुत कम बोलती ...हाँ अब ..एक बोलने वाला उसका हमरूप ....उसे देखती ...लेकिन फिर सोचती ..इतनी लंबी जिंदगी ....ओह!!!

मेरे अंर्तमुखी स्वभाव ने सभी के लिए द्वार बंद सा कर दिया ...

मैं अपने आप में खो गयी ...अचानक फिर मैं अपने कमरें से ...उस दोस्त को देखा ...जो मेरे माता पिता से ...मेरे जिंदगी को सजाने अपना हाथ बढ़ाया .....मैंने चुपचाप उनकी सुनी ...

पर ...मैं इस नन्हे जान से ...और एकंकी जिंदगी से ही समझौता कर लिया ...

शायद इसलिए ...कि ..अब भी मुझे उसके कब्र पर हर वर्ष सफेद लिली फूल से सजाना पसंद है ...।

मैंनें ...अब अपने बगीचे भी सफेद लिली फूलों से सजा लिया ....। अब मैं इन फूलों से बाते भी करती हूँ ...

सब कुछ समझौतें की ही जिंदगी होती है ..मेरा वो अच्छा दोस्त से कभी बात नहीं करती ...यह भी एक समझौता है ..

क्योंकि ......बातें ...बस बनती है और तबाह कर सकती है ...।

मौन का समझौता बेहतर है

पगडंडी .....

से होते चलना अब भी याद है

नंगे पांव मिट्टी में धंसते अब भी याद है

इन खेतों में चलते चलते...और बुनते

सपने अब भी याद है ....

जब सयानी सी होने लगी थी तो ...इन लहलहाते खेतों में गुनगुने की आवाज...अब भी याद है ...

यहीं कहीं छुपे होते थे सपने मेरे ...

इन्ही हवाओं में मेरे गुनगुने की..की ध्वनि

अब ....बस अब नजारे ...आंखो में बसते है .....सुनैना ...इन नजारों को तुम देखो

मैं बस तुम्हें देखते हुए देखूं गीत भी याद है हमें ....??

**जिद्दी ...**

हूँ शुरू से अगर कोई मेरी नाकारात्मक पहलू को तूल दे दे ....जब पढ़ाई करते करते ..जीवन के लक्ष्य की सोचती थी तो ..मन में बहुत सी बातें आती थी ...मुझे क्या करना है बड़े हो कर ??

मुझे याद है हमारा विद्यालय छात्रावास 25 ह्यि दूरी पर मात्र दो बस चलती थी मिलन और रिमझिम दोनो में हम खड़े खड़े ही यात्रा कर लेते थे ...मिलन में इतनी भीड़ होती थी कि ..जिन व्यक्ति से कभी सट कर खड़े नहीं हुए हो ...तो सारा कसर इस बस के खलासी साहब कर देते थे ...मेरी तो कई बार सांसे घुटती सी थी ...कितने स्पर्श होते पता नहीं .??

एक बार दोनों बस बंद थी ...इस स्थिति में छुट्टियों के बाद ..माँ जो शिक्षा का महत्व समझती थी ...हमें बैलगाड़ी में बैठा कर भेजी ...हिलते डुलते रोते कांदते पहुंचे .....माँ को छोड़ना मेरे लिए बहुत कष्ट दायक रही...बड़ी दीदी के भरोसे वो भी डाटते फटकार लगाते रही ...।

अब जिद्दी तो थी ही ....घर में पुरूष वर्ग से हमेशा सुनती ...पढ़ लिख कर क्या करेगी ?

कोई कहता अभी तक पढ़े रही है? क्या करेगी शादी कर दो इसकी ...? हम सुनते सुनते ...यही सोचते थे मुझे करना है ...हिंदी फिल्मों का असर भी पड़ा ...कभी कभी हिरोइन बनने का भी सोच लेती ...लेकिन ये भी कोई कैरियर था

अन्ततः यही सोचा कि पढ़ाई कर...कोई नौकरी तो करनी है ...कोई बताने वाला नहीं ...?

बस कुछ लोगों ने चुनौती दे डाली ...

फालतू लड़की है ....बेकार है ..ये नाकारात्मक पहलू मेरे जिद्दी में हल्की होने लगी ......।

बस फिर क्या ..जिद कर ली कि नौकरी तो करनी ही है ...।

70 के दशक के जिन लड़कियों ने चुनौतियों को पीछे पछाड़े ...वे कामयाब जरूर हुई उसमें से मैं भी हूँ।

लेकिन अब लगता है कि ...यह संर्घष ..70 से 90 दशक में जितनी की गयी अब दृश्य बदल गये ...आज जिंदगी बहुत ही विषम परिस्थितियों में 70 के दशक के हम लोग ...पाए जाते है ...।

मैं बस यह सोचती हूँ लड़कियों के लिए शिक्षिका का नौकरी सबसे बेहतर है ...

ये मेरा व्यक्ति गत ...विचार ..

या तो एक महिला ..पूरी तरह से साज श्रृगांर कर पति के इंतजार में ...द्वार पर खड़ी संध्याकाल में ....का दृश्य मुझे अब भी लुभाने वाली है ....

ये फाईल पकड़ कर .....बस फैशन लगता मुझे ....

जिद्दी तब भी थी अब भी हूँ चुनौतियों के प्रति और जिम्मेदारियों के प्रति ...

हमेशा लिपटा रहना ..कुछ खास था ...।

उनका नये घर में दुल्हन बन कर आना रौनक सी ...इतनी खूबसूरत थी वह कि ..बहू भात में आए मेहमान तो उसे देखते ही रह गये ...उसके चेहरे से नजर ना हटे ...मैं दीदी ही कहती ...और जब भी उसके कमरें में जाती ...तो डायरी लिखती ही मिलती ...??

सब कुछ कुछ वर्षो तक सहज और चली उनकी गृहस्थी ...फिर धीरे धीरे उसका एक कमरे में सिमट जाना ...अटपटा सा लगा ...घर की बड़ी बहू...थी ..शायद जिम्मेदारी को निभाते ...वह बहुत कम घर से निकतली ....

दीदी ...के चेहरे की चमक घटती गयी लेकिन खूबसूरती तो केशों के पकने पर भी यथावत रही ...। अब भी डायरी लिखती और ...अपनी जिंदगी को बयां करती ...और कहीं छुपा कर रखती ..मृदुभाषी भी थी ...।

कुछ वर्षो तक वह चलना फिरना भी बंद कर दी ...अब वह कैदी जैसा जीवन ही जी रही थी ...बहुत वर्षो बाद उसकी एक संतान हुई ...शायद यही गम था ...। लेकिन यह क्या तब भी वह घर से बाहर ना जाए ....

अचानक एक दिन उसका हमेशा के लिए इस दुनिया से चला जाना भी ...अचंभित करता है मुझे ...।अब उसकी डायरी ....की कहानी शुरू हुई ....।

कुछ चंद पंक्तियाँ जो हमने पढ़ा ....

ऐ खुदा तुने मुझे जो खूबसूरती दी ...

इसी खूबसूरती से मैं ...परखी गई, परख के इस खेल में ...

मैं कभी खरी नहीं उतरी ....

जो भी मुझे निहारता तो शक की सुई हर रोज मेरे खूबसूरती पर रूक जाती ...और इसी ने मेरे गृहस्थ तो ...तबह कर दिया...मेरे कदम बस थम गये ...

जिसकी अर्धांगिनी थी ....

वो भी पराया सा हो गया ..।।।

बस और क्या मैं अपनी खूबसूरती को

कोसती रही ...और कैद हो गयी ...ये पंक्तियों ने उसकी जिंदगी की राज को खोला ...उनके जीवन साथी ..ने ही ...

उसके खूबसूरती को बदसूरत जिंदगी में बदल दिया ....।

अब मैं भी डरती हूँ .....डायरी लिखने में ...

क्योंकि डायरी हकीकत कहती है ...और मेरी तो कहानी ...डायरी में ना होकर...

दिल दिमाग में बसती है ....

जब चाहूं लिख लूं ..।।

जब चाहूं मिटा दूँ.।।

उसकी डायरी ....बस खास थी ...वही उसका हमसफर था जो हमेशा साथ ही चलता रहा ....और वह हमेशा के लिए चली गयी ....चंद शब्द की डायरी हकीकत बयां कर गयी ?

---

# भाषा के बहाने हिंदी की बातें

**प्रमोद जोशी**

सुरेश पंत की पुस्तक शब्दों के साथ-साथ का आगमन हुआ था, जिसने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। उस किताब के दूसरे, तीसरे और चौथे भाग की जरूरत बनी रहेगी। शब्द-सागर की गहराई अथाह है और उसमें गोता लगाने का आनंद अलग है। शब्दों के करीब जाने पर तमाम रोचक बातें जानकारी में आती हैं। उन्होंने अपनी नवीनतम पुस्तक भाषा के बहाने में शब्दों से कुछ आगे बढ़कर भाषा से जुड़े दूसरे मसलों को भी उठाया है। इस अर्थ में यह किताब पाठक को शब्दों के दायरे से बाहर निकाल कर भाषा-संस्कृति के व्यापक दायरे में ले जाती है।

संस्कृति, सभ्यता और समाज के विकास की धुरी भाषा है। हालांकि जानवरों और पक्षियों की भाषाएं भी होती हैं, पर मनुष्यों की भाषाओं की बराबरी कोई दूसरा प्राकृतिक संवाद-तंत्र नहीं कर सकता। अमेरिकी भाषा-शास्त्री रे जैकेनडॉफ के अनुसार हमारी भाषाएं अनगिनत विषयों, जैसे मौसम, युद्ध, अतीत, भविष्य, गणित, विज्ञान, गप्प वगैरह, से जुड़ी हैं। इसका सूचना और ज्ञान के प्रसार, संग्रह, मंतव्यों के प्रकटीकरण, प्रश्न करने और आदेश देने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है।

इंसानी भाषाओं में चंद दर्जन वाक ध्वनियों से लाखों शब्द बनते हैं। इन शब्दों की मदद से वाक्यांश और वाक्य गढ़े जाते हैं। विलक्षण बात यह है कि सामान्य बच्चा भी बातें सुनकर भाषा के समूचे तंत्र को सीख जाता है। भाषा या संवाद सांस्कृतिक और राजनीतिक-पृष्ठभूमि को भी व्यक्त करते हैं। दूसरी तरफ जानवरों के संवाद तंत्र में मात्र कुछ दर्जन अलग-अलग ध्वनियां होती हैं। इन ध्वनियों को वे केवल भोजन, धमकी, खतरा या समझौते जैसे फौरी मुद्दों को प्रकट करने के लिए कर सकते हैं। इस लिहाज से मनुष्यों की भाषा की सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक-भूमिकाओं का आकाश बहुत विस्तृत है।

इस पुस्तक में पंत जी ने भाषा के बहाने कई प्रकार के विषयों को उठाया है। सभी विषय भाषा से सीधे नहीं भी जुड़े हैं, तो उन्हें जोड़ा जा सकता है। उन्होंने किताब की प्रस्तावना में लिखा है, ह्यभाषा के बहाने उठाए गए विषयों का काल-क्षेत्र पर्याप्त विस्तृत है। समय-समय पर लिखे गए कुछ लेख भी इस पुस्तक में स्थान पा गए हैं।ह्लहिंदी के बहुत से रोचक पहलुओं पर भी कलम चली है-गाली से लेकर आशीर्वाद तक, ठग से ठुल्ला तक, शिक्षण से पत्रकारिता तक, किसान से राष्ट्रपति तक, गू से गुएँन तक, केदारनाथ से एवरेस्ट तक अनेक विषयों पर चचाएं इस पुस्तक में मिल जाएँगी। कुछ कहावतें, कुछ विश्वास, कुछ मसले, कुछ चिंताएँ और कुछ दिशाएँ।ह्ल इस लिहाज से कुछ अस्त-व्यस्त और बिखरी हुई सामग्री भी है, जिसे सधे हाथों से तरतीब दी गई है। पुस्तक में 80 छोटे-छोटे अध्यायों के अलावा दो परिशिष्ट हैं। एक में कुछ परिभाषाएं हैं और दूसरे में संदर्भ पुस्तकों की सूची।

शब्दों या गद्यांश के प्रयोग की दृष्टि किताब में तीन चौथाई से ज्यादा सामग्री रोचक विषयों से जुड़ी है। पहला आलेख है दक्षिण भारत में चलने वाले अइयो से। लेखक के अनुसार आप चाहें तो संपूर्ण दक्षिण भारत और श्रीलंका को ह्यअइयो क्षेत्रह्ल कह सकते हैं। किसी भी वातालर्प में कई बार अइयो शब्द सुनाई पड़ेगा। इस आश्चर्य बोधक शब्द का इस्तेमाल कई प्रकार के तात्कालिक भावनात्मक उद्वेगों में होता है। इसके साथ जुड़ी कथाएं हैं, सो अलग। इसी तरह पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उससे जुड़े हरियाणा के इलाकों में व्यवहृत कंगे/किंगे (किधर, कहाँ), उंगे (उधर, वहाँ), इंगे (इधर, यहाँ) शब्द तमिळ के एंगे, इंगे, उंगे के समान ही लगते हैं, रचना और अर्थ दोनों में। इसके साथ ही किताब में हिंदी कुछ अन्य बोलियों और भाषाओं में स्थानवाची क्रियाविशेषणों के लिए चलने वाले शब्दों को गिनाया गया है, जिनका भाषा-शास्त्रीय अध्ययन भी होना चाहिए। कुछ ऐसा ही इन्होंने और उन्होंने के स्थान पर इनने, उनने के इस्तेमाल के साथ है।

अंग्रेजी में स्लैंग या लिंगो से जुड़े अनेक शब्दकोश हैं, पर हिंदी में गाली या अपशब्दों का विवेचन करने से हम झिझकते हैं। पंत जी ने अपनी पुस्तक ह्यशब्दों के साथ-साथह्ल में कुछ टैबू शब्दों का ज़िक्र किया था। ऐसे शब्द, जो पूरे देश में टैबू माने जाते हैं। कुछ ऐसे शब्द हैं, जो किसी इलाके में टैबू या अटपटे हैं और दूसरे इलाके में स्वीकार्य। ह्यभाषा के बहानेह्ल में भी उन्होंने ह्यअपशब्द और जातीय गालियाँह्ल तथा ह्यगाली चर्चाह्ल शीर्षकों से कुछ गंभीर सवाल उठाए हैं। समाजशास्त्र और मनोभाषा-विज्ञान की दृष्टि से यह विषय गंभीर चर्चा माँगता है। स्त्रियों पर केंद्रित गालियों को लेकर हाल के वर्षों में गंभीर साहित्य लिखा भी गया है।

उल्लू सीधा करनाह्ल और ह्यकुछ कहावत कथाएंह्ल शीर्षक से दो लेख मुहावरों और लोकोक्तियों के पीछे की कहानियों पर रोशनी डालते हैं। ये विषय अपने आप में व्यापक अध्ययन माँगते हैं और इन कथाओं के कोश किसी को तैयार करने चाहिए। जैसाकि पंत जी ने प्रस्तावना में खुद लिखा है कि विविध विषयों-उपविषयों और अवसरों पर उन्होंने जो कुछ लिखा वह बिखरा पड़ा है। इनके प्रकाशन की कोई योजना नहीं बनाई।

अलबत्ता इस पुस्तक में कुछ ऐसे लेख हैं, जो बड़े प्रबंध या




पुस्तक का विषय हैं। मसलन उत्तराखंड की भाषाएं और उनका मानकीकरण इसी से मिलता-जुलता एक और आलेख है, कुमाउँनी में वर्षा से संबंधित अभिव्यक्तियाँ, एक और आलेख, ह्यलोकभाषाओं में वैज्ञानिक संकल्पनाएं।ह्ल इनकी सामग्री इस बात की ओर इशारा करती है कि पंत जी उत्तराखंड की भाषाओं पर अलग से पुस्तक लिख सकते हैं। वे नेपाली के जानकार भी हैं, इसलिए वे उपयोगी पुस्तक लिख सकते हैं, बहरहाल।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने का काम किया है और देश-विदेश में वे प्रायः हिंदी में ही बोलते हैं। पर उनके नए कार्यक्रमों में अंग्रेजी का इस्तेमाल विसंगति भी पैदा करता है, पर वह रोचक भी है। मसलन मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, वोकल फॉर लोकल वगैरह। ब्रेन ड्रेन के जवाब में उन्होंने ब्रेन गेन शब्द दिया। मोदी जी गुजराती भाषी हैं, उनके उच्चारण में उनकी मातृभाषा का प्रभाव है। व को ब या ह्रस्व इकार और उकार की जगह दीर्घ का इस्तेमाल। यह सहज है। संबोधन में मित्रों और भाइयों-बहनों कहना वगैरह।

**लेखकः सुरेश पंत**
**प्रकाशकः नवारुण, सी-303, जनसत्ता अपार्टमेंट्स, सेक्टर-9, गज़ियाबाद-**